CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 11 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 210 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकॉप्टर पेज 2



एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी: निशा, मुस्कान और राहुल कुंडू ने जीता स्वर्ण खेल टाइम्स




फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री! सम्पादकीय



गाजा पर कब्जे की योजना के खिलाफ उतरा तुर्की पेज 12

# बिजनौर: कुएं की जहरीली गैस से तीन भाइयों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



एक को बचाने के चक्कर में गई तीनों की जान

**बिजनौर।** कुएं की जहरीली गैस से दो सगे और एक चचेरे भाई की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से कोहराम मच गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिवाला कलां थाना अंतर्गत ग्राम सरकथल है। ग्राम में धर्मवीर सिंह के खेत है। उनका पुत्र छत्रपाल सिंह (27 वर्ष) रविवार सुबह लगभग दस बजे अपने जंगल में गया था। उसे खेतों में पानी देखना था। इस बीच वह आगे बढ़ कर खेत में बने कुएं में मौजूद अपनी मोटर को देखने लगा। उसे शक था कि कहीं चोरों ने मोटर तो पार नहीं कर दी है। वह कुएं के अंदर उतर गया। कुएं में बरसात की वजह से जहरीली गैस बन रही थी। गैस की वजह से वह बेहोश हो गया। जब वह कुएं से बाहर नहीं आया, तो उसके चाचा हरि सिंह के पुत्र हिमांशु (22 वर्ष) व कशिश (20 वर्ष) भी कुएं में झांकने लगे। उन्होंने छत्रपाल सिंह को कुएं में बेहोश पड़ा देखा। उसे बाहर निकालने के लिए वह भी नीचे उतर गए। नीचे जाकर वह भी बेहोश हो गए। यह खबर ग्रामीणों तक पहुंची। तीनों को जैसे-तैसे रस्सियों से बांध कर बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# ऑपरेशन जिंदगी: धराली में रेस्क्यू तेज, अब तक 1273 लोगों को बचाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** धराली-हर्षिल वैली में आपदा राहत कार्य के छठे दिन मौसम साफ होने के बाद हर्षिल और धराली से हवाई रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ है। रविवार शाम तक 1273 से ज्यादा लोग सेना के एमआई 17 और चिनूक समेत राज्य सरकार के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकाले गए हैं। भारत-चीन सीमा और गंगोत्री धाम को जोड़ने वाला लिम्चागाड़पुल तैयार होने से अभियान तेज होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा कर रहे हैं।





हर्षिल में बिजली-संचार व्यवस्था बहाल, सड़क की कनेक्टिविटी पर फोकस

उत्तरकाशी में आपदा राहत कार्य के छठे दिन रविवार 10 बजे मौसम साफ होने के बाद हर्षिल और धराली से हवाई रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ। अब तक 1273 से ज्यादा लोग सुरक्षित निकाले गए हैं। इनमें से 480 लोगों को शनिवार को हर्षिल और नेलांग से निकालकर जौलीग्रांट, मातली और चिन्यालीसौड़ पहुंचाया गया। हेलीकॉप्टरों के 270 सोर्टीज के जरिये चिन्यालीसौड़, जौलीग्रांट, मातली और हर्षिल से आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लोगों को पहुंचाया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार 5 अगस्त को जिले के धराली में एक स्थानीय मेला 'हरदूदू' का आयोजन भी होना था। इसमें शामिल होने के लिए उत्तरकाशी और आसपास के इलाकों से भी लोग आए हुए थे। इसके अलावा स्थानीय लोग, होटल, होमस्टे में काम करने वाले कर्मचारी और मजदूर भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। ठीक दिन के 1: 25 मिनट पर महज 34 सेकंड में खीर गंगा के रौद्र रूप में आने के बाद तबाही और राहत-बचाव कार्यों की तस्वीरें सामने आई हैं। राज्य सरकार पूरी तत्परता -शेष पृष्ठ दो पर

## रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर चार्जशीट में दावा किया है कि उन्होंने 58 करोड़ रुपये की अपराध से कमाई हासिल की। यह रकम दो कंपनियों के जरिये आई। ईडी का कहना है कि इस धन का इस्तेमाल वाड्रा ने संपत्तियां खरीदने, निवेश करने और अपनी कंपनियों के कर्ज चुकाने में किया। ईडी के मुताबिक, आरोपित 58 करोड़ रुपये में से 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के जरिये और 53 करोड़ रुपये स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएल) के जरिये आए। दोनों कंपनियां वाड्रा के कारोबारी नेटवर्क से जुड़ी बताई गई हैं।

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के करीब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तेज बारिश के कारण 300 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं। रविवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205 मी. से नीचे है। मध्य प्रदेश में भोपाल समेत आधे से ज्यादा राज्य में 24 साल में पहली बार है कि अगस्त महीने के पहले 9 दिन बिना बारिश के बीते। यहां एक मिमी भी बारिश नहीं हुई। 14 अगस्त से मौसम बदलने के आसार हैं, क्योंकि 13 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है, जो एक बड़े मानसूनी सिस्टम में बदल सकता है। यूपी में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। रविवार को भी 5 जिलों में बहुत तेज बारिश हो रही है।

## खामियां दूर करके फिर लागू होगी पीएम इंटर्नशिप योजना

**नई दिल्ली।** पीएम इंटर्नशिप योजना के पहले दो राउंड के नतीजे निराशाजनक रहे। इसके बाद केंद्र सरकार ने शीर्ष संस्थाओं से अध्ययन कराया। इसमें कंपनी की लोकेशन, एज लिमिट जैसी चार खामियां सामने आईं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने इन खामियों को दूर करके योजना को लागू करने का रोड मैप बनाया है। नए प्लान को पीएम कार्यालय को सौंपा जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बोले मोदी

# दुनिया ने नए भारत का चेहरा देखा

बेंगलुरु, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु का दौरा किया। यहां उन्होंने बेंगलुरु को कई सौगातें दीं और एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार बेंगलुरु आया हूं।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गई। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए भी आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इससे पहले उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं, जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुरु को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया है। बेंगलुरु की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती -शेष पृष्ठ दो पर



बेंगलुरु: बैंगलोर मेट्रो चरण-2 परियोजना के अंतर्गत आरवी रोड से बोम्मासंद्रा तक येलो लाइन मेट्रो को हरी झंडी दिखाते पीएम मोदी।

**कहा: ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत**

**आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंची**

## ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल का प्रमाण: सीडीएस चौहान



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। उन्होंने 21 वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों व सीडीएम, सिकंदरा बाद के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों में एकीकृत अभियानों के भविष्य की कार्य योजना को आकार देने के लिए अहम बिंदुओं का उल्लेख किया। जनरल अनिल चौहान ने प्रौद्योगिकी-संचालित आधुनिक युद्ध में विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए व्यापक क्षमता विकास, और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहरी समझ के महत्व पर बल दिया।

# जल्द हो सकता है पाकिस्तान से अगला युद्ध: आर्मी चीफ

चेन्नई, वार्ता



हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी, ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने फ्री हैंड दिया था: उपेन्द्र द्विवेदी

**भारत के** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी।


इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही पाक को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को आईआईटी मद्रास में अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (आईएआरसी) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो रविवार को सामने आया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम ऑपरेशन सिंदूर पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है, जिसने पूरे देश को प्रेरित किया।

## पूर्व उपराष्ट्रपति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर उठाए सवाल

**मुंबई/नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर सवाल उठाए हैं और इसे भारत जैसे एक लोकतांत्रिक देश के लिए गलत करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार श्री धनखड़ के बारे में जानकारी छिपाती रही, तो भारत गठबंधन बंदी प्रत्यक्षीकरण प्रावधान के तहत सुप्रीम कोर्ट जाने पर विचार करेगा।

# सबके बॉस तो हम हैं: राजनाथ सिंह

## ट्रम्प का नाम लिए बिना रक्षा मंत्री ने कसा तंज



कहा: कुछ लोग भारत के विकास से खुश नहीं

**भोपाल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के दौरे पर थे। जिले के उमरिया गांव में औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रेल कोच इकाई का भूमि पूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर हमला बोला।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा। सबके बॉस तो हम हैं। भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है? कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया इन्हें न खरीदे। यह प्रयास किया जा रहा है, लेकिन भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती। रक्षा क्षेत्र को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं। यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है, हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवादी आए और लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला। हमने भी तय किया कि हम किसी को धर्म पूछकर नहीं मारेंगे, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे। हमने ऐसा ही किया किया।

# राहुल ने 'वोट चोरी' के खिलाफ शुरू किया मिस्ड कॉल अभियान

## नेता प्रतिपक्ष ने किया समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल का आग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर फोन नंबर 9650003420 जारी किया
- इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के सांसदों का संसद से चुनाव आयोग तक मार्च आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए इस मुद्दे पर और आक्रामक रुख अपनाते हुए इसके खिलाफ मिस्ड कॉल सार्वजनिक अभियान शुरू किया है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर रविवार को फोन नंबर 9650003420 जारी कर वोट चोरी के खिलाफ जन समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ है कि पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें। श्री गांधी ने जनता से इस मुहिम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि आप भी हमारे साथ जुड़ कर वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई में हमें अपना समर्थन दें और वोट चोरी-इन/एकडिमांड पर जाएं या 9650003420 पर -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार मतदाता सूची में चल रही मनमर्जी, लोकतंत्र तबाही की ओर : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैंकड़ों लोगों के नाम चढ़ा कर लोकतंत्र को तबाह किया जा रहा है। कांग्रेस ने आधिकारिक सोशल पेज पर रविवार को एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा है कि चुनाव आयोग और भाजपा लोकतंत्र को तबाह करने पर तुले हुए हैं। पार्टी के अनुसार चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय में साफ कहा कि हम बिहार के उन 65 लाख लोगों के नाम नहीं बताएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत बिल जमा न करने वालों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** विद्युत बिल जमा करने के बावजूद विद्युत आपूर्ति न होने की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर उप्र पावर कारपा. रेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है, साथ बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं। अध्यक्ष की तरफ से सभी वितरण निगमों को जारी निर्देश जारी किया गया है।

### अब खड़गे देंगे इंडिया गठबंधन के नेताओं को डिनर

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें चुनाव आयोग पर 'वोट की चोरी', बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### सुनाई देंगी 30 अमर शहीदों की गाथाएं

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगस्त क्रांति के अवसर पर रविवार को स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों की स्मृति में तैयार किए गए शहीद वॉल पर स्मार्ट जोन का भव्य उद्घाटन इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने किया। शहीद वॉल के संस्थापक वीरेंद्र पाठक ने बताया कि स्मार्ट जोन में खड़े होकर भारतीय तिरंगे को सलामी देने पर प्रयागराज के स्वतंत्रता आन्दोलन और वहां प्रदर्शित 30 अमर शहीदों की गाथाएं स्वचालित रूप से सुनाई देंगी।

# फर्रुखाबाद और मथुरा बाढ़ की चपेट में

**फर्रुखाबाद/मथुरा**

**पानी गांवों में घुसा, ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबतें**



यूपी के फर्रुखाबाद जिले में गंगा के किनारे बसे तटवर्ती गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिससे ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। बाढ़ की चपेट में कई गांव आने की आ गए हैं। वहीं अमृतपुर तहसील क्षेत्र के चित्रकूट गांव में बाढ़ से हालात काफी खराब हो गई है। जिसमें ज्यादातर की आजीविका कृषि कार्यों पर ही निर्भर है।

बाढ़ से फसलें पहले ही तबाह हो गई है। ग्रामीण छतों पर पन्नी डालकर रहने को मजबूर हैं। जिला प्रशासन बाढ़ क्षेत्र में प्रभावित ग्रामों में मदद देने में लगा हुआ है।मथुरा में भी यमुना के उफान पर आने से देहात क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। सड़कों पर 3 से 4 फीट पानी भर चुका है। सैकड़ों बीघा खेती डूब गई है। देहात क्षेत्र के नौहझील और शेरगढ़ मार्ग पर सड़कों पर पानी बढ़ जाने के कारण लोग परेशान हैं। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण वृंदावन के केसी घाट पर पूजा स्थल और यमुना आरती के घाट पर भी पानी आ गया है।

विश्राम घाट पर यमुना नदी का जल स्तर बढ़ जाने के कारण पानी में आठ सीढ़ियां पानी में डूब चुकी हैं। यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है। मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल सिंह ने बताया कि 48 घंटे तक उत्तर प्रदेश में बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। ज्यादातर जिलों में आसमान साफ रहेगा। तापमान में 2 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जाएगी। इसके बाद फिर से मौसम करवट लेगा। 12 अगस्त से पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर भारी से ज्यादा भारी बारिश तथा 13 व 14 अगस्त को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी से ज्यादा भारी बारिश होने की संभावना है।

# उप्र सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकॉप्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**प्रशिक्षण को इटली भेजे जाएंगे पायलट, नागरिक उड्डयन विभाग ने मंजूरी देते हुए आदेश जारी किया**

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हेलीकाप्टरों में शुमार अगस्ता एडब्लू 139 जल्द यूपी सरकार के बेड़े में शामिल होगा। इस हेलीकॉप्टर खरीद की मंजूरी के साथ ही तीन पायलटों को विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा।

नागरिक उड्डयन विभाग ने इसकी मंजूरी देते हुए आदेश जारी कर दिया है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की निर्माता कंपनी इटली की लियोनार्डो हेलीकाप्टर है, जो पायलटों को हेलीकॉप्टर की उड़ान के लिए तकनीकी और आपात स्थिति में लैंडिंग का प्रशिक्षण देगी। इसके तहत कैप्टन अमित कुमार भूटानी और कैप्टन अक्षय जायसवाल को 13 अगस्त से 10 अक्तूबर तक और कैप्टन राजेश कुमाार शर्मा को 9 अक्तूबर से 27 नवम्बर तक विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा। विदेश यात्रा के दौरान उनके हवाई किराया, दैनिक भत्ता, होटल, बीमा, वीजा शुल्क आदि पर 50. 40 लाख रुपए के खर्च को शासन ने मंजूरी दे दी है। अमित और अक्षय पर प्रति पायलट 17. 61 लाख रुपए और राजेश शर्मा पर 15.18 लाख रुपए खर्च होंगे। प्रदेश सरकार हेलीकाप्टर के अलावा एक नया अत्याधुनिक चार्टर्ड प्लेन भी खरीदने की तैयारी कर रही है। चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर खरीदने में 600 से 700 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इससे पहले मायावती और अखिलेश यादव के शासनकाल में चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर की खरीद हुई थी।

योगी सरकार में पहली बार चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला हुआ है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर के साथ फांस के में बने फ्लेकन या बाम्बार्डियर चार्टर्ड प्लेन को लेकर विचार किया जा रहा है। अमेरिका और यूरोप की चार बड़ी कंपनियों ने चार्टर्ड प्लेन के लिए अपना प्रस्ताव दिया है। नागरिक उड्डयन विभाग के मुताबिक नया चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर खरीद के साथ ही सरकार के हवाई बेड़े में पांच चार्टर्ड प्लेन और चार हेलीकॉप्टर हो जाएंगे। देश के किसी भी राज्य की सरकार के पास इतने चार्टर प्लेन और हेलीकॉप्टर नहीं हैं। मायावती सरकार में वर्ष 2008 में एक बीचक्राफ्ट प्रीमियर 1-ए जेट और हाकर 900 एक्सपी खरीदा गया था। अखिलेश यादव की सरकार में एक बीचक्राफ्ट 200 टर्बोप्राप एयरक्रॉफ्ट और एक बेल 412 हेलिकॉप्टर खरीदा गया था।

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की खूबियां**

अधिकतम रफ्तार 278 किलोमीटर प्रति घंटा, बुलेटप्रूफ बाडी, मशीनगन फिट करने की सुविधा, दो पायलट की क्षमता, तीन ताकतवर इंजन, हवा में ईंधन भरने की क्षमता, सबसे बड़ा केबिन 8. 3 फीट चौड़ा, 6.1 फीट ऊंचा, अधिकतम वजन 15,600 किलो।

## उप्र मानसून सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में सभी दलों से मांगा सहयोग

# जनता से जुड़े मुद्दों पर हो सार्थक चर्चा: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सोमवार से शुरू होगा, 16 अगस्त तक चलेगा सत्र, हंगामा होने की उम्मीद**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार की विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने सभी दलों के नेताओं से सदन चलाने के लिए सहयोग मांगा।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा मोना, ओम प्रकाश राजभर, डा. संजय निषाद, रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया मौजूद रहे । विधानसभा का मानसून सत्र 11 अगस्त से शुरू होकर 16 अगस्त तक चलेगा। हालांकि सदन की कार्यवाही केवल चार दिन ही चलेगी, क्योंकि 15 अगस्त और 16 अगस्त को जन्माष्टमी का अवकाश रहेगा। माना जा रहा है कि इस बार का मानसून सत्र काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। बैठक में एसआईआर और समाजवादी पार्टी की पीडीए पाठशाला के मुद्दे पर हंगामा होने की संभावना है। बारिश की वजह से पूर्वांचल के कई जिलों में आई बाढ़ से जनजीवन प्रभावित है। इसको लेकर भी विपक्ष हंगामा कर सकता है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है, हालांकि प्रतिपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार केवल चार दिन का सत्र आयोजित कर जनता के मुद्दों पर चर्चा कराने से भाग रही है। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुम्बद का लोकार्पण किया।

### राहुल गांधी के आरोपों का मामला अब तूल पकड़ रहा है: प्रमोद तिवारी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में राज्य सभा सांसद और विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को अपने घर प्रयागराज में कहा कि चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के आरोपों का मामला अब तूल पकड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी अब इस मुद्दे पर लंबी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है। राज्यसभा सांसद व विपक्ष के उपनेता ने कहा कि 11 अगस्त को पूरा विपक्ष संसद भवन से निर्वाचन आयोग तक मार्च करेगा। इसमें सभी सांसद शामिल होंगे। ये हमारा हक है और भाजपा इसे रोकने की कोशिश न करे। तिवारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के पास जाकर हम कहेंगे ये पेपर, सबूत और तथ्य हैं, ये आप ही के हैं। अब हमें डॉक्यूमेंट दें, डेटा उपलब्ध कराएं। आयोग अब आप हमें जवाब दें। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन के पास एक शानदार मौका होगा कि संपूर्ण विपक्ष के नेता उनके दरवाजे पर पहुंचेगे इलेक्शन कमीशन को चाहिए कि वह डेटा दे और स्पष्टीकरण दे। ये जो कुहासा, अंधेरा और जो चोरी पकड़ी गई है, उसका स्पष्टीकरण इलेक्शन कमीशन आप को देना होगा। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन चाहे, तो हर दल से दो या तीन सांसद को बुला ले और सबकुछ साफ कर दे।

# केरल व पं. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए केन्द्र: विहिप

**लखनऊ, वार्ता**

**दोनों राज्य इस्लामिक मोड़ पर खड़े**

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने रविवार को कहा कि केरल और पश्चिम बंगाल आज खतरनाक मोड़ पर खड़े हैं। दोनों राज्य मुस्लिम राष्ट्र के रूप में खुद को भारत से अलग करने की साजिश रच रहे हैं। यही वजह है कि यहां लव जिहाद और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह देश के लिए दूसरा विभाजन साबित हो सकता है। सरकार को चाहिए कि तुरंत इन दोनों राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाए, ताकि वहां की देश विरा. धी ताकतों को कुचला जा सके। लखनऊ में रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गोपाल राय ने कहा कि इन राज्यों में जो घटनाएं हो रही हैं वे किसी संयोग का नतीजा नहीं, बल्कि सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हैं। 1947 में भी ठीक यही माहौल बनाया गया था, जिसके बाद देश का विभाजन हुआ और पाकिस्तान बना। आज केरल और बंगाल में वही तस्वीर दोहराई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल और बंगाल में यह सिर्फ कानून- व्यवस्था का संकट नहीं है, बल्कि भारत की अखंडता, संप्रभुता और अस्तित्व के लिए सीधा खतरा है। अगर हिंदू समाज अब भी नहीं जागा, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80583.99
निफ्टी 24574.20

सोना रु. 102710
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 117100
प्रति किलो



# महंगाई के आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुख

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका में भारतीय सामानों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने से उत्पन्न चिंता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह भी गिरावट जारी रही और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की टूटकर बंद हुए।

निवेशक आने वाले सप्ताह में भी आयात शुल्क पर स्थिति और स्पष्टत होने का इंतजार कर सकते हैं। ऐसे में निवेशक अभी बाजार में कोई बड़ा दाव लगाने में सावधानी बरत सकते हैं। निवेशकों की निगाह मुद्रास्फीति के नए आंकड़ों पर भी होगी, जो अगले सप्ताह ही जारी किए जाने वाले हैं। खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ 12 अगस्त को और थोक मुद्रास्फीति का आंकड़ा 14 अगस्त को आएगा। सप्ताह के दौरान बड़ी कंपनियों में ऑयल इंडिया, ओएनजीसी, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और आईआरसीटीसी के परिणाम भी जारी होने हैं, जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। पिछले सप्ताह बाजार में गिरावट दर्ज की गई, जो लगातार छठी साप्ताहिक गिरावट थी। बीएसई का सेंसेक्स इससे पिछले सप्ताहांत की तुलना में 742.12 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़ककर 79,857. 79 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 0.82 प्रतिशत (202.05 अंक) टूटकर शुक्रवार को 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 9 मई के बाद का निचला स्तर है। बाजार में बिकवाली चौतरफा रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक भी 0.86 प्रतिशत टूटा। कमजोर निवेश धारणा के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.37 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 लाल निशान में और 15 हरे निशान में बंद हुए। सप्ताह के दौरान इंफोसिस के शेयर सबसे ज्यादा 3.19 प्रतिशत टूटे। सनफार्मा में 2. 60 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक में 2.38 फीसदी की गिरावट रही। टाटा मोटर्स, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलिवर और कोटक महिंद्रा बैंक भी दो प्रतिशत से अधिक का नुकसान उठाने वालों में रहे। टाइटन का शेयर सबसे ज्यादा 4.39 फीसदी चढ़ा। टाटा स्टील में 3.27 प्रतिशत, टेक महिंद्रा में 2.84 प्रतिशत और ट्रेंट में 2.51 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.27 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### रुपए में 42 पैसे की साप्ताहिक गिरावट

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से बीते सप्ताह रुपया 42.50 पैसे (0.49 प्रतिशत) लुढ़ककर 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। रुपए के लिए यह सप्ताह उतार चढ़ाव भरा रहा। पहले दो दिन इसमें बड़ी गिरावट रही और मंगलवार को यह 87.88 रुपए प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। वहीं बुधवार और गुरुवार को मजबूत होने के बाद शुक्रवार को मामूली गिरावट के साथ 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले के सप्ताह में भी रुपया 62 पैसे टूटा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली से भारतीय मुद्रा दबाव में रही।

बीते सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अगस्त में अब तक 156.4 करोड़ डॉलर की शुद्ध बिकवाली की है। साथ ही, दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मजबूती से भी रुपए पर दबाव बढ़ा।

# गेहूं-चीनी मजबूत, चावल नरम, दालों में रही घट-बढ़, ,खाद्य तेल हुए महंगे

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह गेहूं के औसत भाव बढ़ गए जबकि चावल में हल्की गिरावट रही। गुड़ और चीनी में भी साप्ताहिक तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में तेजी देखी गयी जबकि दालों में उतार-चढ़ाव रहा।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत तीन रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,802.20 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं गेहूं 10 रुपए महंगा होकर 2,849.23 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 16 रुपए बढ़ी और यह 3,317.21 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया। सरसों तेल के दाम में औसतन 168 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी देखी गई। मूंगफली तेल की कीमत 60 रुपए और वनस्पति की 20 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। सोया तेल 57 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान सूरजमुखी तेल 20 रुपए और पाम ऑयल 42 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 42 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई, जबकि मसूर दाल 42 रुपए फिसल गई। वहीं तुअर दाल में दो रुपए प्रति क्विंटल की मामूली गिरावट दर्ज की गयी। उड़द दाल करीब 12 रुपए और दाल मूंग 10 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त में रही। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 58 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 48 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

दाल-दलहन: दाल चना 7958.30 रुपए, मसूर काली 8140.35 रुपए, मूंग दाल 10142.08 रुपए, उड़द दाल 10464.55 रुपए, अरहर दाल 10839. 22 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.23 रुपए और चावल 3802.20 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327.81 रुपए और गुड़ 4992.58 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन जिंदगी...**

से राहत और बचाव कार्यों में लगी हुई नजर आ रही है और तो और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न सिर्फ उत्तरकाशी पहुंच गए हैं, बल्कि तीन दिनों तक वहीं प्रवास किया है, ताकि राहत-बचाव कार्यों की नजदीक से मॉनिटरिंग हो सके। इस त्रासदी में अभी दर्जनों लोगों के लापता होने की सूचना हैं। साफ है कि धराली में हुई तबाही उससे बहुत ज्यादा है, जो सरकार के आंकड़े कह रहे हैं। राहत और बचाव की चुनौतियां भी बड़ी हैं। आने वाले दिनों में जब तस्वीर साफ होगी तब पता चलेगा कि नुकसान कितना हुआ है।

**दुनिया ने...**

10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अब हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमने यह गति कैसे हासिल की? यह हमें रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना से मिली है। हमने यह गति नेक इरादों और ईमानदार प्रयासों से हासिल की है। उन्होंने कहा कि 2014 में मेट्रो सिर्फ पांच शहरों तक सीमित थी। अब 24 शहरों में 1000 किलोमीटर से ज्यादा का नेटवर्क है। 2014 से पहले लगभग 20,000 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण था। हमने पिछले 11 वर्षों में ही 40,000 किलोमीटर से ज्यादा रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया है। 2014 तक भारत में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 160 से ज्यादा हो गई है। जलमार्गों के आंकड़े भी उतने ही प्रभावशाली हैं। 2014 में सिर्फ 3 राष्ट्रीय जलमार्ग चालू थे। अब ये संख्या बढ़कर 30 हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल समाधानों की पहुंच गांव-गांव तक पहुंच गई है। दुनिया के 50 फीसदी से ज्यादा रीयल-टाइम लेन-देन भारत में यूपीआई के जरिये होते हैं। तकनीक की मदद से हम सरकार और नागरिकों के बीच की खाई को पाट रहे हैं। अब हम एआई-संचालित खतरे का पता लगाने जैसी तकनीकों में भी निवेश कर रहे हैं। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि देश में डिजिटल क्रांति का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। बेंगलुरु इस प्रयास में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मौजूदा उपलब्धियों में हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता टेक-आत्मनिर्भर भारत होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और ज्यादा प्राथमिकता दें और नए उत्पाद विकसित करने में तेजी से आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें बंगलूरू से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं। इस दौरान कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो चरण-2 परियोजना के आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक एलो लाइन का उद्घाटन किया। इसकी लंबाई 19 किलोमीटर से अधिक है। इसमें 16 स्टेशन हैं, जिसकी लागत लगभग 7,160 करोड़ रुपये है। पीएम मोदी ने आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। इसके अलावा पीएम मोदी ने 15,610 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो रेल चरण-3 परियोजना की आधारशिला भी रखी। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यहां उन्होंने एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित भी किया।

**राहुल ने...**

मिस्ड कॉल दें। यह लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की है। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने के आरोप के बाद इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार को संसद से निर्वाचन कार्यालय तक मार्च करेंगे। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करवा रहा है और भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है। श्री गांधी के आवास पर पिछले सप्ताह आयोजित डिनर में इस विषय पर चर्चा के बाद तय हुआ था कि गठबंधन दलों के सांसद इस मुद्दे पर संसद भवन से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। मार्च का आयोजन सोमवार 11 अगस्त को हो रहा है।

# सीबीएसई की आंसर-शीट्स का होगा डिजिटल मूल्यांकन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की आंसर शीट्स का डिजिटल मूल्यांकन किए जाने का फैसला लिया है। इसके लिए बोर्ड के द्वारा कुछ एजेंसियों का चयन किया जाएगा, इन एजेंसियों के पास स्कूल बोर्ड या यूनिवर्सिटीज की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन करने का पहले अनुभव होना चाहिए। सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिए गए इस निर्णय में सदस्यों ने सुझाव दिया कि बोर्ड के अलग-अलग क्षेत्रीय कार्यालयों में कुछ विषयों में पायलट प्रोजेक्ट्स के पूरा होने के बाद ही 10वीं-12वीं के सभी विषयों में मूल्यांकन लागू किया जा सकता है। इससे पहले भी आंसर-शीट्स के मूल्यांकन के समय को कम किए जाने और मूल्यांकन में अधिक सटीकता लाने के मकसद से सीबीएसई ने वर्ष 2014 में अपने कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत 10वीं की बोर्ड परीक्षा और उसके अगले साल यानी 2015 में दिल्ली में 12वीं की बोर्ड परीक्षा के कुछ विषयों के लिए डिजिटल मूल्यांकन को लागू किया था। सीबीएसई के निर्णय को माने, तो आंसर-शीट्स के डिजिटल मूल्यांकन के लिए इस तरह की एजेंसियों का चयन किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दिनदहाड़े चार युवकों को चोर समझकर पीटा

## पुलिस जांच में बेकसूर पाए आरोपी, गलत फहमी में घर में घुसने पर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के इंदिरा कॉलोनी में रविवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक घर में घुसे चार युवकों को चोर समझकर लोगों ने पकड़ लिया। देखते ही देखते 'चोर-चोर' का शोर पूरे मोहल्ले में फैल गया और मौके पर जुटी भीड़ ने चारों को लात-घूंसों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। बाद में पुलिस जांच में वे निर्दोष निकले।

रविवार सुबह करीब 10 बजे चार युवक एक महिला के साथ इंदि.रा कॉलोनी में किसी परिचित का पता पूछते हुए पहुंचे। बताया जाता है कि पते की गलतफहमी में वे सीधे एक घर में दाखिल हो गए, जहां अब वह व्यक्ति नहीं रहता था। घर के परिजनों ने अनजान चेहरों को देखकर शक जताया और तुरंत 'चोर-चोर' का शोर मचा दिया। शोर सुनते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। हाल ही में इलाके में चोरी की घटनाओं से आक्रोशित लोगों ने किसी की बात सुने बिना युवकों पर हमला कर दिया। भीड़ ने उन्हें घेरकर लात-घूंसों व थप्पड़ों से जमकर पीटा। बचाव की गुहार लगाने पर भी किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। इसी दौरान सूचना पाकर सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कच्ची सड़क पुलिस चौकी से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। चारों युवकों को महिला के साथ हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। वहां की गई गहन पूछताछ में पता चला कि युवक अपनी उधारी की रकम लेने आए थे और पते की गलती से गलत घर में घुस गए थे। पुलिस ने प्राथमिक जांच में आरोप सही न पाए जाने पर पीड़ित पक्ष को विश्वास में लेकर युवकों को छोड़ दिया। इस दौरान उनके शरीर पर चोट के निशान साफ दिख रहे थे। पुलिस का कहना है कि शहर और देहात में चोरी की घटनाओं के डर और गुस्से में लोग खुद 'न्याय' करने लगते हैं, जिससे निर्दोष भी शिकार बन जाते हैं। पुलिस लगातार अपील कर रही है कि किसी भी संदिग्ध के बारे में तुरंत सूचना दें, लेकिन खुद कार्रवाई करने से बचें। बावजूद चेतावनियों के, ऐसे मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

### चोर आने की अफवाह पर फायरिंग का शौक पड़ रहा भारी

**मुजफ्फरनगर।** शहर और देहात में रोजाना बदमाशों और चोर आने का शोर मच रहा है अब यह अफवाह लोगों के लिए जान लेवा भी साबित होने लगी है। रामपुर गांव में शुक्रवार देर रात बदमाशों के आने की अफवाह से मचे शोर शराबे के बीच तमंचे से चली गोली ने तेरह वर्षीय किशोर की जान ले ली। छपार थाना क्षेत्र के गांव रामपुर के पूर्व प्रधान प्रशांत शर्मा का तेरह वर्षीय पुत्र अंश घर में सोया हुआ था। रात के ढ़ाई बजे के बाद चोर आने का शोर मचा तो अंश भी जागा और तमंचे से फायरिंग करने का प्रयास भी किया। गोली उसको छूती हुई पेट में जा लगी जिससे वह मृत घोषित हो गया। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी फायरिंग की घटनाएं साबित हो रही है नोसिखिए युवा अवैध हथियारों से फायरिंग करने के शोक में अपनी ही जान के दुश्मन बने हुए है।

# अलग-अलग दो अग्निकांड से दहशत

## जनरल स्टोर में आग से हजारों का सामान जला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के निर्धना मोड़ पर स्थित एक जनरल स्टोर में रविवार को अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना के समय दुकान बंद थी, जिसके चलते किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

चरथावल थानाभवन रोड के गांव निर्धना मोड़ पर शाहनवाज उर्फ सोनू की जनरल स्टोर की दुकान में अचानक धुआं उठता देखा गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर और बाल्टी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने दुकान के अंदर रखे किराना, खाद्य सामग्री और अन्य सामान को पूरी तरह जला दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी से हजारों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित दुकानदार को मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## अचानक आग का गोला बनी सड़क पर दौड़ती कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कस्बे के रोहाना मार्ग पर स्थित गांधी इंटर कॉलेज के पास एक चलती कार में आग लगने से हडकंप मच गया कार में सवार लोगों ने तुरंत समझदारी दिखाते हुए गाडी से कूदकर अपनी जान बचाई कार में आग लगने की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

हापुड़ जनपद के निवासी अमित कुमार पुत्र श्रीप्रताप थाना चरथावल क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर में अपनी ससुराल आया हुआ था।रविवार सुबह वह अपने साले के साथ कार में सवार हो कही जा रहा था।चरथावल कस्बे के रोहाना मार्ग पर चलती कार में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घटना के दौरान कार में सवार लोगों ने तुरंत समझदारी दिखाते हुए गाडी से कूदकर अपनी जान बचाई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। सौभाग्य से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है।




ज़ज्बा दौड़ के विजेताओं को सम्मानित करते डॉ. निर्वाल, मीनाक्षी स्वरूप व सत्यप्रकाश रेशू।



मुजफ्फरनगर: ज़ज्बा दौड़ को झंडी दिखाते अतिथिगण।



मुजफ्फरनगर: एक जैसी टी-शर्ट पहनकर देश के लिए दौड़ते हजारों छात्र-छात्राएं।

# दिखा राष्ट्रवाद का ज़ज्बा, एक साथ दौड़े बच्चे, युवा-बुजुर्ग

## 40 विजेताओं को लॉटरी ड्रा के जरिए दिए गए आकर्षक उपहार, दो को मिले नए स्कूटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के जीआईसी. मैदान से ऑपरेशन सिंद.ूर को समर्पित जज्बा दौड़-11 का शुभारंभ नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अन्य अतिथियों के साथ मिलकर भगवा ध्वज लहनाने के साथ किया।

रविवार को मंत्री कपिल देव जीआईसी मैदान पर लोगों के बीच पहुंचे और राष्ट्रवाद की अलख जगाने का काम किया। राष्ट्रगान एवं राष्ट्रध्वज के सम्मान के साथ प्रारंभ हुई इस दौड़ में नगर की सड़कों पर हजारों प्रतिभागियों का उत्साह देश के प्रति मर मिटने वाले शहीदों और बलिदानियों को समर्पित रहा। समर्पित युवा समिति द्वारा देशभक्ति की भावना के साथ आयोजित जज्बा दौड़ में हर आयु वर्ग के लोगों ने अपनी हिस्सेदारी निभाई। संगठन के अध्यक्ष एवं सभासद अमित पटपटिया, समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशू तथा उनकी समर्पित टीम ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाएँ सफलतापूर्वक संभालीं। अपने संबा.ेधन में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि जज्बा दौड़ केवल खेल का आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और समाजसेवा की भावना को जगाने का एक जीवंत प्रतीक है। आज ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को नमन करते हुए हम यह संकल्प लें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विक.सित भारत' के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल जीआईसी मैदान से सीधे मेरठ के लिए रवाना हो गये और वहां से वंदे भारत ट्रेन के जरिये वो लखनऊ प्रस्थान कर गये, सोमवार से वो यूपी विधानसभा के मानसून सत्र में हिस्सेदारी करेंगे। वहीं जीआईसी मैदान पर पहुंची नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने उपस्थित बच्चों, युवाओं और नगरवासियों से आगामी स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारे त्याग, बलिदान और एकता का प्रतीक है।

इस 15 अगस्त को हम सब मिलकर घर-घर पर तिरंगा फहराएँ और यह संदेश दें कि देश का हित धर्म और जाति से पहले हर भारतीय के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने बच्चों के साथ यहां सेल्फी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशू ने कहा कि हर बार जज्बा दौड में शामिल जनपदवा.सियों की संख्या बढ़ना इस बात का प्रतीक है कि हम सब अपने देश को अपनी एक जुटता के बलबुते आगे ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है।

वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने कहा कि देश के समक्ष जोभी चुनौतियां है उन्हे हम मिल जुलकर ही दूर कर सकते है। भाजपा नेत्री ममता अग्रवाल ने भी सभी का उत्साहवर्धन किया। ज़ज्बा दौड़ में शामिल बच्चों को यह जानकार निराशा हुई कि सांसद अरूण गोविल नहीं आ रहे है।

इस दौरान दौड़ में विजेताओं को भी पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, समाजसेविका भाजपा नेत्री ममता अग्रवाल, श्रीमोहन तायल, बिजेन्द्र पाल, विशाल गर्ग, रुचि शर्मा, मनी पटपटिया, संजीव अरोरा, हरीश अरोरा, अजय अनेजा सहित हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया।

ज़ज्बा दौड़ के साथ मुजफ्फरनगर के विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर व शाम के समय तिरंगा जागरूकता रैली भी निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर तिरंगा ध्वज लगाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे है। बाजारों में तिरंगा लेकर जब सैकडों लोग निकलते है तो देश प्रेम का अनोखा जज्बा हिलौरे मारने लगता है।

# सत्यपाल मलिक का शव अस्पताल से बाहर फेंका जा रहा था: हरेंद्र मलिक

**■ राजकीय सम्मान न मिलने का भी लगाया आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष पहले ही उनके अंतिम संस्कार को राजकीय सम्मान न मिलने के कारण सरकार और भाजपा पर आरोप लगा रहा है, ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुजफ्फरनगर से सांसद हरेंद्र मलिक ने आरोप लगाया कि अस्पताल के डॉक्टर पूर्व राज्यपाल की डेड बॉडी को तुरंत बाहर ले जाने पर अड़े थे और बेटे के आने तक इंतजार करने को तैयार नहीं थे। यहां तक की बॉडी को बाहर फैंकने तक के लिए कह दिया गया था। सांसद ने नाराजगी जताते हुए इसे परंपराओं का अपमान बताया। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का 5 अगस्त (मंगलवार) को लंबी बीमारी के बाद आरएमएल अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने दोपहर 1:12 बजे अंतिम सांस ली थी। वे किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे और 11 मई को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती किए गए थे।

सत्यपाल मलिक जम्मू-कश्मीर, बिहार, गोवा और मेघालय के राज्यपाल रहे। उनके कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया था।दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुजफ्फरनगर से समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि 5 अगस्त को पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन के बाद डॉक्टर उनकी डेड बॉडी को अस्पताल के कमरे से हटाकर बाहर रखने की बात कह रहे थे। हरेंद्र मलिक के अनुसार, उन्होंने और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने अस्पताल प्रशासन से अनुरोध किया कि बेटे के आने तक पार्थिव शरीर को वहीं रहने दिया जाए, लेकिन डॉक्टर मानने को तैयार नहीं थे। प्रधानमंत्री का शोक संदेश आने के बाद ही शव को थोड़ी देर के लिए रो.कने का निर्णय लिया गया।सपा सांसद ने कहा कि सरकार ने परंपराओं को तोड़ा है। हिंदुस्तान में परंपरा रही है कि मौत के बाद सारी दुश्मनियां भुला दी जाती हैं और केवल अच्छाइयां याद रखी जाती हैं, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ।

हरेंद्र मलिक ने कहा कि निधन की खबर मिलते ही मैं दोपहर करीब 3 बजे आरएमएल अस्पताल पहुंचा। वहां भाजपा नेता नरेश सिरोही, आरएलडी नेता और बागपत सांसद राजकुमार सांगवान, किसान यूनियन के युद्धवीर सिंह और सांसद दीपेंद्र हुड्डा पहले से मौजूद थे। डॉक्टर शव को हटाने पर अड़े थे। यहां तक कि अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट ने कर्मचारियों से कहा कि उनकी बॉडी को उठाकर बाहर फेंक दो। यह बेहद अपमान.जनक था।

उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि यह देश है खाता ना बही, जो यह कर दे वही सही। आज उनके साथ हुआ है, कल किसी और के साथ भी ऐसा ही कुछ हो सकता है। सपा सांसद के द्वारा मीडिया को दिये गये इस बयान के बाद पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन के बाद सरकार पर उठ रहे सवालों के बीच एक नया विवाद छिड़ गया है।

# अंगदान जागरूकता अभियान रैली आज

**■ रोटरी क्लब ने छेड़ी जागरूकता की मुहिम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब व कलनंदा ब्लड सैन्टर ने अंगदान जागरूकता की मुहिम चलाते हुए ग्यारह अगस्त को वाकथान रैली का आयोजन किया है। जिसमें मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली का सह संयोजक रहेगा।

रीजनल ऑर्डिनेटर रो सुनील सोबती और नोजल कोऑर्डिनेटर सुनील अग्रवाल ने बताया कि वॉकथॉन का शुभारंभ सोमवार को सुबह आठ बजे सर्विस क्लब से होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मंडलाध्यक्ष नितिन अग्रवाल व कंट्री कोऑर्डिनेटर ऑर्गन डोनेशन राजेश मित्तल व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया करेगे। उन्होने बताया कि झांसी की रानी रोड होते हुए यह रैली सनातन धर्म सभा भवन पर समापन होगी। इसमें स्कूली बच्चें, स्काउट गाइड और दो पहिया वाहन शामिल होगे। इस दौरान अनिल, सुनील कुमार अग्रवाल, विनय शर्मा, रविन्द्र, नितिन जैन, प्रशांत जैन रहे।




मुजफ्फरनगर: पत्रकारों को जानकारी देते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

## युवक को पेड़ से बांधकर पीटने का वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** भोपा थाना क्षेत्र में मेला देखने आए युवक को चोर समझकर पकड़कर पेड से बांधने के बाद पीटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसकी जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ जिसमें कुछ लोग एक युवक को पेड़ से बांधकर उसकी पीटाई कर रहे है। वीडियो में भीड़ नजर आ रही है वीडियो भोपा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में पड़ताल में आया कि सामने सात अगस्त की है।

# जयंती पर फूलन देवी को याद कर किए पुष्प अर्पित

## पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ने उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महिला शक्ति सम्मान की प्रतीक वीरांगना फूलन देवी की जयंती मनाते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में वीरांगना फूलन देवी के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने कहा कि जिस तरह के अत्याचार, उत्पीड़न व भेदभाव का सामना फूलन देवी द्वारा किया गया, लेकिन साहस व महिला शक्ति का अहसास कराते हुए उन्होंने उत्पीड़न के विरुद्ध कड़ी आवाज उठाकर संघर्ष किया, वो सराहनीय है। वीरांगना फूलन देवी के संघर्ष को सम्मान व मुकाम देते हुए सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने मुख्यमंत्री रहते हुए उनको लोकसभा में भेजकर पीडीए के सम्मान को बरकरार रखा। समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी,जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, प्रदेश सचिव सपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ सुमित पंवार बारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा डॉ इसरार अल्वी, सभासद शहजाद चीकू, सभासद सुंदर सिंह सभासद हसीब राणा, सपा नेता मीर हसन, रामपाल सिंह पाल, अली अब्बास जैदी,फैसल राणा एडवोकेट, रविन्द्र गुर्जर, इरफान मलिक सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नरसिंहानंद का सपा सांसद पर वार

## उत्तराखंड त्रासदी वाले बयान की निंदा कर बताया पागल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सपा सांसद एसटी हसन का उत्तराखंड त्रासदी को लेकर दिया गया बयान अब सियासी हलकों की सुर्खिया बनने लगा है। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने उनके बयान की निंदा करते हुए कहा कि एसटी हसन मानव नहीं बल्कि राक्षस है और वह एक आदमखोर पागल है।

दरअसल उत्तराखंड त्रासदी को लेकर सपा के मुरादाबाद सांसद एसटी हसन द्वारा उत्तराखंड त्रासदी को लेकर बयान दिया था कि मदरसों पर बुल्डोजर चला है इसलिए उत्तराखंड में तबाही आई है। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद रविवार को मुजफ्फरनगर दौरे पर आए और उन्होने लोगों के साथ माँ बगलामुखि महायज्ञ और गीता ज्ञान यज्ञ की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए मीडिया से बात की अपने विवादों के लिए चर्चित रहने वाले यति नरसिंहानंद ने सांसद एसटी हसन पर भडास निकालते हुए कहा कि उन्होने मुस्लमानों की औकात और असली सौच दुनिया के सामने रख दी है जिसके लिए वह बधाई के पात्र है। महाराज ने कहा कि जैसे-जैसे मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है वैसे-वैसे असली लोग दुनिया के सामने आ रहे है। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व के गैर मुस्लिमों को समझने की जरूरत है कि ये गैर मुस्लिमों के प्रति ये ही सौच रखते है। जब भी दुनियां में कही भी गैर मुस्लिमों पर कोई आपदा आती है तब यह इसी तरह से प्रसन्नता जाहिर करते है। उन्होने कहा कि इस प्रकार की सोच रखने वाले आदमखोर पागल को सोचना चाहिए कि उत्तराखंड में तो केवल अवैध मस्जिद और मदरसों पर कार्यवाही हो रही है, लेकिन मुस्लिमों ने हर जगह दूसरे धर्म के मानने वालों के आस्थ स्थल तक तोडे है।



## चोर की दहशत में बुजुर्ग को पीटा

**मुजफ्फरनगर।** चोर आने की अफवाह के साथ ही अब लोग पुरानी रंजिश को लेकर भी अपना हित साधने लगे है। ऐसा ही एक मामला जमीनी रंजिश से जुडा सामने आया है पीड़ित परिवार की शिकायत पर चार भाईयों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव खुसरोपुर में घर में घुसकर एक बुजुर्ग के साथ मारपीट की गई। हमलावरों ने आरोप लगाया कि बुजुर्ग के पास कुछ संदिग्ध लोगों का आना-जाना है और वह संदिग्ध लोगों को संरक्षण दे रहा है। चोर आने की चर्चा के बीच ग्रामीणों ने बुजुर्ग को संदिग्ध लोगों को बुलाने से मना किया था।

# सैकड़ों लोगों ने एक साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**शाहपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा आज पार्टी के दिशा निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा यात्रा निकल गई। तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई वापस कार्यालय पर संपन्न हुई आज भाजपा हाई कमान के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनिश त्यागी, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी एवं मंडल उपाध्यक्ष अरविंद पाल आदि के नेतृत्व में स्टेट बैंक के पास से वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी समाजसेवी अरविंद पाल के कार्यालय से भाजपा की तिरंगा यात्रा तिरंगा बाइक यात्राा निकाली गई। नगर के मेंन बाजार, मंगलापुरी मंडी आदि स्थानों से होकर वापस कार्यालय पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान ने फीता काटकर किया। इस दौरान विवेक बालियान ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमें देश की आन बान शान के लिए जज्बा पैदा करती है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अरविंद पाल ने कहा कि पार्टी का यह कार्यक्रम अपने आप में बेमिसाल है तथा युवाओं को देश प्रेम के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, वरिष्ठ नेत्रा रोग विशेषज्ञ डा.. प्रदीप सिंह चौहान, डाक्टर अमित पाल, विराट सैनी, मंडल अध्यक्ष मनीष त्यागी, डाक्टर अरविंद त्यागी, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूबी, मंडल उपाध्यक्ष डा. कविता सैनी, ग्राम शाहडब्बर प्रधान नीरज राठी, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डा. गौरव सैनी, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, भाजपा नेता कपिल सैनी, युवा भाजपा नेता ऋषभ गोयल, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, डा. लोकेंद्र बालियान, फैसल पठान, दिव्यांश अग्रवाल, हर्षित जैन, सुहैल कुरैशी आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



शाहपुरः शाहपुर में तिरंगा यात्रा ने जगाया देश प्रेम।

# हुसैनाबाद भनवाडा व नंगला में की गई नई नियुक्तियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांवों हुसैनाबाद भनवाडा और नंगला मे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठकें हुई। गांव हुसैनाबाद भनवाडा मे ताहिर लियाकत को बुढाना ब्लाक उपाध्यक्ष और भूरा तौफीक को गांव अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अक्षय त्यागी, तहसील अध्यक्ष सुभाष मलिक, तहसील प्रभारी सत्येंद्र मलिक, ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर, घनश्याम सैनी, ओम कैलाश बालियान, हसरत राणा जोगियाखेडा, महरु, इंशाद, नौशाद मैदी, सत्तार, फारूक, जरीफ, अबरार, जाहिद, उमरा, इकबाल और इमरान आदि ग्रामीण मौजूद रहे। इसके अलावा ग्राम नंगला में भी एक मीटिंग हुई। जिसमे महताब सलामु को ग्राम अध्यक्ष, अनीस रहीस अहमद को न्याय पंचायत अध्यक्ष और अल्लाद्दीन फरजन्दा को ब्लाक सचिव नियुक्त किया गया। यहां अली मुबारक, कारू, बबलू, सोनू, हसीन, ब्लाक उपाध्यक्ष ताहिर और भूरा तोफीक आदि ग्रामीण मौजूद रहे।`स्थानों पर संगठन को भी मजबूत करने पर बल दिया गया और नये पदाधिका. रियों को मुबारकबाद देने के बाद दोनों गांवों के नये अध्यक्षों को दस दिन के भीतर कार्यकरिणी गठित करने के लिए भी कहा गया। ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर ने दोनों बैठकों की जानकारी दी।



# भाकियूअ जिलाध्यक्ष ने रास्ते के विवाद को सुलझाया

**बुढ़ाना।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के गांव नगवा में आज रविवार के दिन भारतीय किसान यूनियनघ अराजनैतिक के कार्यकर्ताओ और कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा ने बैठक में आए हुए गांव नगवा के कुछ किसानों की समस्याओं को सुनते हुए उनके बीच एक मार्ग को लेकर काफी दिनों से चल रही तनातनी को दोनों पक्षों की बात को ध्यानपूर्वक सुनकर समाप्त करवाया।

जिसके चलते दोनों पक्षों की सहमति बन गयी। इसके बाद सभी की सहमति से गांवघ नगवा के हरिओम सिंह भगत को भाकियूअ का ग्राम नगवा का अध्यक्ष बनाकर उनको हाथों हाथ नियुक्ति पत्र सौंपा और संगठन को मजबूत करने को कहा। इस दौरान यहां बैठक में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष ठाकुर अमित सिंह, बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार, तहसील उपाध्यक्ष जाबिर राणा, ठाकुर मुकेश सिंह, ठाकुर कंवर पाल सिंह, ठाकुर चंद्र किरण सिंह, कुलदीप सिंह, ठाकुर प्रदीप सिंह, ठाकुर सिप्पटर सिंह और ठाकुर जोगेन्द्र सिंह सहित अन्य कई भाकियूअ कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की भी उपस्थिति देखने को मिली।



# चोरी करने छत पर चढ़ा चोर लोगों ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** चोरी करने की नीयत से एक मकान की छत पर चढे हुए एक चोर को भागदौड़ करते हुए गुस्साई पब्लिक ने पकड़ लिया और मारपीट कर मौके पर आई बुढ़ाना पुलिस को सौंप दिया जबकि बाइक सवार उसका दूसरा साथी बाइक सहित भाग जाने में सफल रहा।

तब पकड़े गये चोर की निशानद. `ही पर पुलिस ने दूसरे चोर को भी बाइक सहित एक स्थान से पकड लिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे और क्षेत्र में रोजाना रात में कहीं ना कहीं पर चोर आने का शोर मच रहा है। इसी कडी में एक बाइक पर सवार दो युवक बुढ़ाना कस्बे की एक्सचेंज वाली गली निवासी पूर्व सभासद राधेश्याम ठेकेदार के घर के पास बीती शनिवार की देर रात लगभग 09 बजे खड़े हो गये। जिनमें से एक चोर मौका पाकर राधेश्याम के मकान की छत पर चढ़ गया।

जिसको किसी किशोरी ने देख लिया और उसने शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर बाइक सवार चोर जो कि गली में खड़ा था वह तो बाइक सहित भाग खड़ा हुआ जबकि छत पर चढ़ा दूसरा चोर शोर सुनकर नीचे गली में कूद गया और भागने लगा तो मौके पर आए लोगों ने भागदोड कर घेरकर चोर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। उधर किसी व्यक्ति के द्वारा घटना की सूचना पाकर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चोर को अपने कब्जे में कर फरार चोर की तलाश शुरु कर दी। तब चोर की निशानदेही पर दूसरा चोर भी पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों चोरों से पूछताछ शुरु कर दी है।

# सतगुरु समनदास महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन

**मोरना।** बृहमलीन संत सतगुरु समनदास महाराज की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, भारी संख्या मे आये श्रद्धालुओं ने गुरु बन्दगी की रात्रि मे सतसंग का आयोजन किया जायेगा।

शुकतीर्थ स्थित संतशिरोमणि गुरु रविदास एवं सतगुरु समनदास आश्रम के संस्थापक बृहमलीन संत सतगुरु समनदास महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को क्षेत्र व दूर दराज से आये श्रद्धालुओं ने बृहमलीन संत की मूर्ती के सम्मुख माथा टेककर गुरुबन्दगी की तथा आश्रम के अधीष्ठा महात्मा गोरधनदास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। देर शाम गुरु आरती की गयी व रात्रि मे सतसंग का आयोजन किया जायेगा। आश्रम के सेवक संदीपदास ने बताया की रात्रि मे सतसंग के उपरांत सोमवार की सुबह सवेरे गुरु आरती की जायेगी तथा विशाल भंडारे का आयोजन होगा। वहीं कार्यक्रम मे श्रद्धालुओं की भीड़ की सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। रविवार दोपहर डॉग स्कवायड़ द्वारा आश्रम के बाहर व गंगा घाट आदि पर निगरानी की गयी। श्रद्धालू गहरे पानी मे स्नान के लिए न जाएं इसके लिए गंगा घाट पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। क्षेत्राधिकारी डॉ. रविशंकर मिश्रा व थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।



# रक्षाबंधन पर रक्षा का वचन देने के बजाए की पिटाई

**बुढ़ाना।** एक कलयुगी भाई ने किसी मामूली सी बात पर खास रक्षाबंधन के त्यौहार के दिन अपनी बहन की पिटाई कर दी। आरोपी की पत्नि ने अपनी ननद की पिटाई का खुलकर विरोध किया तो पति ने उसे भी डांट डपटकर चुप कर दिया। इस मामले में बहन की तरफ से तहरीर मिलते ही बुढाना पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। बताया जाता है कि हर वर्ष रक्षाबंधन के त्यौहार के दिन सभी भाई अपनी बहनों से राखी बंधवाकर जीवन भर उसकी सुरक्षा करने का वचन देते हैं लेकिन एक भाई ने तो सारी हदें पार करते हुए रक्षाबंधन के दिन ही मामूली सी बात पर अपनी बहन की पिटाई कर दी। संगीता पत्नि इंद्रजीत निवासी गांव रायपुर नंगली थाना रतनपुरी हाल निवासी जनपद लुधियाना पंजाब राज्य बीते कल रक्षाबंधन के दिन अपने भाई संजीव पुत्र राज सिंह निवासी गांव गढ़ी सखावतपुर बुढाना के घर राखी बांधने आई हुई थी। ना जाने किसी मामूली सी बात पर दोनों भाई बहन में बहस हो गयी तो गुस्से में आकर भाई संजीव ने अपनी बहन संगीता की खूब पिटाई कर दी और तुरंत मकान से बाहर निकल जाने को कहा। इसका विरोध आरोपी की पत्नि मोनिका ने किया तो संजीव ने अपनी पत्नि मोनिका को भी धमका दिया। तब दोनों ननद व भाभी संगीता व मोनिका दोपहर के समय बुढ़ाना कोतवाली में पहुंची और पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी। ये घटना गांव में चर्चा का विषय बनी है।

# वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल ने किया जागरण का उद्घाटन

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली में बीती शनिवार की देर रात रक्षाबंधन के त्यौहार पर आयोजित किए गये माता भगवती के विशाल जागरण में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ में पहुंचे मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल का जहां एक और सैंकड़ों ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों एवं फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया वहीं दूसरी और उनके कर कमलों के द्वारा दीप प्रज्वल्लित करवाकर जागरण का शुभारम्भ फीता काटकर करवाया।

इस दौरान बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक भी उपस्थित रहे। यहां पर पूरी रात रविवार की अल सुबह तक मां भगवती का भव्य जागरण चला और श्रद्धालु जमकर झूमे। इस जागरण में राधा कृष्ण, हनुमान और भगवान शिव की झांकी ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

मां भगवती के इस जागरण में आकर्षक और सुंदर झांकियों के साथ माता के भजनों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते नजर आए। जागरण में माता रानी के भव्य स्वरूप को आकर्षक अंदाज में सजाया गया। आसपास के गांवों से भी कई श्रद्धालुओं ने दरबार में नत मस्तक होकर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नतें भी मांगी। अलसुबह जागरण का आरती के साथ समापन हुआ। सभी अतिथियों का आयोजक ने फूल मालाओं से नागरिक अभिनंदन भी किया।



# भाकियू नेता की सजगता से बड़ी घटना होने से बची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र की सफीपुर पटी मंदवाडा रोड पर एक बड़ी घटना होने से बच गयी। यहां पर खड़े 11 हजारी लाइन के एक लोहे के विद्युत खंभे में करंट उतर गया।

अगर आते जाते हुए किसी राहगीर, मौहल्ले के किसी व्यक्ति का हाथ या फिर कोई वाहन इस खंभे से जरा सा भी टच हो जाता तो कोई भी बड़ी घटना हो सकती थी। इस खंभे में नीचे करंट की वजह से आग की लपटे उठ रही थी और चारों तरफ भीड़ जमा थी। तब किसी ग्रामीण की इसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट बुढाना के नगर अध्यक्ष इसरार अहमद को दी तो उन्होंने तुरन्त मौके पर पहुंचकर खंभे से आग निकलती देखी तो तुरंत विद्युत एक्सईएन अजीत कुमार यादव को फोन कर इसकी सूचना दी तो उनके निर्देश पर तुरंत मौके पर विद्युतकर्मी आए और कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बंद कर खंभे के करंट को खत्म किया और उसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल की। कुल मिलाकर भाकियू नेता इसरार अहमद की सजगता से बड़ी घटना होने से टल गयी। लोगों ने इसके लिए भाकियू नेता इसरार अहमद का आभार जताया है।

## अब्दुल को एआईएमआईएम का कोषाध्यक्ष बनाया

**बुढ़ाना।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद मुस्लिमीन के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी की संस्तुति पर बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के शिकारपुर गांव निवासी अब्दुल कादिर को आजम फारुकी ने बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र का कोषाध्यक्ष बनाया है।घ उनको जो लैटर जारी किया गया है उसमें कहा गया है कि ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रति आपके निरंतर योगदान और संघर्ष को दुष्टिगत रखते हुए आप को बुढ़ाना ब्लाक का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। आप पार्टी की विचारधारा का प्रचार बढ़ाने के साथ साथ प्रसार करेंगें और प्रत्येक नगर में कर्मठ लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे। पार्टी को शक्तिशाली बनाना तथा इसकी नीतियों को जनमानस में फैलाना ही आपका मात्र ध्येय होना चाहिए। हम आश्वासत है कि आप पद में रुचि रखते हुए अपने दायित्व की पूर्ति करेंगें और आप निष्ठा एवं परिश्रम से सांसद असद्दुदीन औवैसी के नेत्तव में प्राप्त उपलब्धियों और कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार कर ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन को शक्ति प्रदान करेगें। दूसरी और आज रविवार को बुढ़ाना में एक सादे समारोह में अब्दुल कादिर को नियुक्ति पत्र दिया गया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**खतौली।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा खतौली पंजीकृत के तत्वाधान में श्री परशुराम भवन, जमुना विहार, खतौली में रविवार को मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष पंडित के. पी. शर्मा ने की और संचालन महामंत्री पंडित मुकेश शर्मा ने किया।

सम्मान समारोह में 10वीं, 12वीं, बी.एससी. एवं अन्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह और श्रीमद्भागवत गीता प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों ने बच्चों को समाज में फैल रही बुराइयों से दूर रहने, पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने तथा बड़ों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को भी मंच से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनुज मुदगल के साथ-साथ डॉ. अंकुर शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, मुरलीधर शर्मा, उदयराम शर्मा, विवेक तिवारी और बाबूराम शर्मा को समाजहित में किए गए सराहनीय योगदान के लिए सभा द्वारा सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस सफल आयोजन के संयोजक विनोद शर्मा रहे, जिन्होंने पूरी व्यवस्था और समन्वय में अहम भूमिका निभाई। समारोह में नगर और आस-पास के क्षेत्रों से गणमान्य लोग अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# राष्ट्रपति मुर्मू से मिलकर भाव-विभोर हुईं द स्काईलैंड की छात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** रक्षाबंधन के सुबह अवसर पर क्षेत्र की प्रमुख शिक्षण संस्था द स्काईलैण्ड स्कूल की छात्राओं अंशिका गोयल, अविका गुप्ता, अविका बालियान, वंशिका बालियान, अवनी कुमारी ने स्कूल प्रबंधक मनोज गोयल के साथ राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में भाग लिया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, इसके उपरांत महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में पूरे देश से आए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए सभी बच्चों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारे देश में पेड़ पौधों को भी रक्षाबन्धन की आवश्यकता है, हमे पेड़ पौधों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए और घर जाकर हम सभी को पेड़ पौधे लगाने हैं हमे देखकर हमारे साथी बच्चे भी पेड़ पौधे लगायेंगे इस से पर्यावरण की सुरक्षा में मदद मिलेगी। इसके बाद सभी बच्चों ने राष्ट्रपति को रक्षासूत्र बांधे। विधालय की छात्राओं ने राष्ट्रपति को हाथ से बनी एक पेंटिंग भी भेट की।



**सूचना**

मैंने अपना नाम Ravinder Kumar से बदलकर Ravindra Kumar रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए

**रविंद्र कुमार पुत्र श्री चंद**
**निवासी मड करीमपुर**
**तहसील खतौली**
**मुजफ्फरनगर।**

# समाजसेवियों ने विधायक मदन भैया से की मुलाकात

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक मदन भैया से रविवार को क्षेत्र के समाजसेवियों ने मुलाकात कर सड़क निर्माण सहित कई जनहित के मुद्दों पर चर्चा की। गाजियाबाद के ग्राम जावली स्थित विधायक आवास पर पहुंचे खतौली के पूर्व चेयरपर्सन पुत्र एवं समाजसेवी काजी नबील अहमद ने बुढ़ाना रोड अंडरपास के निकट मेरठ की ओर जाने के लिए एनएच-58 पर एक सर्विस रोड के निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि बुढ़ाना रोड पर पांच स्कूल-कॉलेज और दो विवाह मंडप स्थित हैं, लेकिन मेरठ जाने के लिए सीधा रास्ता न होने से लोगों को पुराने और जोखिमभरे मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। वहीं, राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव तासीर हसन ने विधायक से खतौली की शाबान कॉलोनी में मिट्टी भराव, नाली और सड़क निर्माण की मांग की।

उन्होंने बताया कि कच्ची सड़क और नाली न होने के कारण बरसात व गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाती, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। विधायक मदन भैया ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वा. सन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और कई सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी हाजी यूसुफ, श्रीवीर प्रधान, शादाब जाट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# मनकामेश्वर शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा प्रारम्भ

**मुज़फ्फरनगर।** भारतिया कॉलोनी स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव शिव मंदिर परिसर में आज से आगामी 16 अगस्त तक चलने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा का भव्य शुभारम्भ आज हो गया है।

कथा का वाचन प्रख्यात कथा व्यास पं. श्री अरुण मिश्रा 'श्री स्वामी जी' द्वारा किया जाएगा। श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज ने किया। श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का आयोजित की जा रही है। कथा स्थल श्री मनकामनेश्वर महादेव शिव मंदिर, भारतिया कॉलोनी, मुज़फ्फरनगर पर बड़ी संख्या में लोगों ने कथा श्रवण किया। श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज ने किया। तत्पश्चात कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया। इसके बाद श्री गणेश वेदी पूजन किया गया।

कथा में 11 अगस्त, सोमवार शुकदेव जी का जन्म, वराह अवतार, 12 अगस्त, मंगलवार नृसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, 13 अगस्त, श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं नन्दोत्सव कथा, 14 अगस्त, श्री कृष्ण बाल लीलाएँ, 15 अगस्त रुक्मणी विवाह, 16 अगस्त सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। इसके बाद आगामी17 अगस्त को हवन (सुबह 8 बजे) से किया जाएगा।उसी दिन विशाल भंडारा दोपहर 12 बजे किया जाएगा। कथा आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और भक्ति का लाभ लेने की अपील की है।



**आवश्यक सूचना**

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मांगेराम पुत्र स्व: रामपाल सैनी हाल निवासी बेगराजपुर मेडिकल थाना मन्सूरपुर जिला मुजफ्फरनगर मेरे कहने सुनने में नहीं है पिछले 4 साल से परिवार से मांगेराम का कोई सम्बन्ध किसी किस्म का नहीं है यदि मांगेराम कोई विधि विरुद्ध कार्य करता है या लेनदेन करता है तो उसके लिये मांगेराम स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके किसी भी कृत्य लेन देन या वाद विवाद के लिए मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**सुनीता पत्नी स्व. रामपाल सैनी**
**निवासी- अभीपुरा,**
**थाना मंसूरपुर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# घटने लगा नदियों का जल स्तर, मुश्किलों से निजात को जागी उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना ब्लॉक् क्षेत्र मे बहने वाली सोलानी नदी, बाण गंगा मे आई बाढ़ से क्षेत्र के अनेक गांव प्रभावित हैं।

मुख्य मार्गो पर जल भराव के कारण बाढ़ ग्रस्त ग्रामो का सम्पर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है।वहीं नदियों के जल स्तर मे आई कमी से जारी मुश्किलों से निजात मिलने की आशा जागी है।

शुकतीर्थ मे रविवार की दोपहर गंगा घाट पर गंगा का जलस्तर 226.260 मीटर दर्ज किया गया जबकि शनिवार को 226.500 मीटर दर्ज किया गया था। केंद्रीय जल आयोग के जल पाठक राधे श्याम ने जानकारी देकर बताया की रविवार को दर्ज रिपोर्ट चेतावनी बिन्दु से 24 पवाईंट कम है।वहीं शुकतीर्थ के निकटवर्ती गांव



बिहारगढ़ के प्रधान संजय चौहान ने बताया की गांव की अधिकतर खेती गंगा किनारो पर होती है।सभी फसलों मे बाढ़ का पानी भरा हुआ है।किसानो ने जंगलो मे जाना बंद किया हुआ है। नदी का जल स्तर कुछ कम हुआ है। प्रशासन को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र मे नाव आदि की व्यवस्था करनी चाहिए।

वहीं मजलिसपुर तौफीर, महाराज नगर, खैरनगर, सिताबपुरी आदि गांव मे बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार मुख्य मार्ग पर पानी भरे होने के कारण छोटे वाहनों का आवागमन बंद है।वहीं जंगल से सटी आबादी मे पानी भरा हुआ है। अनेक परिवार ऊपरी स्थानों पर शरण लिए हुए हैं।

### फसलों के खराब होने की बनी चिंता

खादर क्षेत्र मे बाढ़ का पानी गन्ने व चारे की फसलों मे भरा हुआ है। मजलिसपुर ग्राम पंचायत के प्रधान योगेश चौहान ने बताया की बाढ़ से गन्ने की फसल को नुकसान हुआ है। अगर पानी कम नहीं हुआ तो किसानो को भारी आर्थिक नुकसान होगा। वहीं शुक्रताल खादर मे भी गन्ने की फ़सले जलमग्न हैं। किसान फसलों के नुकसान को लेकर चिंतित हैं।

# सर्वसमाज को हमेशा खलेगी महताब ठेकेदार की कमी

**मीरापुर/मुजफ्फरनगर।** ग्राम कैथोडा प्रधान हाजी शमीम अहमद कुरैशी के छोटे भाई महताब ठेकेदार के निधन के दूसरे दिन उनके आवास पर पहुंचे पूर्व सांसद कादिर राणा, वरिष्ठ सपा नेता कुंवर देवेंद्र सिंह आदि ने उनके निधन पर रंजो ग़म का इज़हार किया। यहां उन्होंने ग्राम प्रधान हाजी शमीम, ठेकेदार के पुत्र शाहबाज कुरैशी, व अन्य परिवार वालों को सांत्वना देते हुए महताब ठेकेदार को नेकदिल इंसान बताते हुए ईश्वर से उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की। पूर्व सांसद कादिर राणा ने कहा कि महताब ठेकेदार की कमी गांव व देहात को हमेशा ही खलती रहेगी। कहा कि महताब ठेकेदार के आकस्मिक निधन से हृदय को गहरा आघात पहुंचा है। कुंवर देवेंद्र सिंह ने कहा कि ईश्वर की मर्जी के आगे हम सब लाचार हैं। कुंवर ने कहा कि हम सब ईश्वर की अमानत है। उसकी जब मर्ज़ी हो वो हमें बुला लेता है। इसमें कोई कुछ नहीं कर सकता। वरिष्ठ सपा नेता अली जामिन ज़ैदी ने कहा कि हम सबको एक न एक दिन मौत का ज़ायका चखना है। लेकिन अपने बीच से किसी भी अपने का अचानक से चले जाना जीवन भर दुख देता हैं। अली जामिन ने ग्राम प्रधान को सांत्वना देते हुए सब्र करने की बात कहते हुए मरहूम के लिए दुआएं मगफिरत भी की। यहां समाजसेवी सिराजुद्दीन अंसारी, हाजी अब्दुल सत्तार कुरैशी, साबिर कुरैशी नेताजी, शमीम अहमद रामराज, समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान, साहिब आलम, वरिष्ठ सपा नेता शाहिद कुरैशी, दानिश कुरैशी कैथोडा, पत्रकार शादाब आलम, फरीद अहमद कुरैशी, अरशद हयात कुरैशी, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# आर्य समाज स्थापना दिवस पर रोहिणी दिल्ली में होगा विशाल सम्मेलन



**खतौली।** आर्य समाज जीटी रोड खतौली में आयोजित बैठक में आर्य प्रति. निधि सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र पाल आर्य ने बताया कि आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक रोहिणी, दिल्ली में सर्वदेशिक आर्य समाज द्वारा एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्व के लगभग 40 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद ने समाज सुधार और राष्ट्र जागरण के लिए जीवनभर कार्य किया। महिलाओं के उत्थान, दलितों को पंडित बनने का अधिकार, जातिगत भेदभाव का उन्मूलन और स्वतंत्रता संग्राम के लिए युवाओं को प्रेरित करने जैसे उनके कार्य आज भी प्रेरणास्रोत हैं। राम प्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, अशफाक उल्ला, रोशन सिंह, राजेंद्र लाहिड़ी, लाला लाजपत राय, विजय सिंह पथिक, स्वामी श्रद्धानंद जैसे क्रांतिकारी उनके विचारों से प्रभावित होकर आजादी के आंदोलन में कूद पड़े थे। देवेंद्र पाल आर्य ने सभी आर्य समाज कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से एक-एक बस भरकर इस सम्मेलन में पहुंचे। जिला प्रधान सतेंद्र आर्य और प्रधान धनेंद्र तोमर ने कहा कि प्रचार-प्रसार को तेज कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को सम्मेलन से जोड़ा जाएगा। बैठक में धर्मेंद्र तोमर, राजपाल आर्य, जगदीश सिंह, अनिल आर्य, सुरेश आर्य, दयानंद अहलावत, जसबीर राणा, ठाकुर राजपाल सिंह, रविंद्र आर्य, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। मंच पर धनेंद्र तोमर (प्रधान आर्य समाज जीटी रोड), बीच में देवेंद्र पाल वर्मा (अध्यक्ष आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश) और उनके साथ सत्येंद्र आर्य (अध्यक्ष जिला आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर) उपस्थित थे।

# चोरों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**जानसठ।** पुलिस अभी चोरी की घटना को एक दिन पहले खोल ही पाई थी, कि पुन: अज्ञात चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए थाना क्षेत्र के गांव पिमोडा के जंगल में टयूबवेलो को निशाना बनाकर वहा रखा बिजली के उपकरण व ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। ग्रामीणों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है चोरी की घटना को खोलने की मांग की है। क्षेत्र में जंगलो में चोरों का साम्राज्य कायम है जहां जंगलों में इक्का दुक्का व्यक्ति जाने से घबरा रहा है। जबकि इससे पूर्व में पुलिस का इतना दबदबा था लोग कहने लगे थे कि भाजपा ने कुछ दिया हो या ना दिया हो लेकिन भाजपा शासनकाल में हर कोई सुरक्षित है जिसके चलते व्यक्ति कहीं भी बेधड़क आ जा सकता है। लेकिन कुछ समय से जो अन्य पार्टी के शासनकाल में हुआ करता था। वह नजारा आजकल देखने को मिल रहा है जिसके चलते हर कोई व्यक्ति अपने को असुरक्षित सा महसूस कर रहा है। इसी कड़ी के चलते गत रात्रि अज्ञात चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए जानसठ थाना क्षेत्र के गांव पिमौडा के जंगल गांव निवासी वकील प्रधान पुत्र अनवार , नज़र मौहम्मद पुत्र हाजी सालिम की टयूबवेलों से बिजली के उपकरण एवं वहां रखा ट्रांसफार्मर से तांबे का तार निकालकर ट्रांसफार्मर को जंगल में फेंक कर अज्ञात चोर घटना को अंजाम देकर वहां से फरार हो गए सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके और घटना का मौका मुआयना किया। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है ।

# पीडीपी वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा




**चरथावल।** कस्बे में रविवार को पीडीपी वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ साथ ही बैठक में वर्ष भर आने वाली समस्याओं पर भी मंथन के साथ किया गया। चरथावल कस्बे में उपाध्यक्ष डॉक्टर उस्मान के क्लीनिक पर रविवार को पीडीपी वेल्केयर एसोसिएशन की तिमाही बैठक का आयोजन डॉक्टर तैयब अंसारी की अध्यक्षता व डॉक्टर अरशद त्यागी संचालन मे सम्पन्न हुआ।बैठक में पूरे साल के कामकाज के साथ-साथ पूरे साल में आने वाली परेशानियों के बारे में चर्चा की गई साथ ही साथ कुछ अहम मुद्दों के विषय में भी चर्चा की गई। बैठक में संगठन के लगभग सभी पदाधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।इस मौके पर अध्यक्ष डॉक्टर साजिद त्यागी,उपाध्यक्ष डॉक्टर तैयब अंसारी,डॉक्टर उस्मान चरथावल, महासचिव डॉक्टर शमीम कासमी, सचिव डॉक्टर शमीम कुरेशी, उपकोषाध्यक्ष डॉक्टर खालिद अंसारी, प्रवक्ता डॉक्टर अरशद त्यागी, संगठन सचिव डॉक्टर साजिद मलिक, संरक्षक डॉक्टर इमरान त्यागी, विशेष सलाहकार डॉक्टर लियाकत अंसारी ,डॉक्टर मुंतज़िर त्यागी, मीडिया प्रभारी डॉक्टर जरार, डॉ. इंतजार, डॉक्टर रूपचंद , डॉक्टर कामिल, डॉक्टर सोमपाल, डॉक्टर फुरकान, डॉक्टर साजिद, अमीन नगर, हकीम मोहम्मद, नौशाद, डॉक्टर उस्मान चरथावल आदि सदस्य गण मौजूद रहे।

# 13 अगस्त की सभा को सफल बनाने को किया दौरा

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर कलां में आज रविवार की देर रात आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के ग्राम अध्यक्ष सोमिल मलिक के आवास पर आने वाली 13 तारीख को बुढ़ाना कस्बे के फैज गार्डन में होने वाली पार्टी की सभा को सफल बनाने का आह्वान बैठक में उपस्थित ग्रामीणों से किया गया। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डाक्टर मेहताब चौहान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। इस दौरान डोर टू डोर जनसंपर्क भी किया गया। इस दौरान एआईएमआईएम नेता सैय्यद बाबर, ज़िला महासचिव आजम फारूकी, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, काजिम हुसैनपुरी, रिहान मलिक और इरुान सिद्दीकी आदि कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# 13 अगस्त को निकाली जाएगी तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरांपुर/जानसठ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत हाई कमान के आदेशानुसार जानसठ तहसील पर भाकियू 13 अगस्त को 9:00 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायगा।

भाकियू टिकैत के ब्लाक अध्यक्ष योगेश बालियान, मण्डल महासचिव मास्टर महकार सिंह, ने जानकारी देते हुए बताया कि जानसठ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता 13 अगस्त को जानसठ तहसील मुख्यालय हाई कमान के आदेश अनुसार किसान तिरंगा यात्रा निकल जाएगी जों जिसका 13 अगस्त को 9:00 बजे खतौली तिराहे से प्रारंभ होगी भाकियू टिकैत की तिरंगा यात्रा खतौली तिराहे से शुरू होकर तालडा मोड़ तक जायेंगी उसके पश्चात खतौली तिराहे पर ही आकर तिरंगा यात्रा का समापन होगा।

उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में खतौली तिराहे पर इकठा होने तथा अनुसान का पालन करते हुए किसान तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की किसानों से अपील की है। भाकियू मंडल महासचिव मास्टर महकार सिंह ने बताया कि तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में किसानों के पहुंचने की उम्मीद है तथा 50 से 60 ट्रैक्टर लगभग तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे।

# चेयरपर्सन के समर्थन में खुलकर आए सभासद इमरान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल को बीती 17 जून को नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी ने अपना समर्थन एक पंचायत के दौरान दिया था लेकिन लोग इस समर्थन को पचा नहीं पा रहे थे।

कोई कह रहा था कि सभासद इमरान कुरैशी से उनके समाज के कुछ लोगों ने चेयरपर्सन को जबरदस्ती समर्थन दिलवाया है तो कोई कह रहा था कि ये समर्थन जल्दी ही समाप्त हो जाएगा लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए वार्ड सभासद इमरान कुरैशी ने बीती रात अपने कांधला रोड नई बस्ती स्थित आवास पर एक खुली मीटिंग करके उसमें चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सुबोध त्यागी और उनके सैंकड़ों समर्थकों को बुलाया और कहा कि वे पोने दो महीने पहले चेयरपर्सन को अपना समर्थन अन्य तीन सभासदों सलीम कुरैशी, इकबाल कुरैशी और राशिद कुरैशी के साथ दे चुके हैं। हम विकास कार्यों के शुरु होने को लेकर चेयरपर्सन के साथ थे हैं और रहेंगे। अब हमारा चेयरपर्सन से किसी भी तरह का कोई भी मनमुटाव नहीं है। कस्बे का विकास हो रहा है और हमें विकास ही चाहिए। हमें इसमें कोई राजनिति नहीं करनी है। राजनिति करेंगे तो जनता का ही नुकसान होगा। चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुबोध त्यागी ने भी सभासद इमरान कुरैशी को भरोसा दिलाया और कहा कि जो विकास कार्य इमरान कुरैशी ने हमें बताए हैं वे होंगे और उनका भी



शुरु से ये ही उद्देश्य रहा है कि कस्बे की कोई भी गली विकास कार्यो से अछूती ना रहे। यहां इकबाल कुरैशी उर्फ़ बालू सभासद वार्ड 16, सलीम कुरैशी सभासद वार्ड 3, राशिद कुरैशी वार्ड 14 सभासद, हाशिम कुरैशी, सज्जाद कुरैशी, कालू कुरैशी, जमशेद अंसारी, महताब अंसारी, शानू कुरैशी, नवाब कुरैशी, शाहनवाज कुरैशी, अबरार कुरैशी, मुस्तकीम कुरैशी, मोहम्मद अनस, शाहिद कुरैशी, शाहरुख मंसूरी, आरिफ कुरैशी, अमन मंसूरी और इरफान मंसूरी आदि लोग मौजूद थे।

# बालाजी धाम मंदिर में लगाया सवामणि का भोग

**शाहपुर।** नगर में आस्था का केंद्र बन चुके सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर में आज सवामणि का भोग लगाया गया। जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाहपुर नगर में आस्था का केंद्र बन चुके सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर में आज कस्बे के प्रमुख समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल के द्वारा बालाजी महाराज को सवामणि का भोग लगाया गया। इस दौरान सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी वीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि मंदिर में लगातार 40 दिन तक देसी घी का दीपक जलाने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर में बालाजी महाराज के दिव्य दर्शन के साथ साथ प्रेतराज सरकार, भैरव बाबा, अंजनी माता, शिव परिवार, खाटू श्याम, माता



शेरावाली आदि के दर्शन होते हैं। मंदिर समिति के द्वारा 27 अप्रैल को प्रतिवर्ष भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी मणिकांत मित्तल, सिद्ध मित्तल, राधा मित्तल, प्रिया वर्मा, स्नेहा, मीनाक्षी मित्तल, शैली मित्तल, नंदिनी मित्तल, शिखा मित्तल एवं मंदिर समिति से पंकज गोयल, अतुल सिंघल, भाग्य शर्मा, अमन मित्तल, विनीत मित्तल, संजय नामदेव, राजकुमार बंसल, देशराज बंसल, नितिन मित्तल आदि का विशेष योगदान रहा। अरुण कुमार मित्तल, अमन मित्तल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# श्रावण पूर्णिमा पर झारखंड महादेव मंदिर में संध्याकालीन महाआरती सम्पन्न

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास पूर्णिमा के पावन अवसर शनिवार को झारखंड महादेव देवालय, शिवपुरी में संध्याकालीन महाआरती का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा से निरंतर चल रही इस संध्याकालीन महाआरती श्रृंखला का समापन 9 अगस्त को हुआ।महाआरती से पूर्व मुख्य यजमान संजीव कुमार शर्मा, शशि भारद्वाज, अर्जित भारद्वाज, राधिका भारद्वाज ने परिवार सहित भोले बाबा का रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया। तत्पश्चात संध्या आरती में मुख्य यजमानों के साथ विजय माहेश्वरी, मिथलेश माहेश्वरी, दर्पण माहेश्वरी और अंशिक माहेश्वरी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। झारखंड महादेव देवालय एक सिद्धपीठ मराठा कालीन मंदिर है, जिसका नाम इसके चारों ओर फैली झाड़ियों के कारण पड़ा। मान्यता है कि यहां श्रद्धा से मनोकामना करने वाले भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल समेत मदन छाबड़ा, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय गोस्वामी, विजय माहेश्वरी, शुभम टेलर्स, रमेश कुमार, सुनील कुमार अलीपुर, अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, सुनील बजाज, पंकज भटनागर (पूर्व सभासद), संजीव मिश्रा, अनिल वर्मा (ज्वैलर्स), दीपक शर्मा, रमेश चंद, प्राची अग्रवाल, उपासना अग्रवाल, कमलेश देवी, मालती शर्मा, कृष्णा वर्मा, शशि उपाध्याय, आरती, ऐश्वती गोस्वामी, नीरज मिश्रा सहित अनेक भक्तों का विशेष सहयोग रहा। आरती यज्ञाचार्य कमलेश मिश्रा एवं अनुराग शास्त्री द्वारा सम्पन्न कराई गई। आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया गया और मंदिर समिति ने पूरे श्रावण मास में आरती में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीणों ने संदिग्ध को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**छपार।** गांव में पहरा दे रहे ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। शनिवार की रात्रि में गांव खुडडा में ग्रामीण पहरा दे रहे थे। रविवार की सबह लगभग तीन बजे एक युवक दिखाई दिया जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया ओर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आई। सुबह गांव कुछ लोग प्रधान मुफीद को लेकर थाने पहुंचे ओर पुलिस से उसके बारे में जानकारी चाही तो बताया गया कि अभी पूछताछ चल रही है। गांव में लोग रोजाना रात्रि में जागकर पहला दे रहे हैं।

# श्री राम कॉलेज में बीबीए के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के बीबीए के छात्र-छात्राओं का अन्तिम वर्ष में रिजल्ट शत प्रतिशत रहा तथा सभी विद्यार्थी अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए। बीबीए अंतिम वर्ष की छात्रा पलक ने सबसे अधिक 80.55 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषभ गर्ग ने 79.28 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली राधिका ने 78. 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बीबीए की छात्रा पलक ने अपनी सफलता पर ईश्वर को धन्यवाद देते हुए कहा कि सफलता का श्रेय गुरूजनों एवं माता-पिता को जाता है। उन्होंने कहा कि गुरूजनों द्वारा दिये गये मार्ग दर्शन एवं ज्ञान के फलस्वरूप जीवन में यह स्वर्णिम दिन आया है। वहीं उन्होंने कहा कि अध्यापकों द्वारा समय-समय पर दिये गये टिप्स परीक्षा में मद्दगार साबित हुए है तथा माता-पिता का सहयोग एवं प्रेरणा महत्वपूर्ण रही है।द्वितीय स्थान पर रहे ऋषभ गर्ग ने कहा कि उन्हें महाविद्यालय के अनुशासन और प्रवक्ताओं द्वारा दिये गये टिप्स और महाविद्यालय के शैक्षिक वातावरण के फलस्वरूप ही यह सफलता प्राप्त हुई है।तृतीय स्थान पर रही राधिका ने कहा कि पुस्तकालय में सभी विषयों पर अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिन्होंने हमें अध्ययन में बहुत मद्द की। सभी ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपनी मेहनत, लगन तथा महाविद्यालय के अच्छे वातावरण को दिया।इस अवसर पर श्री राम समूह के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ ने बीबीए के सभी विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी तथा कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है तथा कॉलेज का नाम रोशन कर रहे है। उन्होनें सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें आगे भी अपने जीवन में इसी प्रकार की सफलतायें अर्जित करते हुये अपने कॉलेज और अपने माता पिता का नाम रोशन करते रहना चाहिये।इस अवसर श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल व उपप्राचार्य डॉ0 सौरभ मित्तल ने भी अध्यापकों को उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मिली सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में विद्यार्थियों की सफलता एवं उज्जवल भविष्य अध्यापकों पर निर्भर करता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विवेक कुमार त्यागी ने विभाग के सभी अध्यापकों की मेहनत से पिरोये हुये परीक्षाफल को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग में पिछले सालों से भी ज्यादा सेमिनार तथा



विशेषज्ञों के आयोजन का फल आज हमारे छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होनें विद्यार्थियों से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपने में बेहतर मैनेजर के गुण विकसित कर भविष्य में देश और समाज निर्माण में अपनी सेवाएँ प्रदान करेगें।इस अवसर पर प्रवेश समन्वयक डॉ0 नीतू सिंह व मानव संसाधन प्रबंधक डॉ0 पंकज शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं व बीबीए विभाग के प्रवक्ताओं को शुभकामनाएँ दी।विभाग के प्रवक्ताओ डा0 अतुल वर्मा, हिमांशु वर्मा, पूनम शर्मा, सागर शुक्ला, शिवानी शर्मा, जतिन सिंघल, ममता मित्तल, निशू वर्मा, नवीन कुमार, कपिल कुमार, हर्ष कुमार, तनु त्यागी, स्वाति तायल, मोनिका और जेबा ताहिर ने छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आदर्श गुरुकुल दूधली के प्रथम सत्र का शुभारंभ

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आदर्श गुरुकुल दूधली के प्रथम सत्र का रविवार को विधिवत उद्घाटन हुआ। समारोह में आसपास के आर्य समाजों और विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि पहुंचे। मुख्य अतिथि दानवीर ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त युवक राष्ट्रवादी, अनुशासित और माता-पिता का भक्त होता है। यज्ञों के आयोजन से देश समृद्ध बन सकता है। उन्होंने बताया कि टिटौड़ा गांव आर्य समाज के लिए प्रेरणादायी रहा है। महर्षि स्वामी दयानंद ने 1877-78 में मेरठ आकर औघड़नाथ काली पलटन मंदिर पर सैनिकों को कारतूसों की सच्चाई बताई, जिससे स्वतंत्रता संग्राम की लहर उठी। उन्होंने राम प्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, अशफाक उल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद समेत अनेक क्रांतिकारियों के बलिदान को याद किया। ठाकुर विक्रम सिंह ने समान नागरिक संहिता लागू करने, गौ हत्या पर रोक लगाने और जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की। मुख्य अतिथि ने गुरुकुल को 1 लाख की आर्थिक मदद दी। विभिन्न आर्य समाजों ने भी सहयोग राशि प्रदान की। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य ने कहा कि आर्य समाज ने आजादी, गौ रक्षा, हिंदी आंदोलन और मंदिर खुलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वामी विश्वानंद सरस्वती ने ब्रह्मचारियों के साथ हवन कराया। भूपेंद्र आर्य, सतीश सुमन और गजराज प्रेमी ने देशभक्ति भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, सतेंद्र चौहान,अमित चौधरी जिलाध्यक्ष



मेरठ, सुनीता मालन, कविता राठी, विजयपाल आर्य, राजेश रुड़की, महिपाल सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। अध्यक्षता फकीरचंद त्यागी और संचालन ब्रह्मचारी पवन वीर आर्य ने किया।

# भगवान श्री परशुराम मंदिर में माया रसोई की रखी आधारशिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** पड़ाव चौक स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर व ब्राह्मण धर्मशाला के प्रांगण में रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद राज शर्मा की माता स्व. माया देवी (पत्नी राजबीर शर्मा, निवासी कुतुबपुर) की स्मृति में माया रसोई की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर बड़े रसोई कक्ष की नींव पूजन एवं आधारशिला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना से हुई, जिसे पं. दीपक कृष्णात्रेय ने संपन्न कराया।

इस अवसर पर विनोद भूषण शर्मा, रामअवतार मुद्गल, हरिशंकर शर्मा, कीर्तिभूषण शर्मा, कृष्णअवतार शर्मा, सरोजबाला शर्मा, मीडिया सेंटर अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, प्रतीक वत्स,



विनोद शर्मा, मनोज कौडिन्य, संजय मुद्गल, मोहित कौशिक, रुद्र मुद्गल, सौरभ शर्मा, अमित शर्मा, अनुराग शर्मा, अतुल भूषण शर्मा, सुधीर शर्मा, महेश शर्मा, सचिन शर्मा, मनोज शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजमिस्त्री जिल्लू व साजिद के औजार करनी व बिसौली की पूजा भी की गई। उपस्थित लोगों ने माया रसोई की स्थापना को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसे स्व. माया देवी के योगदान और सेवा भावना को अमर करने वाला कदम बताया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रेम प्रसंग में दीवार बने पति की चाकुओं से गोदकर पत्नी ने कराई हत्या

## पत्नी ने प्रेमी व भाई के साथ मिलकर उजड़ा अपना सुहाग



मृतक का फाइल फोटो



शव आने पर बिखलते परिजन।



घटनास्थल पर जांच करते एसपी व फॉरेंसिक टीम।



देर शाम घटना का अनावरण करने के दौरान आरोपियों को पेश करते पुलिस अधिकारी।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना/कांधला।** प्रेम-प्रसंग में रोड़ा बने एक और पति को अपनी जान देकर कीमत चुकानी पड़ी। बेवफा पत्नी ने प्रेमी व सगे भाई के साथ मिलकर अपने सुहाग को ठिकाने लगाने की योजना बनाई और आम के बाग में ले जाकर चाकुओं से गोदकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों हत्यारोपियों व हत्यारिन पत्नी को आला कत्ल चाकू व घटना में प्रयुक्त थ्री व्हीलर समेत गिरफ्तार कर लिया। रविवार की प्रात: कांधला रोड पर स्थित आम के बाग में असलम (30) निवासी मोहल्ला खैलकलां कांधला के खून से सना शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई उपरांत पीएम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक शामली ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत एसओजी टीम को घटना का शीघ्र राजफाश करने का निर्देश दिए। पुलिस ने आनन- फानन में मृतक असलम की पत्नी आसमीन को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। जिसके बाद उसके खुलासे ने पुलिस के होश उड़ा दिए। उसका कहना था कि इन्तिजार नामक युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका पता उसके पति को लग चुका था। प्रेम प्रसंग में रोड़ा बनने पर पत्नी ने अपने भाई के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने का प्लान तैयार किया और उसने शनिवार की शाम प्लान को अंतिम रूप देते हुए योजना के तहत असलम को ठिकाने लगाने के लिए उसे दुकान पर जाने से रोक दिया और तबियत खराब होने का बहाना बनाया। मृतक को बहला फुसलाकर थ्री व्हीलर में कैराना में कांधला रोड पर स्थित हाजी नसीम के आम के बाग में लाया गया और वहां उसकी गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम हत्याकांड के खुला. सा करते हुए बताया कि प्रेम प्रसंग में असलम की हत्या की गई है। दोनों आरोपियों इन्तिजार पुत्र आबिद निवासी मोहल्ला ईदगाह कांधला, हारून पुत्र हमीद निवासी गांव फतेहपुर पुठी थाना बिनोली जनपद बागपत व हत्यारिन पत्नी आसमीन पुत्री हमीद को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया है।

### लवमैरिज से खफा था मृतक का साला

मृतक असलम द्वारा आमसीन के साथ लवमैरिज करने के बाद ही उसका साला हारून पुत्र हमीद उससे रंजिश रखने लगा था और चार सालों में हारून का ही असलम के घर पर आना जाना था। योजना के तहत बेवफा पत्नी ने अपने भाई हारून को फोन करके अपने घर पर बुलाया था। जिसने हत्या की प्लानिंग को अंतिम रूप दिया था।

## साला-बहनोई का तांडव, रक्षाबंधन की रात सास-ससुर की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खोडसमा निवासी राजसिंह ने चौसाना चौकी पर तहरीर देकर बताया कि शनिवार देर रात उनका इकलौता बेटा और दामाद शराब के नशे में घर पहुंचे। बात.बात पर गाली.गलौज शुरू हुई और देखते ही देखते दोनों ने मिलकर राजसिंह व उनकी पत्नी मुनेश को लात.घूंसों और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। राज. सिंह की एकमात्र बेटी दिल्ली में ससुराल में रहती है। वह राखी बांधने भाई के पास आई थी, साथ में पति भी था। रात में नशे में धुत्त साले.बहनोई के गुस्से ने माहौल बिगाड़ दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और बीच.बचाव कर किसी तरह दोनों को बचाया। हमले में पति-पत्नी को गंभीर चोटें आईं। रविवार सुबह उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल कराया गया। इसके बाद पीड़ित ने चौसाना चौकी पर तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल चुकी है और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोगों का कहना है कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्यौहार पर शराब पीकर की गई यह हरकत न केवल रिश्तों की मर्यादा पर धब्बा है।

## पड़ोसी से मारपीट में तीन का चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी संजय जैन ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि विगत शनिवार को पीड़ित अपने परिवार सहित घर में बैठा हुआ था। आरोप है कि तभी रंजिश के चलते पड़ोसी वसीम व मतलूब पुत्रगण वह अपने परिवार के समीर के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुस आए। और तीनों आरोपियों ने एक राय होकर लाठी,डंडे एवं धारदार हथियारों से पीड़ित पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी थी पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

## नलकूपों पर चोरी की घटनाओं से परेशान, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील क्षेत्र में लगातार नलकूपो पर हो रही चोरी की घटना से किसान परेशान है गत रात्रि पुलिस ने नलकूपों पर चोरी कर रहे दो युवकों को पकड़ लिया जिसे चोरी का सामान बरामद किया पुलिस ने दोनों अभियुक्त को जेल भेज दिया। क्षेत्र में लगातार नलकूपों पर चोरी हो रही है जिससे किसान परेशान है गत रात्रि पिंडोरा के जंगल में नलकूपों पर चोरी करने गए।



दो युवकों का पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया जिन्होंने अपने नाम राहुल पुत्र वीरेंद्र अमर पुत्र विशंभर निवासी रंगाना बताया। उनके पास से चाकू कट आउट के टुकड़े केबल तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किया गया। पूछताछ में राहुल ने बताया कि वह चोरी का सामान झिंझाना के एक कबाड़ी को बेचता था पुलिस ने अभियुक्त की निशानद. ही पर झिंझाना निवासी जीशान पुत्र एहसान को पकड़ लिया उसके पास से चोरी किया गया सामान बरामद किया है ।इस संबंध में पुलिस ने अभियुक्त द्वारा चौसना क्षेत्र में नलक. ूपों पर चोरी करना भी कबूला है पुलिस ने तीनों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## एक नजर

### बाइक सवार पर घर के सामने हुड़दंग मचाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर निवासी दलित महिला तेजबीरी की पत्नी रामफल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही अभिषेक पुत्र सुभाष शनिवार को बाइक पर सवार होकर पीड़िता के घर के बाहर पहुंचा और हुड़दंग मचाने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़िता किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंची और दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि दरवाजा बंद करने के बाद भी आरोपी युवक जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करता रहा, ओर पीड़िता के दरवाजे पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक दबंग किस्म का युवक है और आए दिन गांव में झगड़ा फसाद करता रहता है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंग ने कर दी मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही एक युवक शनिवार की शाम को पीड़ित के घर में घुस गया और पीड़ित के परिवार की एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़ित के परिवार की महिला ने विरोध किया तो आरा. ेपी युवक ने महिला के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर पीड़ित अपने भाई के साथ मौके पर पहुंचा तो आरोप है कि आरोपी युवक ने दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों भाई घायल हो गए। पीड़ित भाइयों ने रविवार की सुबह को अपना डाक्टरी की परीक्षण कराने के बाद थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### फूलन देवी का जन्मदिन मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के माजरा रोड़ स्थित कार्यालय पर सपा एमएलसी किरणपाल कश्यप द्वारा पूर्व सांसद स्व। फूलन देवी का जन्मदिन बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए देश की एकता पर बल दिया गया। रविवार को हरबीर सिंह, राजकुमार, रफा चौधरी, सोहनबीर आदि के द्वारा पूर्व सांसद फूलन देवी के चित्र पर माल्या अर्पण किया गया। इस दौरान फूलन देवी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि कोई नारी या पुरुष अपनी मां की कोक से डाकू बनकर पैदा नहीं होता। स्व। फूलन देवी के साथ कुछ लोगों ने अभद्रता की और उनके असमत को तार-तार किया। जब उन्हे पुलिस और प्रशासन से कोई मदद नहीं मिली तब उन्होने स्वंय बन्दूक उठाकर अपने साथ हुए अत्याचारो का बदला लेने का फैसला किया और उन्होने अपने साथ किए गए सभी अत्यचारो के अत्याचारियो को स्वंय दण्ड दिया। इसके बाद वे ग्वालियर जेल मे बन्द थी। सन् 1994 को बेगम हजरत महल पार्क लखनऊ स्थित में कश्यप समाज के लोगों के द्वारा मांग उठाई गई कि फूलन देवी को रिहा करो। उसके साथ अन्याय हुआ है। आन्दोलन के बाद फूलन देवी के सभी मुकदमे वापस लिए और जेल से रिहा कराने का काम किया। उसके बाद फूलन देवी को दो बार मिर्जापुर लोकसभा सांसद सीट से सांसद बनाने का काम किया। इस अवसर पर गौरव कश्यप, चन्द्रपाल कश्यप, शहनवाज खान, सुरेन्द्र कश्यप, अली नवाज प्रधान टपराना, धीरज तोमर, राहुल कश्यप, रगबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## दिव्य योग संस्थान की ओर से शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजि शामली ने सप्तम स्थापना दिवस नगर पालिका उपरी मंजिल पर योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साधकों को योगाभ्यास करते हुए योग के महत्व को बताया गया।

रविवार को योग शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी यशपाल पंवार, संस्थान अध्यक्ष जित. ेंद्र शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद शर्मा ने मां सरस्वती को फूल माला अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके उपरांत दिव्य योग संस्थान के शिक्षकों ने आसन, प्राणायाम, ध्यान कराया। जितेंद्र शर्मा ने बताया संस्था द्वारा किए जा रही विभिन्न कार्य, गौ सेवा, रक्तदान, पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम बेहद सराहनीय है। संस्था प्रतिवर्ष सैकड़ो पौधे लगाकर उनकी देखरेख भी करती है। समाज के लिए यह संदेश भी है कि वह पौधा रोपण कार्यक्रम में भाग लेकर संस्थान को कृतज्ञ करें। मौके परी मंत्री अजय शर्मा, श्रवण संगल, सुरेश पाल शर्मा, ऋषिपाल गोयल, जयपाल सिंह, विनोद शर्मा, रविंद्र चौहान, दीपक रोहिल्ला, अरविंद मलिक, मुकेश वर्मा, अशोक वशिष्ठ, राजीव शर्मा, रण कुमार शर्मा, अरविंद पांचाल,राजेश गुलाटी, रामकुमार, विनोद मोदी, वीणा अग्रवाल, कविता गुप्ता, शिक्षा शर्मा, विदुषी शर्मा आदि मौजूद रहे।




## रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने कस्बे के दो लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मखेड़ा निवासी एहसान पुत्र खुर्शीद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित रविवार को कस्बे में फल खरीदने के लिए आया था। जैसे ही पीड़ित फल खरीद कर चलने लगा तो कस्बा निवासी नसीम और अर्श ने पीड़ित को रोक लिया और पीड़ित पर उधार सामान ले जाने का आरोप लगाने लगे। पीड़ित ने दोनों लोगों को बताया कि उसने कोई सामान उधार नहीं लिया है, जबकि उधार सामान पीड़ित के भाई ने लिया था। पीड़ित का आरा. ेप है कि दोनों लोग पीड़ित के साथ गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने विरोध किया तो दोनों लोगों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कहीं दूसरी और कस्बा एलम निवासी महिला मेहरबाना पत्नी शाकिर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता को पीड़िता के देवर इरफान व सास हाजरा ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो अलग-अलग मामलों की तहरीर मिली है।

## सेना के शौर्य के आगे दुश्मन ने टेके घुटने: सुरेश राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ी पुख्ता।** कस्बे में रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया। यात्रा में भाजपा गढ़ी पुख्ता मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारे लगाते और डीजे पर बज रहे गीतों पर थिरकते नजर आए।

तिरंगा यात्रा जाहरवीर गोगा जी की म्हाडी से शुरू होकर कश्यपपुरी, सुभाषपुरी, बड़ा बाजार, महावीर चौक, घास मंडी, शिवपुरी, जैनपुरी होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में स्थानीय लोगों और संगठनों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी बाजार में यात्रा का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।



नगर पंचायत कार्यालय में सभा को संबोधित करते हुए सुरेश राणा ने कहा कि ष्ऑपरेशन सिंदूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सेना के शौर्य से हिंदुस्तान का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। पाकिस्तान को घुटने टेकने और युद्ध रोकने का निवेदन करने पर मजबूर होना पड़ा।ष उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का सम्मान विश्वभर में तेजी से बढ़ा है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को देशभर में पहली पंक्ति में खड़ा किया है। प्रदेश से गुंडागर्दी का खात्मा हुआ और सड़कों का जाल बिछा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से मेहनत करने की अपील की। इस मौके पर रीनू सरोहा, नरेश सैनी, विशेष सरोहा, रोहित विश्वकर्मा, नीरज जैन, अनिल खटीक, राजेंद्र शर्मा, नरेश गोयल, अरविंद खेड़ी, उपेंद्र मास्टर, राजीव तोमर, रॉकी चौधरी, नरेश बाबा, सुमित राणा, अंकित चौधरी, कर्मवीर सभासद, सुधीर फौजी, प्रवीण चौधरी, बबल कुरैशी, अनिकेत कश्यप, रूपचंद प्रधान, सतपाल कश्यप सहित कस्बा और क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## थाना प्रभारी ने पैदल गस्त कर ग्रामीणों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में चोरों की गैंग और ड्रोन का शोर मचा हुआ है ग्रामीण रातों को पहरा दे रहे हैं प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ नगर एवं क्षेत्र में पैदल गस्त किया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

लगभग 20 दिनों से नगर एवं क्षेत्र में चोरों की गैंग होने एवं ड्रोन कैमरे से चोरों द्वारा निगरानी करने का शोर मचा हुआ है। ग्रामीण अपनी सुरक्षा खुद कर रहे हैं और रातों को हाथों में लाठी डंडे लेकर पहरा दे रहे हैं।

प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने रविवार को नगर एवं क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त किया और



कहीं ग्रामीणों के साथ जनसंवाद भी किया। प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को बताया कि ड्रोन के द्वारा किसी तरह की कोई भी निगरानी नहीं की जा रही है सरकार के द्वारा नदियों का विस्तार किया जा रहा है ड्रोन जैसी कोई भी चीज नहीं है केवल अफवाह है। कोई भी ऊ अफवाहों पर ध्यान ना दे किसी तरह का कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे कानून अपने हाथ में ना ले। कानून अपने हाथ में लेने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई जगह पर चोर समझकर बेगुनाहों की पिटाई की जा रही है अगर इस तरह की वारदात होती है तो सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## शाहनवाज हत्याकांड का एक और आरोपी दबोचा, जेल रवाना

**कैराना।** गुरुवार को हरियाणा राज्य के जनपद सोनीपत के थाना गन्नौर के गांव झारागढ़ी निवासी शाहनवाज की कस्बे के इस्सापुर खुरगान मार्ग पर चाकुओं से गोदकर व गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने घटना वाले दिन ही मामले का राजफाश करते हुए मृतक की पत्नी मैफरीन, उसके प्रेमी तसव्वर तथा सुहैब निवासीगण ग्राम भूरा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। रविवार को पुलिस ने हत्याकांड में शामिल एक और आरा. ेपी आस मोहम्मद उर्फ आशु निवासी ग्राम भूरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा व बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।

## चंचल जैन को मिला मिस चंडीगढ़ का खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव लिलोन की बेटी चंचल जैन ने अपनी मेहनत, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के बल पर मिस चंडीगढ़ का खिताब जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजकुमार जैन और रितिका जैन की सुपुत्री चंचल ने यह मुकाम आसान रास्ते से नहीं, बल्कि संघर्ष और कठिन परिश्रम के बाद हासिल किया।

चंचल जैन ने बताया कि के पिता का किराना दुकान से छोटा-सा व्यवसाय ही परिवार की आर्थिक रीढ़ था। पिछले छह वर्षों से अधिक के शिक्षण अनुभव में चंचल ने भारतीय सेना में फेंच भी पढ़ाया है, जिससे उन्हें अनुशासन और समर्पण का गहरा अनुभव मिला। वर्तमान में वह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी की प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होने बताया कि चंडीगढ में एफएसआईए द्वारा ब्यूटी पेंजेंट फोरेवर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पूरे देश से करीब 200 से अधिक मॉडल ने प्रतिभाग किया। जी-1 में अंडर 35 वर्ष कैटेगरी में उन्होने मिस चंडीगढ़ पेजेंट में जीत हासिल की। चंचल ने राष्ट्रीय मंच पर शामली का प्रतिनिधित्व किया। उनकी सफलता स्थानीय सीमाओं से आगे बढ़कर सभी के लिए प्रेरणा बन गई है। रविवार को शामली पहुंचने पर चंचल जैन का भव्य स्वागत किया गया। चंचल जैन ने बताया कि उनका सफर सीमित संसाधनों और पारिवारिक चुनौतियों के बावजूद आत्मबल और संघर्ष से जुडा रहा। चंचल अब मिस इंडिया जैसे राष्ट्रीय मंचों में भी मजबूत दावेदारी पेश करने जा रही हैं। स्वागत करने वालों में राजकुमार जैन, रितिका जैन, राहुल कुमार, दीपसी जैन, नमन जैन मौजूद रहे।



# मादक पदार्थों का तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 400 अवैध चरस नाजायज बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी एवं इस धंधे में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुतुबशेर पुलिस ने थाना प्रभारी एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक असगर अली के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर नौशाद पुत्र जमशैद निवासी उमैर गार्डन बड़ी नहर के पास थाना कुतुबशेर को रैच के पुल के पास नाला पटरी से दबोच लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 400 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/20/29 के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

# छात्र-छात्राओं को जिला कारागार का कराया भ्रमण

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड कांस्टीट्यूशनल स्टडीज विभाग के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सहारनपुर जिला कारागार का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को न्याय व्यवस्था और दंड प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था।

इस भ्रमण में विश्वविद्यालय की शिक्षिकाएँ जैनब खान व हिमानी अटवाल कोऑर्डिनेटर रहीं। विभाग के मेंटर व डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज प्रमोद गोयल ने अपने अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को इस भ्रमण के महत्व को समझाया। भ्रमण के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने विद्यार्थियों को इस यात्रा हेतु शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन व संवेदनशीलता बनाए रखने का संदेश दिया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने जेल परिसर का निरीक्षण किया। जिसमें कारागार की आंतरिक व्यवस्था, सुरक्षा प्रणाली, कैदियों के पुनर्वास हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। कुछ विद्यार्थियों को कुछ बंदियों से बातचीत करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। जिससे उन्हें न्याय प्रक्रिया, सजा, और सुधारात्मक पहलुओं को समझने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि इस तरह की शैक्षणिक यात्राएँ छात्रों को कक्षा में पढ़ाए गए सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ने का अवसर प्रदान करती हैं, जिससे उनकी विधिक समझ और व्यावसायिक दृष्टिकोण का विकास होता है।

**गंगोह।** कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने गश्त के दौरान फिर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

# घटती आर्यों की संख्या चिंता का विषयः डा. सुरेन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जिला आर्य उप प्रति. निधि सभा द्वारा हर घर यज्ञ कार्यक्रम के तहत गांव नगली मेहनाज में करीब 50 घरो में यज्ञ कराया गया।

इस अवसर पर प्रभात आर्य ने कहा कि हमें वेदों के अनुसार चलना चाहिए और यज्ञमान, संस्कार वान संतान बनाये। उन्होने प्रदुम्न, श्रीकृष्ण के उदाहरण देकर बताया कि किस तरह उन्होने कल्याण किया। डा सुरेंद्र आर्य ने कहा कि आज देश मे आर्य संख्या घटती जा रही है जो चिंता का विषय है। उन्होने कहा कि आर्य पद्धति पर चलकर ही देश विश्व गुरू बन सकता है। देश को अगर खतरा है तो वह देश के अंदर छिपे गद्दारों से है। देश की सीमा पर प्रहरी बनकर हमारे सैनिक जिस प्रकार से देश की रक्षा कर रहे है उसी तरह प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश की रक्षा करनी चाहिए। इसके अलावा जिला प्रतिनिधि सभा के प्रधान महीपाल आर्य, विजयपाल आर्य, विपिन आर्य ने अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य रूप से मुकेश आर्य, राजवीर आर्य, विनोद आर्य, अजब सिंह आर्य, नरेशना आर्य, देवीदयाल आर्य, संदीप आर्य, सुनीता आर्य, विकास आर्य, वन्दना आर्य, नीतू आर्य सहित अनेक वैदिक गण उपस्थित रहे।

## बेटी के अपहरण का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** क्षेत्र गांव निवासी नाबा. लिग के पिता ने गांव के दूसरे समुदाय के दो युवकों पर बेटी के अपहरण का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत की है।

बताया गया है कि पांच अगस्त को गांव के ही दो युवकों ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया था। जब वह घर पर आया बेटी नहीं मिली उसने बेटी को ढूंढने का प्रयास किया। किसी माध्यम से उसे सूचना मिली कि उसकी बेटी नानोता में है जिस पर उसने पुलिस से संपर्क किया लेकिन पुलिस ने इनकार कर दिया। कई दिनों के बाद भी उसकी बेटी का पता नहीं चला है। उसे डर है कि उसकी बेटी की जान को खतरा हो सकता है।

इस संबंध में आज गांव के कई लोग आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियो से भी मिले।

# वैष्णो देवी यात्रा पर श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** श्री शक्ति पीठ वैष्णो धाम हनुमान मंदिर से प्रति वर्ष की तरह इस बार की 10 श्रद्धालुओं का एक जत्था माता का ध्वज लेकर पैदल मां वैष्णो देवी यात्रा पर रवाना हुआ। सेवादार श्रद्धालुओं को छोड़ने शाहज. हांपुर यमुना पुल तक पैदल साथ गए वहां प्रसाद वितरित कर जत्थे को रवाना किया।

रविवार सुबह करीब 7:30 बजे अंबाला रोड सरसावा स्थित श्री शक्ति पीठ वैष्णो धाम हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक संजय जी महाराज के सानिध्य में आशीर्वाद लेकर महेंद्र सिंह, सतीश कुमार, अरविंद कुमार, सोनू त्यागी, बृजमोहन, अशोक राणा, जगपाल चौधरी, मुकेश चौधरी, ओमप्रकाश, महिपाल यह 10 श्रद्धालुओं का एक जत्था मां वैष्णो देवी पैदल यात्रा के लिए रवाना हुआ। सेवादार शाहजहांपुर यमुना पुल तक जत्थे के साथ पहुंचे वहां प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान संजय महाराज, चौधरी नवाब सिंह, दिनेश भगत, अरविंद डॉक्टर, पिंटू चौधरी, बनी चौधरी, विनोद कुमार, गजेंद्र वर्मा, रमेश धीमान, सुभाष धीमान, राजकुमार तोमर, श्याम कुमार सैनी, बालकृष्ण शर्मा, मनोज सैनी, शक्ति चौधरी, अमित कुमार, विपिन चौधरी, सागर वालिया, आर्यन वालिया, आदि सेवादार मौजूद रहे।

# खेलों से होता है सर्वांगीण विकासः नक्षत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** अल्पाइन क्रिकेट अकादमी द्वारा अंतर्राज्यीय अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घटान पूर्व जिला पंचायत सदस्य नक्षत्रपाल सिंह व हर्ष चौधरी द्वारा किया गया। नक्षत्रपाल सिंह ने कहा कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है व इस उम्र में बच्चों की कौशल विकास की क्षमता सर्वाधिक होती है।

कोच रोहित वर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन 10 अगस्त से 25 अगस्त तक किया जायेगा। टूर्नामेंट के सभी मैच 40-40 ओवर के होंगे। इस टूर्नामेंट में दिल्ली, शामली, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर,रुड़की, नानौता की कुल 8 टीमें प्रतिभाग करेंगी।

उद्घाटन मैच शामली व बागपत की टीमों के बीच खेला गया। टॉस कोच रोहित वर्मा की उपस्थित में मुख्यतिथि नक्षत्रपाल सिंह ने होली चाइल्ड क्रिकेट अकादमी शामली के कप्तान अंश धामा व देवास क्रिकेट अकादमी हिसावदा बागपत के कप्तान अनिरुद्ध यादव के बीच कराया गया। शामली की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। शामली की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रन पर आल आउट हुई जिसमें सौरभ 34 रन व अभिलाष शर्मा 17 रन की पारी खेली बागपत की टीम की और से कप्तान अनिरुद्ध ने 26 रन देकर 2 विकेट व अभय पुनिया ने 8 रन देकर 2 विकेट लिये। दूसरी पारी में समाच. ार लिखे जाने तक बागपत की टीम 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 55 रन के स्कोर पर खेल रही थी। विवेक 17 रन बनाकर आउट हुए व मोइन 7 रन पर नाबाद खेल रहे थे। मैच अंपायर विकास सैनी व राज जायसवाल रहे।

उद्घाटन कार्यक्रम में चौधरी रविन्द्र प्रधान कमहेड़ा, गजेंद्र सिंह, चौ. रोहित बाढ़ी माजरा, चौ.गौरव, निखिल अत्री व सुमित शर्मा (कोच बागपत) उज्ज्वल वत्स (कोच शामली), रजनीकांत,चौ. रुहला सिंह, कुलदीप, मोहित, सुनील, अर्जुन, कुलबीर, अरविंद आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मास्टर प्रमोद कुमार टिकरौल के द्वारा किया गया।

# प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मंडलीय कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंडल के कई खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

शांति नगर स्थित एकेडमी परिसर में जिला कराटे संघ के अध्यक्ष पुष्कर सिंह पुंडीर ने बालक वर्ग में, गणेशा योगेश प्रताप सिंह और बालिका वर्ग में जाकिया, साक्षी, निधि, अंशिका, सोफिया व सानिया का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कराटे संघ के श्री नंदकिशोर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि 17 से 20 अगस्त को मेरठ में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी मंडल का नाम रोशन करेंगे और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होंगे। उन्होंने उन खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया जिनका इस बार चयन नहीं हुआ, और कहा कि वे निराश न होकर अगले वर्ष के लिए तैयारी करें। इस अवसर पर प्रेरणा, राधिका, एकता, श्रीमती अनुराधा, रूप, सुरेश कुमार, अंकुर, भावना, नाजिश, नौशीन और निधि उपस्थित रहे।



# रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर डाला प्रकाश

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व पर ब्रह्माकुमारी विष्वद्यियल से आई दीदी ने अपने स्नेह व दिव्य विचारों से बच्चों व शिक्षकों और समस्त स्टाफ को प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात पूनम दीदी ने शिक्षकों व छात्राओं ने अपने सहपाठीयो राखियाँ बांधीं तथा आपसी प्रेम, एकता व भाईचारे का संदेश दिया। पूनम दीदी ने रक्षा बंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पर्व केवल धागा बांधने का ही नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धता, पवित्रता और परमात्मा के साथ नजदीकी संबंध को अनुभव करने का दिन भी है। उन्होंने बच्चों को सच्चे जीवन मूल्यों, सदाचार और आत्म संयम का संदेश दिया।

प्रबंधक पंकज राजपूत, प्रधानाचार्या रजनी राजपूत व वरिश्ठ अध्यापक अरविंद षर्मा गुरूजी ने पूनम दीदी का धन्यवाद ज्ञापित किया और बच्चों को शुभकामनाएँ दीं। अंत में सभी छात्रों को मिठाई वितरित की गई और रक्षासूत्र बांधकर रक्षा, स्नेह और आत्मिक शक्ति का संदेश फैलाया गया। संचालन सोनाक्षी व राहिमा ने किया। इस अवसर पर नंदिनी माहेश्वरी, आराध्या गोयल, पर्व सिंघवाल, अग्रज शर्मा, कार्तिक सिंघल, राधिका शर्मा, इशप्रीत सिंह, अन्वी गोयल आदि मौजूद रहे।

# बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**सहारनपुर।** प्रमुख शिक्षण संस्था आशा मॉडर्न स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-19 अंडर-19 बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन शनिवार को उत्साह और गरिमा के साथ हुआ।

छह दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 63 टीमों ने भाग लिया और 62 मैच खेले गए। विजेता टीम मेरठ पब्लिक स्कूल, मेरठ कैंट रही, जबकि चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल, बड़ौत (बागपत) ने प्रथम उपविजेता और द एशियन स्कूल, देहरादून व मयूर स्कूल, नोएडा ने संयुक्त द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव रामकुमार, सीबीएसई पर्यवेक्षक श्रीमती इंदू वशिष्ठ, तकनीकी प्रतिनिधि विपुल मलिक और मुख्य निर्णायक हरेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए। विद्यालय प्रबंधक सुश्री आशा जैन और प्रधानाचार्य डॉ. दिव्य जैन ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करते हैं। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दम्पति एवं 4 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल

ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देते हुए घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव गुनारसी के मोड़ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दम्पति और उनका 4 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। विवाहिता अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर भाई को राखी बांधने के लिए गांव आई थी।

जनपद मुजफ्फरनगर के गांव मांडे बास निवासी सोनम अपने पति फूल कुमार और 4 वर्षीय पुत्र अनिक. ेत के साथ बाइक पर सवार होकर गांव गुनारसी में अपने भाई को रक्षासूत्र बांधने के लिए आई थी। देर शाम वापस लौटते समय जैसे ही दंपत्ति गांव के बाहर मोड़ पर पहुंचे तो अचानक सामने से आ रहे वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दंपत्ति और उनका पुत्र घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देते हुए घायलों को देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुस्लिम लड़कियों के लिए पर्दे में रहकर तालीम की व्यवस्था की जाएः मदनी

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की इस्लाही मुआशरा (समाज सुधार) कमेटी (जोन-7) के एक दिवसीय इजलास में लड़कियों के लिए अलग से तालीम हासिल करने की व्यवस्था करने, शादियों में फिजूलखर्ची रोकने और समाज में फैली बुराईयों को दूर करने पर जोर दिया गया।

कासिमपुरा मार्ग स्थित मदनी मैमोरियल कॉलेज में आयोजित हुए कार्यक्रम में जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि वर्तमान दौर में जरुरी हो गया है कि मुस्लिम लड़कियों के लिए पर्दे में रहकर तालीम हासिल करने की व्यवस्था की जाए। साथ ही दीनी तालीम का ऐसा माहौल बनाया जाए, जिससे उन्हें बुराईयों से बचकर इस्लाम के बताए रास्ते पर चलने की सीख मिले। मौलाना मदनी ने समाज में फैल रही बुराईयों को दूर करने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए समाज सुधार कमेटियों का गठन किया जाए। जिसमें जिम्मेदार शामिल हों और वह गांव मोहल्लों में जाकर लोगों को इसके लिए जागरुक करें। उन्होंने शादियों और अन्य कामों में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का आह्वान किया। कहा कि इनसे बेचने वाली रकम को पढ़ाई पर खर्च किया जाए। ताकि समाज से अशिक्षा का अंधियारा दूर हो। कमेटी अध्यक्ष मौलाना हबीबुल्लाह मदनी, मौलाना अजहर मदनी, मौलाना साजिद काशिफ आदि ने भी विचार रखे। इस मौके पर कारी अरशद, दिलशाद अहमद, साजिद, कारी शारिक समेत सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बिजनौर, बागपत और मेरठ के पदाधिकारी शामिल रहे।

# शिक्षा ही एकमात्र ऐसा मार्ग है जिस पर चलकर कामयाबी हासिल की जा सकती हैः राघव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** भाजपा के पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा मार्ग है जिस पर चलकर कामयाबी हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समाज के मेधावी बच्चे भारत का भविष्य हैं। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने का आह्वान किया।

खेड़ा मुगल चौकी क्षेत्र के गांव बेहडकी में त्यागी महासभा द्वारा समाज के मैधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए आयोजित हुए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। त्यागी ब्राह्मण समाज राष्ट्रवादी सोच रखने वाला समाज है। कहा कि आज के यह हमारे मैधावी बच्चे कल के भारत का भविष्य हैं। उन्होंने सभी बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। संगठन के जिला अध्यक्ष उमेश त्यागी और संस्थापक अक्षय त्यागी ने कहा कि समाज के लोगों को कुरीतियों को समाप्त कर एक मंच पर आना होगा। राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के जिला अध्यक्ष अवनीश उर्फ बिट्टू त्यागी, शिवकुमार त्यागी और मास्टर महेंद्र त्यागी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के उच्च अंक प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले 125 के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पंकज त्यागी, शिवकुमार त्यागी, नीरज त्यागी, अजय त्यागी, लव कुश त्यागी, दिनेश त्यागी, अर्जुन त्यागी, सचिन त्यागी, संजय त्यागी, सुशील त्यागी, विपिन त्यागी, मुनेश त्यागी आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका ने बिना अनुमति हो रहे कार्य को रुकवाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगरपालिका की संपत्ति पर ऊर्जा निगम द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने के कार्य को पालि. का के अधिकारियों ने रुकवा दिया। नगरपालिका प्रशासन का कहना है कि बिना इजाजत ही पोल गाडने के साथ ही विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था।

रेलवे रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के समीप नगरपालिका की संपत्ति है। रविवार को ऊर्जा निगम ने ट्रांसफार्मर लगाने के लिए उक्त स्थान पर पोल गाड़ दिए। इसकी सूचना जैसे ही पालिका प्रशासन को लगी तो चेयरमैन विपिन गर्ग ने इसका संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को लगी तो नगर पालि. का के मुख्य लिपिक मोहम्मद अकबर मौके पर पहुंचे और कार्य को रुकवाया। निगम के कर्मचारियों को बताया कि उक्त स्थान पालिका की प्रोपर्टी है। इस पर बिना इजाजत ट्रांसफार्मर स्थापना का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। पालिका अधिकारियों ने निगम द्वारा लगवाए गए पोल को हटवाया। बाद में निगम ने सीएचसी की मुख्य द्वार के निकट बनी दीवार को तोड़ते हुए वहां पोल गड़वाए। पालिका अधिकारी मोहम्मद अकबर ने बताया कि उक्त संपत्ति नगरपालि. का क्षेत्र में आती है। ऊर्जा निगम को बताने के बाद उनके द्वारा लगवाए गए पोल को हटवा दिया गया है।



## भाजपाइयों ने विजेश कंसल का तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल द्वारा विजेश कंसल को तीसरी बार अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाईयों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने विजेश कंसल को पटका पहनाकर और स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। कंसल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन पर जो विश्वास जताया है वह उस पर खरा उतरेंगे। साथ ही हर स्तर पर उद्यमियों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

# फूलन देवी की जयंती पर विधायक उमर अली खान ने अखिलेश यादव संग किया नमन

**सहारनपुर।** वीरांगना फूलन देवी की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ बेहट विधायक उमर अली खान ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक उमर अली खान ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी महिलाओं के साहस, संघर्ष और आत्मसम्मान की प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में समानता और न्याय की राह पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।



# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का ट्रैक्टर मार्च 13 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के माजरा रोड़ स्थित चौधरी चरण सिंह बारातघर में भाकियू पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 13 अगस्त को अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में ट्रैक्टर मार्च निकालने का निर्णय लिया गया।

रविवार को शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सांता प्रधान ने कहा कि भाकियू हाईकमान के आदेश पर पूरे प्रदेश के जनपदों में आगामी 13 अगस्त को ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा।



शामली। आगे की रणनीति बनाते किसान। छाया शाह टाइम्स

ट्रैक्टर मार्च शहर के झिंझाना रोड़ स्थित एमएस फार्म के निकट से प्रारंभ होगा। जहां जिलेभर के कार्यकर्ता अपने अपने ट्रैक्टर लेकर पहुंचेगे। ट्रैक्टर मार्च शहर के बीच से होता हुआ कलक्ट्रेट पहुंचेगा, जहां प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा।

उन्होने कहा कि किसान परेशान हाल है और किसानों की समस्याओं को लेकर ट्रैक्टर मार्च निकलेगा। जिसमें अधिक से अधिक कार्यकर्ता प्रतिभाग करे और ट्रैक्टर मार्च से सफल बनाए। उन्होने पदाधिकारियों से अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए ट्रैक्टर मार्च को अनुशासन के साथ सफल बनाने का भी आहवान किया। मौके पर युवा जिलाध्यक्ष मोहित शर्मा, अमरदीप लाठियान, कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, विदेश मलिक, योगेन्द्र सिंह, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कातिलाना हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने कातिलाना हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

विगत 19 जुलाई को क्षेत्र के गांव मुकंदपुर में अफसर नामक युवक को घर में घुसकर गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था। मामले के सम्बंध में घायल युवक के भाई इरफान ने कैराना कोतवाली पर कुछ लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने हमले में शामिल आरोपी आवेश निवासी मुकुंदपुर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# एमडीए की लचीली कार्रवाई के चलते भूमाफियाओं के हौसलें बुलंद

**कैराना।** एमडीए विभाग की लचीली कार्रवाई के चलते भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद पुनः सक्रिय हुए कालोनाइजरों द्वारा धड़ल्ले के साथ निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिन्हें एमडीए का जरा भी खौफ नहीं है।

शुक्रवार को कैराना में अवैध कालोनियों की भरमार के खिलाफ मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण हरकत में आया था। जिसके चलते टीम ने कैराना पहुंचकर अवैध रूप से काटी गई चार कालोनियों में की गई अवैध प्लाटिंग को दो बुलडोजरों से ध्वस्त करा दिया।

जिसके बाद भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया था और उनके आकाओं के फोन घनघनाने लगे थे। हालांकि कैराना में चारों ओर अवैध कालोनियों की भरमार है, कई



कालोनियों पर कार्रवाई ऊंट के मुंह मे जीरा साबित हुई है। चर्चा है कि विभाग द्वारा उन्ही कालोनियों को निशाने पर लिया गया है, जो उनके अपने रिकॉर्ड में नही थी। उधर जिन कालोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

उन कालोनियों पर टीम के जाते ही पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जो सरासर विभाग की लचीली कार्रवाई की ओर इशारा करता है। कस्बे में चारों ओर पीयूष अयन आश्रम के सामने, अलीपुर मार्ग गैस एजेंसी के बराबर में, रामडा रोड, भूरा-झिंझाना मार्ग, मायापुर रोड, झाड़खेड़ी रोड, पानीपत बाईपास, नेशनल हाईवे आदि पर भोलेभाले लोग इन अवैध कालोनियों में अपने खून-पसीने की गाढ़ी कमाई लगाकर प्लाट खरीदते है। बिना अनुमति के बसाई गई इन कालोनियों पर जब प्रशासन कार्रवाई करता है, तब प्रोपर्टी डीलर अपना पल्ला झाड़ लेते है। लोगों का कहना हैं कि इन सभी कालोनियों पर भी एमडीए की कार्रवाई की दरकार है।

# गांव-गांव जाकर बसपा की योजनाओं से अवगत कराएं: रणधीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के दिल्ली रोड़ स्थित एक बारातघर में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिका. रियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनिवाल ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से बूथ कमैटियों को मजबूत बनाने का आहवान किया। रविवार को आयोजित समीक्षा बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनिवाल, मुख्य मंडल प्रभारी जाफर मलिक, डा। मेघराज सिंह, नरेश गौतम ने बाबा साहब भीमराव अंबेडर व कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यकर्ताओं व पदाधिका.





शामली। बसपा की समीक्षा बैठक में विचार रखते नेशनल कॉर्डिनेटर रणधीर सिंह व मौजूद पदाधिकारी। छाया शाह टाइम्स

रियों को संबोधित करते हुए रणधीर सिंह बेनिवाल ने कहा कि समीक्षा बैठक का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यो को जानना है। उन्होने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि समीक्षा बैठक में ही पदाधिकारी शिथिलता बरतेगे तो वह धरातल पर कार्य नही कर पाएगे। उन्होने कहा कि कार्यकर्ता आपसी मनमुटाव को भूले और बूथों पर कार्य करे। गांव में जाकर ग्रामीणों को बसपा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि यदि पार्टी को मजबूत बनाना है तो सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारी को निभाना होगा। उन्होने बूथ कमैटियों से लेकर संगठन के हर पद पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने पर बल दिया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा कार्यकर्ताओं ने बसपा सुप्रीमो मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का भी संकल्प लिया। जनेश्वर प्रसाद, संदीप कुमार, सतीश कुमार, आनंद कुमार, सरफराज राइन, राजेश प्रधान, जिलाध्यक्ष सुनील जाटव, पुष्पांकर पाल, जगपाल सिंह ननौता आदि मौजूद रहे।

## एक चोर गिरफ्तार, ट्यूबवैलों से चोरी किया गया सामान भी बरामद

**शामली।** थाना झिंझाना पुलिस द्वारा एक चोर गिरफ्तार, कब्जे से ट्यूबवैल/नलकूपों से चोरी किया गया तार केबल व अन्य उपकरण, व अवैध एक चाकू बरामद किया गया है। रात्रि में थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा कैराना जंगल में ट्यूबवैल नलकूपों से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। घटना के सम्बन्ध में वादी प्रेम सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी मौहल्ला आर्यपुरी कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली की तहरीर के आधार पर अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति वाहन चे. कंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा एक चोर को टयूबवैल/नलकूपों से चोरी किए गए तार, कटआउट पुराने में संलिप्त चोर को थाना झिंझाना पुलिस द्वारा अवैध चाकू सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तगण जीशान पुत्र अहसान निवासी मौ0 शाह मुबारिक कस्बा व थाना झिंझाना जनपद शामली है।



# मामौर मे मस्जिद की तामीर के लिए रखी गई बुनियाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कैराना।** रविवार को क्षेत्र के गांव मामौर में स्थित मदरसा दारूल उलूम रहमानिया परिसर में मस्जिद के निर्माण हेतु बुनियाद रखी गई। इस दौरान दूर-दराज से दीनी उलेमा मदरसे में पहुंचे। मस्जिद की बुनियाद अमीर शरीयत दिल्ली से पहुंचे हजरत मौलाना मोहम्मद शमीम कासमी व मुफ्ती मोहम्मद तालिब नदवी तथा मदरसा मोहतमिम मौलाना जाहिद, हाजी अय्यूब बराला, हाफिज अब्दुल कादिर, मौलाना अब्दुल बासिद, मुफ्ती शमसुल हसन व मुफ्ती युनूस हसन के कर-कमलों द्वारा रखी गई। इस अवसर पर जिम्मेदार लोगो व उलेमाओं ने आपसी विचार-विमर्श करने के पश्चात मदरसे में होने वाले सालाना जलसे की तारीख आगामी 2 नवम्बर तय की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अय्यूब बराला ने की। कार्यक्रम का समापन कारी अब्दुल कादिर डकरानी उत्तराखंड की विशेष दुआओं के साथ में सम्पन्न हुआ। इस दौरान राशिद प्रधान गढी दौलत, नसीम एडवोकेट कैराना, मौमीन चौधरी तितरवाड़ा, रियासत बराला, अलीहसन, इकबाल, हाफिज इलियास आदि मौजूद रहे।

# मन को वश में करना कठिन: विव्रत सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के जैन धर्मशाला में 36वें दिन जैन मुनि विव्रत सागर ने प्रवचन करते हुए कहा कि ज्ञानी लोग मानते हैं कि इच्छाएं दुख का कारण हैं और उनका दमन करने से सच्चा सुख मिलता है। वे इस विचार को अपूर्ण मानते हैं क्योंकि मन अपनी प्रकृति से चाह करना बंध नहीं कर सकता। जिस प्रकार नासिका सूंघना बंद नहीं कर सकती, उसी प्रकार मन भी चाह करना बंद नहीं कर सकता। यह मन का स्वभाव है, जो इच्छाओं का मूल स्थान है।

उन्होने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञानी लोग मन को क्रोध, मान, माया और लोभ का कारण बताते हैं। हालांकि, मुनिराज कहते हैं कि मन रहित जीव भी इन कषायों का अनुभव करते हैं, जिससे पता चलता है कि मन ही एकमात्र कारण नहीं है। मच्छर के लोभ का उदाहरण दिया गया है, जो बार-बार भगाए जाने पर भी अपना लोभ नहीं छोड़ता और अंततः मर जाता है। इसी तरह, कुछ मनुष्य भी अवैध गतिविधियों में लिप्त होकर अंततः अपनी प्रतिष्ठा और जीवन को नष्ट कर देते हैं। मुनिराज मनुष्यों को सलाह देते हैं कि वे अपने मानव पड़ोसियों और रिश्तेदारों से ईर्ष्या करने के बजाय मच्छर और मक्खियों जैसे जीवों को अपने वास्तविक पड़ोसी और रिश्तेदार मानें, क्योंकि हम सब निगोद से



आए हैं, जहां एक साथ जीवन व्यतीत किया जाता था। मानव संबंधों में मरते दम तक साथ रहने की प्रतिज्ञाएं झूठी हैं क्योंकि मृत्यु या परिस्थितियां उन्हें तोड़ देती हैं। इसके विपरीत, निगोदिया जीव एक साथ जन्म लेते, श्वास लेते, भोजन करते और मरते हैं, जो सच्चे साथ



का प्रतीक है। लोग मन को चंचल और दुष्ट बताकर दोष देते हैं, लेकिन वे मन की प्रकृति को नहीं समझते। मन तो इच्छाऐ उत्पन्न करेगा ही, यह कभी नहीं रुकता। आज का चित्र अनावरण बागपत से आए हुए श्रद्धालुओं ने किया एवं रिंपी जैन, लतिका जैन, शगुन जैन, रिया जैन एवं पद प्रक्षालन सरूरपुर से आए हुए युवा मंडल द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट नरेश जैन, हैप्पी जैन, सम्यक जैन द्वारा किया गया।

# कहीं उमसभरी गर्मी कहीं हल्की बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन मास समाप्त होते ही भाद्रपद मास की शुरुआत के साथ उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। रविवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप और उमस ने नागरिकों को परेशान किए रखा। लोग घरों से निकलने में कतराने लगे, जबकि जरूरी काम से बाहर निकले लोग पसीने में तर-बतर होते नजर आए।

रविवार को मौसम का अधि. कतम तापमान 32 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर करीब तीन बजे आसमान में काले बादल छाए और हल्की झमाझम बारिश हुई। लोगों को उम्मीद थी कि इस बारिश से उमस और गर्मी से राहत मिलेगी, लेकिन बारिश तेज न होने के कारण हालात और बिगड़ गए। नमी





बढ़ने से उमस और ज्यादा महसूस होने लगी। बारिश के बाद सड़कों पर कीचड़ फैल गया, जिससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, हवा बिल्कुल थम जाने से घुटन भरा माहौल बन गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से तापमान में गिरावट के बजाय गर्मी और उमस बढ़ रही है। दिन में तेज धूप और रात में उमस भरी गर्मी से लोगों का चैन खो गया है। गर्मी से बचने के लिए लोग पंखों, कूलरों और एयर कंडीशनर का सहारा ले रहे हैं, लेकिन बाहर निकलने पर राहत मिलना मुश्किल है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी दिन का तापमान अधिक रहने और उमस बनी रहने की संभावना है। हल्की बारिश होने के बावजूद तेज हवाओं के न चलने से उमस में कमी नहीं आएगी। वही दूसरी ओर बारिश के बाद सड़कों पर फिसलन बढ़ गई थी। शहर के कैराना रोड़ नौकुआ रोड़, नई बस्ती, पंसारियान, कलंदरशाह आदि स्थानों पर कीचड़ फैलने से नागरिक परेशान रहे, जिनको आने जाने में भी दिक्कते हुई है।



शामली। रालोद की मासिक बैठक में शामिल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। छाया शाह टाइम्स

# कालोनी निवासियों समेत क्षेत्रावासियों ने की प्रशासन से नाला निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बरसात के पानी की निक. ासी नहीं होने के चलते क्षेत्र के कई निचले इलाके जलमग्र है। मदनी कालोनी की स्थिति सबसे बदतर है। मदनी कालोनी निवासियों समेत क्षेत्रवासियों ने पालिका प्रशासन से नाला निर्माण की मांग की है।

मदनी कालोनी निवासी दानिश, नसीम, रागिब, कलीम और मुनिश आदि ने बताया कि देवबंद-बास्तम रोड पर पानी की निकासी का प्रबंध नहीं होने के चलते कालोनी के खाली पड़े प्लाटों में पानी भरा हुआ है। आसपास उगी फसल भी जलमग्र है और खेतों में दो दो फीट तक पानी भर गया है। अब यह पानी घरों में घुसने लगा है। बताया कि पहाड़ों पर हो रही



वर्षा के चलते उत्तराखंड का पानी नदियों से होते हुए क्षेत्र के खालों से निकल देवबंद पहुंचने के चलते यह स्थिति बनी हुई है। इतना जही नहीं करंजाली बास्तम सडक का करीब 500 फीट एरिया पूरी तरह लबालब है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पानी निकासी का प्रबंध नहीं हुआ तो स्थिति और भयावह हो जाएगी। क्षेत्रवासियों ने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग से पानी की निकासी को नाले का निर्माण कराने की मांग की।

## नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा ने कार्यभार संभाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** नगर पंचायत जलालाबाद के दो साल से रिक्त पद पर शासन द्वारा नियुक्त किए गए अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा ने शनिवार को कार्यष्भार गृहण कर लिया, जिन्हे चेयरमैन जहीर मलिक द्वारा विधिवत कार्यभार गृहण कराया।

ज्लालाबाद नगर पंचायत मे वर्ष 2023 से नियमित अधिशासी अधिक. ारी का पद रिक्त चला आ रहा था जिस पर अतिरिक्त कार्यभार थानाभवन नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा पर था। लम्बे समय से सभासदो द्वारा नियमित अधिशसी अधिकारी को नियुक्त किए जाने की मांग की गई थी जिस पर दो साल बाद शासन द्वारा कासगंज जनपद की नगर पंचायत भरगैन के अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा को स्थानान्तिरत कर जलालाबाद नगर पंचायत का नया अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया है। जिनके द्वारा जलालाबाद पहुचकर अपना कार्यभार संभाल लिया गया नगर पंचायत चेयरमैन जहीर मलिक द्वारा सभासदो की मौजूदगी मे नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी जयवीर राणा को कार्यभार गृहण कराया । पदभार गृहण करने के बाद औपचारिक बातचीत मे अधिशासी अधिकारी ने नगर के विकास एवं शासन की योजनाओ को कस्बे के हित के लिए लागू कराना अपनी प्राथमिकता बताई। इस दौरान उन्होने आस्वस्त किया किवह 24 घन्टे नगर की जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# रालोद की मासिक बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर बनी कार्य योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के भैंसवाल रोड स्थित रालोद कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले के पदा. धिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और विस्तार पर विचार-विमर्श किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने कहा कि संगठन की जड़ें तभी मजबूत होंगी, जब हर गांव में हमारी विचारधारा और नीतियां घर-घर तक पहुंचे।

सदस्यता अभियान को मिशन मोड में चलाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

कहा कि सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। बैठक में कोर कमेटी एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाअध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चेयरमैन, डां विक्रांत जावला, राजन जावला, अनवार चौधरी, विजय कौशिक, डॉ. मुबारिक, हरेंद्र ताना, देशराज भनेड़ा, आशुतोष पंवार, उमरदीन मंसूरी, अमित कुमार, विकास धीमान, ब्रजवीर एडवोकेट, बाबूराम पंवार, सुरेंद्र सिंह, राज सिंह, सो. हनपाल, सहदेव मुखिया, महक सिंह देशवाल, दीपक प्रोफेसर, देवानंद गौड़, इरफान, सनोज चौधरी टोडा, विश्वप्रताप सिंह, जयपाल पटवारी, संजीव देशवाल, सतबीर मूंछ, सर्वेश, बबलू मौजूद रहे। बैठक के बाद पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन धारण का भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# निशा, मुस्कान व कुंडू ने जीता सोना

**● पुरुषों के फाइनल में राहुल कुंडू ने उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज को पछाड़ा, महिलाओं में निशा और मुस्कान जीती**





**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की युवा महिला मुक्केबाजों ने महाद्वीपीय मुक्केबाजी में अपनी बढ़ती प्रतिभा को दर्शाया, जब निशा (54 किग्रा) और मुस्कान (57 किग्रा) ने रविवार को बैंकॉक, थाईलैंड में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पांच अन्य ने रजत पदक जीते।

पुरुषों के फाइनल में, राहुल कुंडू (75 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान के दिग्गज मुहम्मदजोन याकूपबोवेक पर विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके एक और स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत के पदकों की संख्या 14 हो गई, जिसमें तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अलावा, अंडर-19 स्पर्धा में भाग ले रही 10 महिला मुक्केबाजों में से नौ पदक जीतकर लौटेंगी। जिनमें दो स्वर्ण,पांच रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। जो कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के साथ एक उभरती हुई शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को प्रदर्शित करेंगे। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं, भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का एक मजबूत दल उतारा है। प्रत्येक आयु वर्ग में 20 - जिसमें सिद्ध चैंपियन और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाली संभावित प्रतिभाओं का एक आदर्श मिश्रण है। निशा ने दिन के दूसरे मुकाबले में भारत के लिए स्वर्ण पदक का खाता खोला जब उन्होंने चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपना दबदबा बनाते हुए 4:1 से जीत दर्ज की। मुस्कान ने इसके बाद भारत के लिए लगातार दो पदक जीते। उन्होंने आक्रामक रुख अपनाया और अगले राउंड में कज़ाकिस्तान की अयाज़ान एर्मेक को 3:2 से हराकर स्प्लिट डिसीजन हासिल किया। पुरुषों की स्पर्धा में, राहुल ने 75 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के मुहम्मदजोन के खिलाफ 4:1 से जीत हासिल करते हुए अपना आत्मविश्वास बरकरार रखा। भारत ने अंडर-22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें सोमवार को पांच मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। रविवार को स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली अन्य भारतीय महिलाओं में, विनी को 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान की सेवारा मामातोवा से हार का सामना करना पड़ा, जबकि जापान की अलरदा अकिमोटो ने 65 किग्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले में निशा को 4:1 से हराया।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को किया क्लीन स्वीप

**● सियाना जिंजर ने चार विकेट लेकर नाबाद 17 रन भी बनाए**



**मकाय, वार्ता।** सियाना जिंजर (नाबाद 17 रन/ 4 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसरे अनौपचारिक टी-20 मुकाबले मे इंडिया ए को चार रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चार रन के स्कोर पर दिनेश वृंदा (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी उमा छेत्री भी मात्र तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गई। राघवी बिष्ट ने शेफाली वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। आठवें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रन बनाये। इसके बाद जीत की ओर बढ़ रही इंडिया ए को सियाना जिंजर ने राघवी बिष्ट को स्टंप आउट कराकर चौथा झटका दिया। राघवी बिष्ट ने 25 गेंदों मे दो चौकों की मदद से 25 रन बनाये। मिन्नू मनी 29 गेंदों में (30) के रनआउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने मैच पर अपनी पकड़ बना ली। इसके बाद इंडिया ए का कोई बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। कप्तान राधा यादव (नौ), तनुजा कंवर (एक) और सजीवन सजना (तीन) रन बनाकर आउट हुई। मिन्नू मनी के (30) का टीम के 116 के स्कोर पर पांचवें खिलाघी के रूप में रनआउट होना इंडिया ए के लिए घातक रहा और इसके साथ ही उसकी जीत की उम्मीद टूट गई। इंडिया ए टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 140 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम के लिए सियाना जिंजर ने चार ओवर में 16 रन देकर चार विकेट लिये। लूसी हैमिल्टन और एमी एडगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए एलिसा ऋथ तालिया की सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। छठे ओवर में सजीवन ने एलिसा (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

# बीसीबी ने मार्शल, वुड व हेमिंग को कोच नियुक्त किया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एलेक्स मार्शल, जूलियन वुड और टोनी हेमिंग को नए कोचों के रूप में नियुक्त किया है। बीसीबी की शनिवार को हुई बैठक के बाद एलेक्स मार्शल, जूलियन वुड और टोनी हेमिंग को नए कोचों के रूप में नियुक्त किया है।

वुड तीन महीने के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वह एक पावर-हिटिंग विशेषज्ञ हैं और हाल ही में श्रीलंका क्रिकेट के साथ काम कर चुके हैं। मार्शल को एक साल के लिए बोर्ड के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग का सलाहकार नियुक्त किया गया है। मार्शल पिछले साल सितंबर तक आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधक इकाई के महाप्रबंधक थे। बीसीबी की मीडिया समिति के अध्यक्ष इफ्तिखार रहमान ने कहा कि बीसीबी ने बीपीएल के भ्रष्टाचार रोधी कार्यों की देखरेख के लिए आईसीसी की अखंडता इकाई को नियुक्त किया है। बीसीबी की भ्रष्टाचार रोधक इकाई वर्तमान में 2024-25 सीजन के बीपीएल और ढाका प्रीमियर लीग में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। हाल ही में पीसीबी के मुख्य क्यूरेटर के पद से इस्तीफा देने वाले हेमिंग को भी बीसीबी ने बुलाया है।

# वनडे से भी संन्यास लेंगे रोहित-विराट!

**● देश के दोनों दिग्गज अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेल सकते हैं करियर की आखिरी वनडे सीरीज**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। इस बीच खबर आ रही है कि दोनों अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर करियर की आखिरी वनडे सीरीज खेल सकते हैं यानी अब दोनों वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह सकते हैं।

इस विषय पर अब पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का बयान आया है। उन्होंने कहा कि, दोनों अगर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहिए। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट और टी-20 के बाद वनडे से भी संन्यास ले सकते हैं। अक्टूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम प्रबंधन 2027 विश्व कप की रणनीति में रोहित और विराट पर विचार नहीं कर रहा है। दोनों को वनडे टीम में बने रहने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना पड़ सकता है। सौरव गांगुली ने रोहित और विराट के वनडे से संन्यास पर कहा, श्मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।श उन्होंने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड इवेंट के दौरान कहा, श्यह कहना मुश्किल है। जो भी अच्छा करेगा, वह खेलेगा। अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। कोहली का वनडे रिकार्ड शानदार है, यहां तक कि रोहित शर्मा का भी। दोनों ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में अद्भुत हैं।श भारत का ऑस्ट्रेलिया का वनडे दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू वनडे मैच खेले जाएंगे।

2026 कैलेंडर में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेली जानी है। दुबई में नौ सितम्बर से शुरू होने वाले आगामी टी-20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में पांच कड़े टेस्ट मैचों के बाद मिला आराम टीम के लिए बहुत जरूरी था। गांगुली ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्राम करने का जरूरी समय मिल गया है। उन्होंने आईपीएल के बाद पांच टेस्ट खेले और अब वे नौ सितम्बर से एशिया कप खेलेंगे। भारत बहुत मजबूत है।

# न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर थैमसिन न्यूटन ने लिया संन्यास

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। न्यूटन ने 14 साल के अपने क्रिकेट करियर में न्यूजीलैंड के लिए 2015 से 2021 के बीच 10 एकदिवसीय और 15 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। वह 2016 टी-20 विश्व कप और 2017 एकदिवसीय विश्व कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं।

वह शीर्ष क्रम की बल्लेबाज और मध्यम गति की गेंदबाज़ी करती थीं। उन्होंने अपने दूसरे ही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में श्रीलंका के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया और नौ रन देकर तीन विकेट झटके थे। उन्होंने नवंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ

**● थैमसिन अपनी टीम के लिए शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी और मध्यम गति की गेंदबाजी करती थी**

एकदिवसीय क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए।

उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की और 2014 से 2018 तक कैंटरबरी में रहीं। 2023-24 सीजन से पहले सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स में जाने से पहले, वह पांच साल के लिए फिर से वेलिंगटन लौटीं। वह चार बार हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड, घरेलू 50 ओवर की प्रतियोगिता के फाइनल में शामिल हुईं। न्यूटन ने आखिरी बार 2017 में एकदिवसीय मैच खेला था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मांडविया ने साइक्लिंग तिरंगा रैली का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज सुबह स्वतंत्रता दिवस से कुछ दिन पहले आयोजित 35वीं फिट इंडिया संडे ऑन साइक्लिंग कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साइकिल चलाई। यहां कार्यक्रम की शुरुआत जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में हुई। इस बार देश भर की 2-5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। ध्वजारोहण से पहले पंचायत के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने साइकिल चलाने के विविध लाभों पर प्रकाश डाला, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी लाभदायक हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से न केवल स्वास्थ्य लाभ होता है, बल्कि यह प्रदूषण का समाधान भी है।

### हरियाणा और झारखंड के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**काकीनाडा, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में हरियाणा और झारखंड के बीच सोमवार को खिताबी भिड़ंत होगी। यहां खेले गए दिन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 3-0 से हराया। हरियाणा की कप्तान शशि काशा ने (आठवें) मिनट में गोलकर पहले क्वार्टर में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ कड़ी टक्कर दे रही थीं, लेकिन सुप्रिया ने (45वें और 47वें मिनट) आखिरी क्षणों में लगातार दो गोल करके गतिरोध तोड़ा। इसी के साथ हरियाणा ने टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। वहीं दिन के दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने यूपी ने (13वें मिनट) पहले क्वार्टर में पहला गोल किया।

# रमेश ने पदक जीत रचा इतिहास

**● एशियाई सर्फिंग में भारत को दिलाया पहला पदक**

**चेन्नई, वार्ता।** महाबलीपुरम में एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप का समापन हो गया। रमेश बुदिहाल ने आज इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के समापन के साथ ही कोरिया के कनोआ हीजे और जापान के अनरी मात्सुनो को पुरुष और महिला वर्ग का चैंपियन घोषित किया गया। महा. बलीपुरम की विश्वस्तरीय लहरों पर अंतिम दिन की प्रतिस्पर्धा ने रोमांचक फाइनल, राष्ट्रीय गौरव और ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए मंच तैयार किया। पहली बार, किसी भारतीय सर्फर ने महाद्वीपीय स्तर पर पदक जीता है। रमेश बुदिहाल ने ओपन पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता, जो भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारतीय सर्फिंग के लिए यह एक गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय दिन है जब किसी एशियाई चैंपियनशिप में पोडियम पर तिरंगा लहराया है, और एक भारतीय सर्फर ने कांस्य पदक जीता है, जो किसी ऐतिहासिक उपलब्धि से कम नहीं है। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अरुण वासु ने कहा कि रमेश की उपलब्धि साबित करती है कि भारत एशियाई सर्फिंग के नक्शे पर आ गया है, और यह अनगिनत युवा सर्फर्स को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। इस दिन ओपन पुरुष, ओपन महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियों के फाइनल मुकाबले हुए, जिसमें एशिया के सर्वश्रेष्ठ सर्फर पोडियम पर जगह बनाने के लिए चार-व्यक्ति हीट में भिड़े। इन प्रदर्शनों ने इस वर्ष की चैंपियनशिप को परिभाषित करने वाले कौशल, लचीलेपन और प्रतिस्पर्धी भावना को उजागर किया। महाबलीपुरम के दाहिने हाथ के पॉइंट ब्रेक ने ओपन पुरुष वर्ग के फाइनल में बेहतरीन स्थिति प्रदान की, जहां कनोआ हीजे (कोरिया) ने आक्रामक रेलवर्क, सटीक टाइमिंग और 15-17 के हीट-विजेता स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, और इंडोनेशिया के पजार एरियाना को केवल 0-6 अंकों से पीछे छोड़ दिया। रमेश बुदिहाल 12-60-मेगा आर्टाना को पछाड़ने और भारत के लिए पहला महाद्वीपीय सर्फिंग पदक हासिल करने के लिए स्मार्ट पोज़िशनिंग के साथ स्वच्छ, नियंत्रित टर्न का संयोजन किया। रमेश बुदिहाल के लिए, कांस्य पदक केवल पोडियम फिनिश से कहीं अधिक है-यह भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक सफलता है। एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय के रूप में, रमेश की उपलब्धि भारत में इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

# रायपुर डब्बा अकादमी के पहलवान चैंपियनशिप में पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे

**फगवाड़ा, वार्ता।** रायपुर डब्बा ओलंपिक कुश्ती अकादमी, फगवाड़ा के चार पहलवानों ने आगामी राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के लिए पंजाब कुश्ती टीम में जगह पक्की कर ली है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 21 से 24 अगस्त तक झारखंड के रांची में आयोजित की जाएगी। अकादमी के निदेशक एवं पूर्व राष्ट्रीय कुश्ती कोच प्यारा राम सोंधी ने आज यहां बताया कि अकादमी के चयनित पहलवानों में 70 किग्रा वर्ग में सूरज कुमार, 79 किग्रा वर्ग में विशाल कुमार, 92 किग्रा वर्ग में परमिंदर सैनी और 130 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में जस्टिन शामिल हैं। इन चारों ने हाल की प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और अकादमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहचान बन चुके अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया है।

# वार्नर ने लंदन स्पिरिट को दिलाई पहली जीत



**● डेविड वार्नर पारी की शुरुआत में अच्छी फॉर्म में आ गए थे लेकिन विलियमसन लड़खड़ा गए**

**लंदन, वार्ता।** लंदन स्पिरिट ने शनिवार (9 अगस्त) को वेल्श फायर पर 8 रनों की कड़ी जीत के साथ मेन्स हंड्रेड में अपना खाता खोलने में कामयाबी हासिल की। टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद, लंदन स्पिरिट ने अनुभवी डेविड वार्नर की अगुवाई में शानदार वापसी की, जिन्होंने 70 रनों पर नाबाद रहते हुए बल्लेबाजी की। वेल्श फायर के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी रन चेज में नाबाद रहे और अपनी टीम द्वारा बनाए गए आधे से ज्यादा रन बनाए, लेकिन फिर भी वे लड़खड़ा गए। वार्नर पारी की शुरुआत में ही अच्छी फॉर्म में आ गए थे, लेकिन दूसरे छोर पर केन विलियमसन लड़खड़ा गए। आखिरकार उन्होंने मैदान पर छक्का जड़कर अपनी लय तोड़ी, लेकिन जोश हल के आउट होने के कारण ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। पारी को आधे समय में एक बड़ा झटका तब लगा जब वार्नर और जेमी स्मिथ ने मिलकर क्रिस ग्रीन को तीन छक्के जड़कर आउट कर दिया। यह सिलसिला जारी रहा और स्मिथ ने हल की गेंद पर एक और बड़ा छक्का जड़ा, उसके बाद एक चौका जड़ा, और फिर गेंदबाज ने इस पारी का अंत कर दिया। इसके बाद एश्टन टर्नर की बारी आई और उन्होंने भी एक उपयोगी छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर वार्नर ने रन बनाना जारी रखा और स्कोर को 160 के पार पहुंचाया, जिसका मतलब था कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए एक ठोस शुरुआत जरूरी थी। हालांकि स्टीव स्मिथ और बेयरस्टो ने अपने पहले मैच में पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुरुआत में ही स्कूप करने की कोशिश में थर्ड मैन पर आउट हो गए। दुर्भाग्य से वेल्श फायर के लिए, विकेटों के गिरने के साथ ही रन गति की शुरुआत हो गई। लगातार दूसरे मैच में मध्यक्रम लड़खड़ा गया, जब लंदन स्पिरिट ने ल्यूक वेल्स, टॉम एबेल और टॉम कोहलर-कैडमोर जैसे बल्लेबाजों को आउट कर वेल्श फायर का स्कोर 39/5 कर दिया। कुछ ही गेंदों में स्कोर 55/6 हो गया, क्योंकि मैच का नतीजा साफ दिख रहा था। हालांकि, यह अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी कि वे केवल 8 रनों से हार गए, क्योंकि एक छोर पर उनके साथी खिलाड़ी कम पड़ रहे थे।

# नए फिटनेस टेस्ट में कई बांग्लादेशी क्रिकेटर मानकों पर नहीं उतरे खरे

**● मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे नाहिद ने प्रभावित किया**

**ढाका, वार्ता।** कई बांग्लादेशी क्रिकेटर नए फिटनेस टेस्ट में मानकों पर खरे नहीं उतरे। हालांकि मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे जबकि नाहिद राणा ने फिटनेस ट्रेनिंग में प्रभावित किया, लेकिन रविवार को नेशनल स्टेडियम में 1600 मीटर दौड़ में कुछ अन्य क्रिकेटर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए।

इससे पहले, खिलाड़ियों की फिटनेस की निगरानी यो-यो या बीप टेस्ट के जरिए की जाती थी। हालाँकि, नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली के आने के बाद से, टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों की फिटनेस की जांच के लिए 1600 मीटर दौड़ और 40 मीटर स्प्रिंट का विकल्प चुना है। पता चला है कि तेज गेंदबाज़ मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम और शमीम पटवारी को 1600 मीटर की दौड़ पूरी करने में लगभग आठ मिनट लगे। दूसरी ओर, से राणा फिटनेस टेस्ट में भाग लेने वाले 22 क्रिकेटरों में सर्वश्रेष्ठ रहे, जिन्होंने 1600 मीटर की दौड़ केवल 5 मिनट 31 सेकंड में पूरी की। टीम प्रबंधन के एक सदस्य ने रविवार को बताया कि राणा ने शानदार प्रदर्शन किया। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

# अंग्रेजों को घर में भारी पड़े भारतीय बल्लेबाज

**● शुभमन गिल ने महज 10 प्रतिशत गलत शाट्स खेले**

**● बुमराह व सिराज ने अंग्रेजो को ज्यादा परेशान किया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी (एटीटी) के नतीजों को भारत ने किसी तरह 1-3 की हार से 2-2 के ड्रा में बदल लिया, लेकिन पूरी सीरीज में इंडियन प्लेयर्स ही इंग्लिश खिलाड़ियों पर हावी दिखे। सीरीज के 5 टेस्ट में भारत के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के बैटर्स से बेहतर कंट्रोल दिखाया।

एक रिपोर्ट अनुसार, भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने तो दोनों टीमों में सबसे कम 10 प्रतिशत ही गलत शाट्स खेले, जिनमें गेंद उनके बैट से मिडिल नहीं हुई। टॉप-4 बैटिंग कंट्रोल वाले प्लेयर्स में चारों भारतीय रहे। इतना ही नहीं, गेंदबाजों में भी भारत के ही मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के टॉप-5 बैटर्स को सबसे ज्यादा परेशान किया। उनके सामने बल्लेबाजों ने 25.1 प्रतिशत गलत शाट्स खेले। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में दोनों टीमों ने जिस तरह की फाइट दिखाई, उसे 2-2 की स्कोरलाइन से बेहतर और किसी तरह नहीं समझाया जा सकता। हालांकि, आंकड़ों में फिर भी टीम इंडिया आगे रही। इंग्लैंड से 9 के मुकाबले भारतीय बैटर्स ने 12 शतक लगाए। इंडियन प्लेयर्स का बैटिंग औसत भी इंग्लैंड के 37.57 के मुकाबले 39.77 का रहा। यहां तक कि सीरीज के टॉप-6 रन स्कोरर में 4 बैटर्स भारत के रहे। बल्लेबाज किसी गेंद को बैट से मिडिल करता है या पूरी तरह छोड़ देता है तो यह 100 प्रतिशत कंट्रोल में आता है।

वहीं, गेंद अगर बैट के किनारे से लगती है या बल्लेबाज को चकमा देकर चली जाती है, तो उसे 0 प्रतिशत कंट्रोल में काउंट करते हैं। दोनों के औसत से ही किसी बल्लेबाज या गेंदबाज का कंट्रोल प्रतिशत निक. ालते हैं। बैटिंग कंट्रोल के पैरामीटर में भी भारतीय बैटर्स आगे रहे। इंग्लैंड ने 78.2 प्रतिशत कंट्रोल दिखाया, वहीं भारत ने 84.6 प्रतिशत कंट्रोल में शाट्स खेले। यानी भारतीय बैटर्स ने सीरीज में इंग्लैंड के 21.8 प्रतिशत के मुकाबले 15.4 प्रतिशत ही गलतियां कीं। हालांकि, इंग्लैंड पिछले 3 साल से अटैकिंग बैटिंग कर रहा है, इस कारण भी उनके बैटर्स ज्यादा गलतियां कर रहे हैं। इससे विकेट के चांस तो बनते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि विकेट भी गिरे ही। कई बार बैट का बाहरी किनारा लगने के बाद भी गेंद स्लिप फील्डर तक नहीं पहुंचती। इस कंडीशन में बल्लेबाज गलत शाट के बावजूद आउट होने से बच जाता है। भारत के खिलाफ सीरीज से पहले इंग्लैंड ने बैजबाल अप्रोच में घरेलू कंडीशन में 20 टेस्ट खेले।

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया

**डार्विन, वार्ता।** टिम डेविड (83) और कैमरून ग्रीन (35) की आतिशी पारियों के बाद जॉश हेजलवुड और बेन ड्वारश्विस (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं और उसने पहले ही ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (12) का विकेट गंवा दिया। उन्हें जॉश हेजलवुड ने विकेटकीपर कैमरून ग्रीन के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लुआन-द्रे प्रेटोरियस को ग्लेन मैक्सवेल ने ओवेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया।

# गरीबों को 8 वर्षों से निःशुल्क भोजन देना अद्वितीयः अटल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि विगत आठ वर्षो से गरीबों व असहाय लोगों को प्रभुजी की रसोई में निरंतर निःशुल्क भोजन दिया जाना अद्वितीय है।

मंडलायुक्त श्री राय स्थानीय गांधी पार्क के पास लोक कल्याण समिति द्वारा गरीब, असहाय व अन्य जरूरतमंद लोगों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरित किये जाने के आज आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रभु जी की रसोई में गरीब व असहाय लोगों को अपने हाथ से भोजन वितरित करने के अवसर पर बोल रहे थे। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रभु जी की रसोई की आठ वर्ष की निरन्तर सेवा के दौरान लगभग 13 लाख लोगों को उच्च कोटि का भोजन निःशुल्क भोजन वितरित किया जा रहा है और सेवा की यह अविरल धारा नर सेवा नारायण सेवा एवं भूख के खिलाफ अभियान को चरित्रार्थ कर रही है। इसके लिए समिति के सभी सदस्य व सहयोगकर्ता बधाई के पात्र है।



इस अवसर पर रसोई के आठ वर्ष पूर्ण होने पर मंडलायुक्त द्वारा एक पोस्टर का भी विमोचन किया गया। साथ ही इस वर्ष के स्वाधीनता दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान की शुरूआत भी मंडलायुक्त द्वारा प्रभु जी की रसोई से की गयी और समिति के सदस्यों द्वारा मंडलायुक्त को खादी का विशाल तिरंगा भी भेंट किया गया। समिति के सचिव शीतल टण्डन ने कहा कि इन आठ वर्षों में वर्ष 2020 व 2021 के कोरोना काल में भी जिस प्रकार हजारों की संख्या में प्रतिदिन प्रभु जी की रसोई के माध्यम से लोगों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये गये और सेवा की इस अविरल धारा में सहयोगकर्ताओं का सबसे अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 2017 को तत्कालीन मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल द्वारा प्रभु जी की रसोई की स्थापना की गयी थी और तब से लेकर 9 अगस्त 2025 तक आठ वर्षों में प्रभु जी की रसोई में तेरह लाख लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित किया जा चुका है और प्रभु कृपा व सबके सहयोग से यह निरन्तर जारी रहेगा। समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी मनीष बंसल भी समिति के सेवाकार्यों में पूरी रूचि लेकर मार्गदर्शन करते रहते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल व सिंघल परिवार के छोटे बच्चे अमोघ का भी जन्मदिन मनाया गया और मण्डलायुक्त ने करकमलों से गरीब व असहाय लगभग 400 लोगों को भोजन भी वितरित किया। इस दौरान समिति के सचिव शीतल टण्डन, कर्नल संजय मिडढा, मुरली खन्ना, पंडित जयनाथ शर्मा, महेन्द्र सचदेवा, कृष्ण लाल मिड्ढा, खैराती लाल अरोडा, के.एल.दावडा, भोपाल सिंह सैनी, संजीव सचदेवा, प्रयागराज से पधारे वरिष्ठ पत्रकार दीपक मिश्रा, राजेश कुमार यादव, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंघल, दीपक गंभीर, मंयक सिंघल, अमित सिंघल, पी. एन. मधुकर, डा.जी.बी.लाल, अंकित सिंघल आदि बडी संख्या में शामिल रहे।

# यादव समाज के मेधावी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** गागलहेड़ी में उत्तर प्रदेशीय यादव महासभा द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे यादव समाज के मेघावी छात्र छात्राओं और सेवानिवृत हुए कर्मचारीयों को सम्मानित किया गया है।

रविवार को कस्बा गागलहेड़ी के संगम बैंक्विट हॉल में उत्तर प्रदेशीय यादव महासभा द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में एक सम्मान समरोह का आयोजन किया गया है जिसमे यादव समाज के मेघावी छात्र छात्राओं और सेवानिवृतो को सम्मानित किया गया है।कार्यक्रम का संचालन मास्टर अरविन्द यादव ने किया और अध्यक्षता पूर्व जस्टिस वीरेंद्र सिंह यादव ने की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील यादव रहे व विशिष्ट अतिथि रि. चीफ इंजिनियर नरेंद्र यादव व मेजर अंशुल यादव रहे द्य कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।सभी वक्ताओं ने समाज के उत्थान पर व बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया।और कहा कि समाज को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है जिसमे शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान यादव सभा अध्यक्ष नरेंद्र यादव, मा.धर्मपाल यादव, राजेश यादव, संजय यादव, नवाब प्रधान, राज किशोर यादव, मा. श्यामलाल यादव, मा. राजबीर यादव, मा. कर्शनलाल यादव, अच्छन यादव, वीरेंद्र यादव, पत्रकार जसवीर यादव, पत्रकार दीपक यादव, पन्नालाल यादव, डाक्टर विवेक यादव, डाक्टर पूनम यादव, पवनलता यादव, जीएस यादव मौजूद रहे।

# 31 लोगों ने किया स्वेच्छिक रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और गर्मी के मौसम में जनपद में रक्त की आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 31 रक्तदाताओं ने स्वेच्छता से रक्तदान किया।

नानौता के गाँव चौरा में लगाये गये रक्तदान शिविर कुल 31 रक्तदाताओ, महिला एव पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तकरीबन 12 रक्तदाता स्वास्थ्य जाँच में अयोग्य पाए गए, जोकि रक्तदान करने से वंचित रहे। यह रक्तदान शिविर इस गर्मी के समय में आयोजित किया गया। जिसमे लोगों का उत्साह देखने लायक है कि क्षेत्र का हर वर्ग रक्तदान जीवनदान जैसी समाज सेवा के लिए समर्पित है। ट्रस्ट के संरक्षक अश्वनी कुमार मित्तल ने बताया कि हमारा मिशन सहारनपुर को "100% स्वैच्छिक रक्तदान वाला जनपद" बनाना है। आज का शिविर इस दिशा में एक मजबूत कदम है।

शिविर संयोजक राहुल सिंह ने बताया कि रक्तदान करने से न तो शरीर कमजोर होता है, न ही कोई नुकसान होता है। यह एक पुण्य का काम है। एफ.बी.डी. समाज को रक्तदान करने के लिए एक दशक से रक्तदान जागरूकता अभियान चला रही है। रक्तदान वह महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं। यह रक्त केवल मनुष्य के शरीर से मिल सकता है, फैक्ट्री से नहीं।



रक्तदान शिविर में मनोज प्रधान, पंकज रोड़, बृजेश रोड़, प्रिन्स, रजत सम्राट, सागर, सुधीर, चंद्रपाल, अमित, धनसिंह, अंकित गौतम आदि ने भाग लिया।

# पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती पर भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आज वीरांगना श्रीमती फूलन देवी, पूर्व सांसद की जयंती पर भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके जीवन संघर्ष को याद किया।

अम्बाला रोड स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई। इसके पश्चात आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और समाज के वंचित एवं उत्पीड़ित वर्गों के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।



जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने अपने संबोधन में कहा कि ष्वीरांगना फूलन देवी का जीवन साहस, संघर्ष और न्याय की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाकर महिला सशक्तिकरण की अद्वितीय मिसाल पेश की।ष उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा पीडीए समाज में सामाजिक न्याय समानता और वंचित वर्गों को उनके अधिकार दिलाने की लड़ाई सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के नेतृत्व में लड़ी जा रही है

पूर्व मंत्री प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप एवं प्रदेश आमंत्रित सदस्य रतन यादव ने एक स्वर में कहा कि फूलन देवी के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। वह केवल एक नाम नहीं, बल्कि साहस, स्वाभिमान और अधिकारों की प्रतीक हैं। उनकी जयंती पर पार्टी ने यह संकल्प लिया कि समाज के हर कमजोर वर्ग की आवाज को बुलंद किया जाएगा और महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव ै ब प्रकोष्ठ जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी सपा के वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल गफूर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्षडॉ नरेश कश्यप महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुस्तकीम राणा महानगर विधानसभा अध्यक्ष काशिफ अल्वी रामआशीष यादव हसीन कुरैशी शाहिद मंसूरी मास्टर मुकेश कश्यप राजकुमार कश्यप राहुल कश्यप विकास कश्यप महेंद्र साहनी शिवम कश्यप राजेश कश्यप राजीव कश्यप फैजान कुरैशी एयाज उस्मानी नितिन ठाकुर मांगेराम माहौल कश्यप नरेश कश्यप जमील साबरी वेदपाल पटनी आदि मौजूद है।

# टेलीफोन पोल बना खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जर्जर हालत में पहुंचा टेलीफोन पोल अब खुद सहारा मांग रहा है। जिससे वह खुद तारों के सहारा खड़ा हुआ है। यह आमजन के लिए खतरा बना हुआ है। मगर दूरसंचार विभाग को इसकी खबर ही नही है। जो आमजन के लिए कभी भी मुसीबत बन सकता है।

गंगोह के सर्राफा बाजार में पुराने पोस्ट ऑफिस के पास एक टेलीफोन का पोल 2 साल से जर्जर हालत में खड़ा हुआ है। अब पूरी तरह से वह गल गया है। जो नगर पालिका के स्ट्रीट लाइट के जा रहे केबिल के सहारे खड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो साल हो गए। मगर विभाग अनजान बना हुआ है। दूरसंच.ार विभाग के गंगोह एसडीओ मुकेश कुमार ने बताया कि जर्जर पोल की जानकारी नही है, जल्द ही दिखवा कर उसको हटाया जाएगा।



# शाहजहांपुर मार्ग की हालत बद से बदतर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** एक ओर जहां प्रदेश की योगी सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त रखने के आदेश एवं योजनाएं चला रही है। वही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी इन योजनाओं आदेशों को पलीता लगाने में लगे हुए है।

विभागीय अधिकारियों की लाप.रवाही से शाहजहांपुर से चिलकाना मार्ग पर गांव चोरी मण्डी गोविंदपुर के सामने हालात बद से बदतर हो रहे है। आखिर क्या मजाल जो वाहन एक बार इन गड्ढों में फंस जाए वो बिना हाइड्रा मशीनों के निकल जाए। अब तो यह भी समझ नहीं आ रहा गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे। फिर भी अपनी जान जोखिम में डालकर गांव वासी एवं राहगीर सफर करने को मजबूर है। खनन से भरा एक ट्रक इन गड्ढों में फंस गया जो कि दो हाइड्रा की मदद से आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। जिसके बाद उसी गड्ढे में छोटे हाथी टेंपो भी पलट गए जिन्हें ग्रामीणों ने बाहर निकलवाए।

मामला शाहजहांपुर चिलकाना मार्ग का है। हालांकि इस मार्ग पर रेलवे फाटक से लेकर चिलकाना तक इस मार्ग पर जगह जगह गड्ढे बन गए है।गांव चोरी मण्डी गोविंदपुर के सामने तो हालत बद से बदतर हो गए है। ग्रामीण राजपाल सिंह, संदीप मुखिया, राजिंद्र, जगमाल, देवेंद्र, संजय आदि ने बताया कि सड़क में बने गड्ढों में गिरकर आए दिन वाहन चालक घायल हो रहे है। गांव के लोगों को भी बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार सुबह करीब 4:00 बजे एक खनन से भरा डंपर सड़क के बीचों बीच बने गड्ढे में धस गया था।जिसको करीब 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दो हाइड्रा मशीनों की मदद से बाहर निकाला गया। जिसके बाद एक एक कर तीन छोटे हाथी गड्ढों में पलट गए।बाइक सवार भी गड्ढों में गिरने से घायल होते रहते है। लोगो का कहना है कि आखिर चुनाव के दौरान भोले भाले ग्रामीणों के सामने बड़े बड़े दावे करने वाले जनप्रतिनिधि इन गड्ढों की समस्याओं से निजात क्यों नहीं दिला रहे है। ना ही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारी कुंभकर्णी नींद से जागने को तैयार नहीं है।



बड़ा सवाल- क्या इस बड़ी समस्या का पीडब्ल्यूडी विभाग लेगा संज्ञान या ऐसे ही लोग होते रहेंगे दुर्घटनाओं का शिकार।

# विधि विधान से रामलीला धर्म ध्वजा की स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** धार्मिक विधि विधान के साथ रामलीला की धर्म ध्वजा स्थापित कर दी गई। इससे पूर्व जय श्री राम के नारों के साथ नगर में शोभा यात्रा निकाली गई।

पंचायती धर्मशाला से शुरु हुई शोभा यात्रा शिव चौक, सर्राफा बाजार, ईशरा, कानूनगोयान, पेंठ बाजार, ककराली मार्ग से होते हुए महादेव कुटी हनुमान मंदिर पर पहुंची जहां धार्मिक विधान से ध्वज का पूजन किया गया। यहां ध्वज का पूजन रामलीला महोत्सव मंडल के संयोजक रघुनन्दन गोयल, मनोज गोयल ने किया। ध्वज पूजन पंडित राजेंद्र शर्मा ने कराया। पंचायती धर्मशाला में रामलीला महोत्सव के कश्यप कुमार फौजी व अतुल गोयल ने पूजन कराया। पूजन के साथ ही रामलीला महोत्सव की कमान फिर से पुराने कलाकारों के हाथों में दे दी गई। पूजन के बाद धर्म ध्वजा रामल.ीला भवन पर पहुंची जहां स्थापना कर दी गई। आढ़त बाजार, रामलीला भवन में रामलीला की तैयारियां रक्षा बंधन से ही शुरु हो जाती हैं। तैयारियों से पूर्व ध्वज स्थापना कर दी जाती है। रक्षा बंधन से ही रामलीला महोत्सव का पूर्वाभ्यास भी शुरु कर दिया जाता है।

कार्यक्रम में रामलीला महोत्सव के अरविंद पाल सिंह कपूर, मनोज गोयल, नवीन पांचाल, अनिल तायल, सतीश कुमार गोयल, मैनपाल, अमरदीप लाडडी, अभिषेक पांचाल, शुभ बंसल, सागर कुमार आदि शामिल रहे।

# 16 से 19 अगस्त तक मनाया जाएगा महोत्सव

**गंगोह।** लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व की तैयारियां जोर शोर से जारी है। महोत्सव 16 अगस्त से 19 अगस्त तक मनाया जायेगा।

श्री सुदर्शन क्लब के प्रबंधक ब्रजमोहन वर्मा व विपिन वर्मा ने बताया कि 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व पर ठाकुर जी का महास्नान व श्रंगार होगा और नगर व देहात के मन्दिरों में भगवान कृष्ण की झांकियां सजाई जायेगी। 19 अगस्त को श्री कृष्ण रथ यात्रा जायेगी। जबकि 27 अगस्त को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में ठाकुर जी का जसुटन महोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर में भव्य संकीर्तन का आयोजन होगा। 28 अगस्त दिन बुधवार को शिव चौंक स्थ्ति एक पैलेस में भण्डारा का आयोजित होगा।

# आर्यन क्रिकेट एकेडमी ने जीता मैच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड रोड स्थित आर्य क्रिकेट एकेडमी में आयोजित एकदिवसीय क्रिकेट मैच एकता क्लब अंबेहटा व आर्यन क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया।

आर्यन क्रिकेट एकेडमी के कप्तान लक्ष्य ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन का लक्ष्य विपक्ष एकता क्लब टीम के समक्ष रखा। शानदार बल्लेबाजी करते रवीश राठी 39, देवाश 31 जबकि वंश ने सर्वाधिक 63 रन की पारी खेली। एकता क्लब की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हनी ने सर्वाधिक चार विकेट लिए जबकि हर्षित मित्तल ने दो विकेट लिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्लब की टीम आर्यन स्पिनर गेंदबाजों के सामने 140 रन के योग पर ऑल आउट हो गई। 35 रन के अंतर से एकता क्लब ने हार का सामना करना पड़ा। एकता क्लब की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते अक्षय ने सर्वाधिक 46, गोविंद 16, पारस 24, आरव शर्मा ने 14 रन ही बना सके। शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वंश कुमार को मैन ऑफ द मैच वह खिताब दिया गया। इस दौरान सेठपाल सिंह, जनक सिंह, हर्षित मित्तल आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** दलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज का 76 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कालेज परिसर में आयोजित यज्ञ के यजमान प्रबंधक पूनम कृष्णा रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विजय गर्ग रिटायर्ड आईजी उत्तर प्रदेश रहे। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वर्ष 2024-25 में कक्षा 10 और 12 की विद्यालय में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को प्रबंध समिति की ओर से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब गंगोह ग्रेटर द्वारा वर्ष 2024-25 की कक्षा एक से 12 तक की प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमोद गोयल द्वारा पुरस्कृत किया गया। डिंपी बुक स्टोर के सौजन्य से शुभम अग्रवाल द्वारा कक्षा 10 तथा 12 की प्रथम में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कालेज प्रबंधक द्वारा डॉ. वी के गर्ग छात्रवृत्ति के बारे में सूचित किया गया।



जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को नकद धनराशि प्रदान की जाएगी। कालेज में कक्षा 10 तथा 12 में कला विषय में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए नीरा शर्मा को सम्मानित किया गया। पूर्व प्रबंधक योगेंद्र गर्ग द्वारा अपनी माता की पुण्यतिथि पर कालेज को 31000 रुपए की सहयोगराशि प्रदान की। सर्वाधिक उपस्थिति के लिए अध्यापिका बिंदु अरोड़ा व श्वेता को पुरस्कृत किया गयाद्य विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य के लिए अनुज गर्ग को भी सम्मानित किया गया। पल्लवी सिंह द्वारा वर्ष 2024 के शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों की रिपोर्ट पढ़ी गई। विशिष्ट अतिथि ने सभी छात्राओं को सशक्त बनाने तथा सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राकेश गर्ग, सुनील रीना गर्ग, निशा गुप्ता, रमेश चंद्र गर्ग, डॉ राकेश गर्ग, सुहैल खान आदि मौजूद रहे।

# ग्लोकल विवि में संस्कृत सौरभम 2025 का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के ग्लोकल आयुर्वेद महाविद्यालय के संहिता सिद्धांत एवं संस्कृत विभाग द्वारा "संस्कृत सौरभम् 2025" का आयोजन मेडिकल ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संहिता पाठन से हुई, इसके पश्चात पोस्टर, निबंध, श्लोक, कविता, भाषण, नृत्य व गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उद्घाटन सत्र में ग्लोकल विश्व.विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति निजामुद्दीन, कुलपति प्रोफेसर एच. एस. सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे, उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एच. एस. सिंह ने कहा, "संस्कृत केवल भाषा नहीं, संस्कृति की आत्मा है, जो आयुर्वेद की मूल भावना को प्रकट करती है।" कार्यक्रम की समन्वयक श्रीमती अंजू बाला ने स्वागत भाषण में कहा, "संस्कृत वह आधार है, जिस पर आयुर्वेद की संपूर्ण परंपरा टिकी हुई है। यह भाषा न केवल ज्ञान का माध्यम है, बल्कि साधना और संस्कार का स्रोत भी है।" मुख्य वक्ता डॉ. हिमानी गुप्ता ने संस्कृत का आयुर्वेद में महत्व बताया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# सम्मेलन में फार्मासिस्टों से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन सहारनपुर के जिला सम्मेलन में फार्मासिस्टों से जुड़े छह प्रमुख मुद्दों पर चर्चा कर उन्हें सरकार के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

नुमाइश कैंप स्थित नवयुग पार्क में आयोजित सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप आर्य ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य रूप से छह मुद्दों के समाधान, जिनमें उत्तर प्रदेश में फार्मासिस्ट के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती, उपकेंद्रों पर पद सृजन और नियुक्ति, फार्मेसी प्रैक्टिस एंड रेग.ुलेशन एक्ट का तत्काल लागू होना, होलसेल दवा कारोबार में फार्मासिस्ट की अनिवार्यता, शेड्यूल-ज्ञ का समाप्त होना तथा यूपी फार्मेसी काउंसिल के चुनाव ऑनलाइन कराने की मांग रखी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने कहा कि यदि सरकार ने इन मांगों पर विचार नहीं किया, तो संगठन आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रीय महासचिव वी.के. सिंह ने आगामी फार्मेसी काउंसिल चुनाव में संगठन को समर्थन देने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने संगठन को फार्मासिस्टों की हकों की लड़ाई का सच्चा पैरोकार बताया, जबकि संगठन मंत्री रजत सैनी ने इंटरशिप के नाम पर हो रहे शोषण का विरोध किया। सम्मेलन में उत्तराखंड प्रदेशाध्यक्ष तनिष्क त्यागी, उपाध्यक्ष प्रवीण धवल, अक्षय मिठारिया, जानशेर खान, सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रक्षा सूत्र बांध खुशहाली की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता विजयपाल सिंह को रक्षा सूत्र बांधे और उनकी खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व.विद्यालय की स्थानीय शाखा संचालि.का बीके सन्तोष दीदी ने शनिवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता विजयपाल सिंह व पार्षद सुलेख चंद को रक्षा सूत्र बाँध कर उनके दीर्घायु व सुखद जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने ब्रह्मकुमारी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि त्यौहार हमारे बीच अपनत्व लाते हैं और हमें सिखाते हैं कि खून के रिश्तों जितने ही पवित्र सामाजिक रिश्ते भी होते हैं।जिन्हें हमें आजीवन निभाना चाहिए।



बीके सन्तोष दीदी ने कहा कि रक्षा बंधन पर्व हमें बहन भाई के बीच अटूट श्रद्धा व विश्वास के साथ साथ बहन की रक्षा करने का संकल्प लेने का भी सन्देश देता है। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों के हाथों में राखी बांधकर उनकी दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना भी करती हैं।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता रानी, पार्षद सुलेख चंद, आदित्य सिंह, बीके सुशील भाई,बीके कोमल मौजूद रहे।

# साख का सवाल

वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़े को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच छिड़ा सीधा युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। संसद में तो हंगामा बरपा ही है साथ ही यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के द्वार भी पहुंच गया। रविवार को और विस्तार देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर एक फोन नंबर जारी कर वोट चोरी के खिलाफ जनसमर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी ने कहा है कि वोट चोरी एक व्यक्ति एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है और उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह पारदर्शिता दिखाए और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करे ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सके। राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के सोमवार को प्रदर्शन की बात भी कही। यह प्रदर्शन संसद से चुनाव आयोग तक किया जाएगा। कांग्रेस का यह भी कहना है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैकड़ों लोगों के नाम चढ़ाकर लोकतंत्र को तबाह कर रहा है।

कांग्रेस ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय में चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा है कि वह बिहार में जो 65 लाख लोगों के नाम छूट गए हैं उनके विषय में कोई जानकारी नहीं देगा। चुनाव आयोग के अनुसार ऐसा कोई नियम नहीं जिसके तहत नाम काटने का कारण बताया जाए या ऐसी जानकारी दी जाए। कांग्रेस का कहना है कि इससे साफ है कि चुनाव आयोग पूरी तरह से अपनी मनमर्जी चला रहा है और मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर धांधली छुपाने के लिए सारी हदें पार कर रहा है। अब इसमें कौन सही है कौन गलत, यह बात अपनी जगह, लेकिन ऊपरी सतह पर देखने में आ रहा है कि किसी की भी दिलचस्पी इस बात में दिखाई नहीं दे रही है, इस मामले की पूरी तरह निष्पक्ष जांच हो। चुनाव आयोग यह मानने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है कि वोटर लिस्ट में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है, जबकि राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ वोटर लिस्ट के संबंध में अपनी बातों को रखा है और साबित किया है कि वोटर लिस्ट में काफी गड़बड़ है। अभी जो बिहार में वोटर लिस्ट का काम चल रहा है उसके माध्यम से भी बताया गया है कि नई वोटर लिस्ट में मुजफ्फरपुर के एक मकान में 269 वोटरों नाम अंकित हैं। इसी तरह जमूई के एक मकान में 247 वोटरों के नाम हैं। कांग्रेस का मानना है कि यह सरासर वोट चोरी है, जिसका खेल अब सामने आ चुका है।

महाराष्ट्र और कर्नाटक से भी इस तरह की खबरें मिली हैं, जहां एक कमरे के पते के नाम पर 80-90 वोट बनी हैं। चुनाव आयोग को समझना होगा कि उसकी जिम्मेदारी ऐसे हालात में सबसे ज्यादा है, क्योंकि इससे पूरी चुनाव प्रक्रिया ही दांव पर लग गई है। किसी भी मामले में साख बेहद अहम हिस्सा होती है और चुनाव आयोग की साख इस समय बेहद निचले स्तर पर पहुंच गई है।

## विकास की रफ्तार से खुश नहीं कुछ लोग



कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा, सबके बॉस तो हम हैं, भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है, कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया इन्हें न खरीदे, यह प्रयास किया जा रहा है, लेकिन, भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती, अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं, यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है, हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**




# खतरे में सरकार की साख

**तनवीर जाफरी**



भारत वर्ष को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जहां दुनिया जानती है वहीं यहां होने वाले चुनाव भी पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिए चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं।

उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है वहीं इन्हीं चुनावों में प्राय: कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुए जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुए हैं उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी व राज्यसभा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।

बहरहाल 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद EVM की विश्वसनीयता का सवाल अब विपक्षी दलों द्वारा किया जाने लगा है। पिछले एक दशक से होने वाले लगभग सभी चुनावों में EVM से होने वाली धांधलियों के अनेक आरोप लगते रहे हैं। कभी EVM बदलने के तो कभी EVM चोरी होने के। कभी मतदाताओं को यह कहते सुना गया कि उन्होंने वोट तो कहीं और दिया परन्तु मशीन किसी दूसरे निशान पर वोट पड़ा बताती है। हालांकि पिछले चुनावों में कई बार कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें भी बनीं परन्तु EVM का विरोध निरंतर जारी रहा। दिल्ली में जंतर-मंतर पर अनेक बार EVM विरोधी प्रदर्शन भी हुए। देश के वकीलों का एक बड़ा वर्ग खुलकर EVM के विरोध में खड़ा हुआ परन्तु सरकार व चुनाव आयोग EVM पर ही विश्वास जताते रहे परन्तु अब मामला EVM की विश्वसनीयता से भी आगे बढ़कर वोटर लिस्ट में हो रही भयंकर धांधली का उजागर हुआ है और इसका भंडाफोड़ किया है लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने।

गत 7 अगस्त को राहुल गांधी ने बड़े पैमाने पर हो रही चुनावी धोखाधड़ी को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र में, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए मतदाता सूचियों में, विशिष्ट अनियमितताओं को उजागर किया। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल (महादेवपुरा) क्षेत्र में, कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से, 1 लाख से अधिक फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की 1,14,046 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हुई। उन्होंने मतदाता सूची में विसंगतियों के उदाहरण दिए और मतदाता सूचियों में हेराफेरी, डुप्लिकेट मतदाता, साक्ष्यों का विनाश और पारदर्शिता का अभाव, असामान्य मतदान पैटर्न आदि विषयों को प्रमाण सहित उठाया। गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवा. निवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को देशद्रोही और राष्ट्रहित के विरुद्ध करार दिया और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छह महीने की कड़ी मशक्कत के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को परमाणु बम का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इनके सार्वजनिक प्रकाशन से चुनाव आयोग की भूमिका उजागर हो जाएगी और उसके पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी।

दरअसल राहुल गांधी के मांगने पर चुनाव आयोग ने लगभग तीन क्विंटल से भी अधिक कागजों के विशाल बंडल उन्हें भेजे थे। राहुल ने अपने विशेषज्ञों के साथ इन कागजात में से केवल 4 किलो कागज का चुनाव किया और बड़ी बारीकी से उनका डेटा अध्ययन किया। जब इन कागजात में ही वोटों की बड़ी चोरी पकड़ी गई तभी राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुंच गए कि जब 4 किलो कागजात फर्जी हैं तो शेष सैकड़ों किलो कागजात भी फर्जी ही हैं। गोया अब सवाल महादेवपुरा विधानसभा का ही नहीं बल्कि देश की प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा सीटों के चुनाव का है? यही वजह है कि अब राहुल गांधी देश की सभी 543 लोकसभा का वोटर डेटा मांग रहे हैं। वह इसीलिए मशीन रिडेबल डेटा की मांग कर रहे हैं ताकि डेटा और फोटो एनालिसिस हो सके। कांग्रेस का मानना है कि यदि चुनाव आयोग ने मशीन डेटा दे दिया तो मात्र 7 दिनों में हर एक वोटर की पहचान हो जाएगी। आश्चर्य है कि भारतीय इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा चुनाव आयोग का काला चिट्ठा खोला गया है। पूरी सरकार व प्रधानमंत्री तक को फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री बताया जा रहा है परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग दोनों ही एक दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि राहुल गांधी के आरोप निराधार, शर्मनाक और लोकतंत्र का अपमान हैं और भाजपा नेताओं के अनुसार ये आरोप कांग्रेस की हार से उपजी हताशा का परिणाम हैं। उन्होंने कांग्रेस को कानूनी रास्ता अपनाने की चुनौती दी और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता का बचाव किया। साथ ही भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थानों पर हमले के रूप में वर्णित किया। याद कीजिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख वोटरों के नाम काट दिए गए थे। किसने कटवाए थे यह नाम? क्यों काटे गए? ऐसी अनियमिताओं की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की नहीं तो किसकी है? किसके इशारे पर होता है यह काम? क्या यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के खिलाफ साजिश नहीं? राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पांच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। उधर महाराष्ट्र में ही कई प्रत्याशी भी यह कहते सुने गए कि भाजपा नियंत्रित अधिकांश बूथ पर शाम पांच बजे के बाद अनजान मतदाताओं की बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई थी। कौन थे कहां से आए थे ये मतदाता? राहुल से हलफनामा मांगने जैसी बातें करना तो उनके संगीन आरोपों से मुंह छुपाने का बहाना मात्र प्रतीत होती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**जलवायु परिवर्तन ने हिमालई क्षेत्र में आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता को बढ़ा दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार, 1988 से 2023 तक उत्तराखंड में 12,319 भूस्खलन हुए, जिनमें से 1,100 अकेले 2023 में दर्ज किए गए। ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना और ग्लेशियल झीलों का विस्तार ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड का खतरा बढ़ा रहा है। उत्तरकाशी की हालिया बाढ़ में भी विशेषज्ञों ने जीएलओएफ की संभावना जताई है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भारी बारिश की घटनाएं अधिक आम हो रही हैं।**

# उत्तरकाशी त्रासदी: मात्र एक चेतावनी

**विनीत नारायण**



भारत के पहाड़ी क्षेत्र, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश, प्राकृतिक सौंदर्य और जैव-विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि गंगा, यमुना और अन्य प्रमुख नदियों का उद्गम स्थल भी हैं, जो देश की जीवनरेखा हैं।

हालांकि, हाल के वर्षों में इन क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता ने गंभीर चिंता पैदा की है। उत्तरकाशी में हाल ही में भीषण बाढ़ और मलबे के प्रवाह ने एक बार फिर से यह सवाल उठाया है कि क्या हम अपने पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के साथ खिलवाड़ तो नहीं कर रहे हैं? यह आपदा, जो भगीरथी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में हुई, न केवल प्राकृतिक कारणों से बल्कि अवसंरचना परियोजनाओं के कुप्रबंधन और पर्यावरणीय असंतुलन के कारण और भी विनाशकारी बन गई। यह समय है कि हम इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें और तत्काल कार्रवाई करें।

5 अगस्त 2025 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में एक बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई। खीर गंगा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में हुई इस घटना ने गांव के घरों, होटलों, दुकानों और सड़कों को तहस-नहस कर दिया।चार लोगों की मौत हो गई और 50 से 100 लोग लापता हो गए। यह आपदा भगीरथी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में हुई, जो 2012 में गंगा नदी की पारिस्थितिकी और जलस्रोतों की सुरक्षा के लिए अधिसूचित किया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र में अनियंत्रित निर्माण कार्य, जैसे कि नदी के बाढ़ क्षेत्रों पर होटल और हेलीपैड का निर्माण, ने इस आपदा को और अधिक गंभीर बना दिया।

उत्तरकाशी की यह घटना कोई अपवाद नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बार-बार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। 2013 की केदारनाथ बाढ़, जिसमें 5,700 से अधिक लोग मारे गए थे और 2021 की चमोली बाढ़, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए या लापता हो गए, ऐसी त्रासदियों के उदाहरण हैं। इन आपदाओं का एक प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन है, जो हिमालई क्षेत्र में ग्लेशियरों के पिघलने और बादल फटने की घटनाओं को बढ़ा रहा है। लेकिन इसके साथ-साथ मानवीय गति. विधियां, विशेष रूप से अवसंरचना परियोजनाओं का गलत प्रबंधन, इन आपदाओं की तीव्रता को और बढ़ा रहा है।

हिमालई क्षेत्र की भूवैज्ञानिक संरचना अत्यंत नाजुक है। यह क्षेत्र टेक्टोनिक गतिविधियों के कारण भूकंपीय रूप से सक्रिय और भूस्खलन के लिए अतिसंवेदनशील है। फिर भी, चारधाम परियोजना जैसे बड़े पैमाने की सड़क निर्माण परियोजनाएं, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स और अनियंत्रित पर्यटन ने इस क्षेत्र की स्थिरता को और कमजोर किया है। उत्तरकाशी में चारधाम परियोजना के तहत धरासू-गंगोत्री खंड का चौड़ीकरण और हिना-टेखला के बीच प्रस्तावित बायपास, जिसमें 6,000 देवदार के पेड़ों को काटने की योजना है, पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है।

चारधाम परियोजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई कानूनी चुनौतियां सामने आई हैं, क्योंकि यह परियोजना पर्यावरणीय खतरों को बढ़ा रही है। विशेषज्ञों ने बार-बार चेतावनी दी है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पहाड़ों की कटाई, वनों की अंधाधुंध कटाई और नदी के किनारों पर निर्माण कार्य इस क्षेत्र को और अधिक अस्थिर बना रहे हैं। 2023 में सिल्क्यारा सुरंग प्रकरण ने भी यही दिखाया कि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के बिना परियोजनाओं को मंजूरी देना कितना खतरनाक हो सकता है।

इसी तरह, हिमाचल प्रदेश में शिमला के शोघी-धल्ली राजमार्ग परियोजना के लिए पहाड़ों की कटाई ने भूस्खलन के खतरे को बढ़ा दिया है। शिमला, जो कभी 30,000 लोगों के लिए बनाया गया था, अब 300,000 लोगों और लाखों पर्यटकों का बोझ सह रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अकेली सांझ, बदलते दौर में वृद्ध जीवन का एकाकीपन

**वीरेश तरार**



हमारे समाज में पीढ़ियों से सुनाई देने वाली कहावत धीयन ले गयो जमाई, बहुएं ले गई पूत, कहें कबीर सुनो भई साधौ, हम तो रह गए उत के उत, कभी हंसी-ठिठोली में कही जाती थी, लेकिन आज यह कई घरों की कड़वी सच्चाई बन गई है। पहले संयुक्त परिवार में रिटायरमेंट के बाद के दिन बच्चों की चहल-पहल, पोते-पोतियों की हंसी और पूरे घर की गर्माहट में गुजरते थे, लेकिन अब आर्थिक जरूरतों, रोजगार के केंद्रीकरण और जीवनशैली में बदलाव के कारण बेटा-बेटी अक्सर विदेश या बड़े शहरों में बस जाते हैं।

नतीजा यह है कि घर में रह जाते हैं केवल वृद्ध माता-पिता और उनके जीवन का संध्या काल जो एक खामोश और अक्सर उदास एकांत में कटने लगता है। यह अकेलापन सिर्फ शारीरिक नहीं, भावनात्मक और मानसिक दूरी का भी प्रतीक है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत में साठ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या अब 15 करोड़ से अधिक है और इनमें से लगभग 60 प्रतिशत ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में रहते हैं। 2011 की जनगणना में लगभग 35 प्रतिशत वृद्ध ऐसे पाए गए जो या तो अकेले रहते थे या केवल अपने जीवनसाथी के साथ। 2024 में एजवेल रिसर्च एंड एडवोकेसी सेंटर की एक रिपोर्ट में बताया गया कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले हर तीन में से एक वृद्ध को सप्ताह में एक बार से भी कम पारिवारिक संपर्क मिलता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या थोड़ी बेहतर है, लेकिन वहां भी आर्थिक और सामाजिक दूरी बढ़ रही है। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक एवं भावनात्मक स्थिति पर राष्ट्रीय सर्वेक्षणों ने चिंता के संकेत दिखाए हैं। दीर्घकालिक वृद्धावस्था अध्ययन (लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया) 2021 के अनुसार, 32 प्रतिशत वृद्धजन निम्न जीवन-संतुष्टि की शिकायत करते हैं और 70 प्रतिशत रोजमर्रा की गतिविधियों में दूसरों पर निर्भर हैं, जबकि 78 प्रतिशत के पास कोई पेंशन सुरक्षा नहीं है। इसी संदर्भ में एक हालिया सामाजिक रिपोर्ट बताती है कि भारत में लगभग 34 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक सामाजिक अलगाव का अनुभव करते हैं और 55 प्रतिशत बुजुर्ग व्यक्ति अक्सर अकेलापन महसूस करते हैं। यह आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि अकेलापन केवल भावनात्मक पहलू नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और स्वास्थ्य-संबंधी चुनौती बन चुका है। उत्तर प्रदेश में इस दिशा में सकारात्मक पहलें भी हो रही हैं, जो उदाहरणीय हैं। जैसे कि गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वरिष्ठ नागरिक दिवस और देखभाल केंद्र का उद्घाटन किया गया, जहां योग, स्वास्थ्य परामर्श, पुस्तकालय और क्रीड़ा जैसी सुविधाएं वृद्धों को उपलब्ध कराई जाती हैं, यह भारत में राज्य स्मार्ट सिटी पहल के अंतर्गत पहला केंद्र है। साथ ही, लखनऊ में एक संस्था आस्था होस्पिस एवं जेरियाट्रिक केयर सेंटर वृद्धों को नि:शुल्क चिकित्सा, वृद्ध-आश्रय और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे फैशन शो व गिविंग सैटरडे सम्मान अभियान जैसी पहलें प्रदान करती है, जो स्थानीय स्तर पर सामाजिक सहभागिता और गरिमा को बनाए रखने में सहायक हैं। कुछ और भी सकारात्मक



उदाहरण हैं , केरल के त्रिशूर जिले में स्कूलों ने ग्रैंडपैरेंट्स इन क्लासरूम नामक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक, सैनिक, किसान और कारीगर सप्ताह में एक दिन बच्चों को अपने अनुभव और कौशल सिखाते हैं। इससे न केवल बुजुर्गों का आत्मसम्मान बढ़ता है, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कृति, मेहनत और संघर्ष की वास्तविक कहानियों से परिचय होता है। तकनीक के क्षेत्र में भी समाधान की संभावनाएं हैं।

आज स्मार्ट डिवाइस, वॉयस असिस्टेंट, दरवाजे पर सेंसर-घंटी, और नेबर अलर्ट सिस्टम जैसे उपकरण कम खर्च में उपलब्ध हैं। बेंगलुरु में एक स्टार्टअप ने ऐसे वॉयस-एक्टिवेटेड सिस्टम बनाए हैं, जो गिरने या जोर से पुकारने की स्थिति में पड़ोसियों और परिजनों को तुरंत अलर्ट भेज देते हैं। दिल्ली के कुछ इलाकों में आरडब्ल्यूए ने मोहल्ला सुरक्षा योजना के तहत बुजुर्गों के घरों में हेल्थ अलार्म बटन और मोबाइल आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाए हैं, जिससे आपात स्थिति में मदद जल्दी पहुंचाई जा सके। यह भी सच है कि सभी समाधान सिर्फ सरकार या संस्थाओं से नहीं आएंगे। पड़ोसी और स्थानीय समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर मोहल्ले में महीने में एक बार वृद्ध मिलन दिवस मनाया जाए, जिसमें स्वास्थ्य जांच, योग सत्र, हंसी थेरेपी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तकनीकी प्रशिक्षण शामिल हों, तो न केवल बुजुर्गों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि सामाजिक ताना-बाना भी मजबूत होगा। लखनऊ के एक पार्क में सुबह-सवेरे ऐसे ही संगीत-संवाद सत्र होते हैं, जहां बुजुर्ग मिलकर पुराने गीत गाते हैं और दिनभर के लिए सकारात्मक ऊर्जा लेकर घर लौटते हैं। मुद्दा सिर्फ अकेलेपन का नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता का भी है। अगर यह पीढ़ी अपने अनुभव, लोककथाएं, जीवन-संघर्ष की कहानियां और नैतिक धरोहर अगली पीढ़ी तक नहीं पहुंचा पाई, तो पांच-दस साल बाद हमारे पास एक ऐसा समाज होगा जो अपनी जड़ों से कटा हुआ होगा। एक ऐसा भारत, जहां केवल आधुनिकता होगी, पर अतीत से जुड़ी संवेदनाएं और विरासत का भाव नहीं होगा। यह खतरा केवल सामाजिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक भी है।

इस पूरे प्रयास का सार यही है कि हम एक ऐसे समाज की ओर लौटें, जहां बुजुर्ग बोझ नहीं, बल्कि समाज की धरोहर समझे जाएं। यदि हम उन्हें केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामा. जिक रूप से भी संबल दें, तो वे अपनी सांस्कृतिक विरासत, अनुभव और मानवीय संवेदनाओं को अगली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं अन्यथा, आने वाले वर्षों में हम एक ऐसे भारत का सामना करेंगे जहां भावनाओं और रिश्तों का मूल्य कम हो जाएगा और यह हमारी सबसे बड़ी सांस्कृतिक हानि होगी। इसलिए समय है कि हम इसे केवल समस्या मानकर न छोड़ें, बल्कि समाधान की दिशा में ठोस और सामूहिक कदम उठाएं यही हमारे देश और समाज के भविष्य की रक्षा का सबसे सशक्त उपाय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा पर कब्जे के खिलाफ तुर्की लामबंद

## इजरायल के फैसले की निंदा की और कहा: सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए

**अंकारा/वाशिंगटन।** गाजा पर कब्जा करने की इजरायल की योजना के खिलाफ तुर्की उतर आया है। तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने इजरायल के फैसले कर निंदा करते हुए कहा कि सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। साथ ही इजरायल की योजना का वैश्विक स्तर पर विरोध किया जाना चाहिए। मिस्र ने भी इजरायल के फैसले की निंदा की।

हालांकि इजरायल ने गाजा में कब्जे की योजना से इनकार किया है। मिस्र में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती से मुलाकात के बाद तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने कहा कि यह इजरायल की नरसंहारकारी और विस्तारवादी नीतियों का एक नया दौर है। इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर उपाय करने की जरूरत है। इसलिए हमने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) को आपातकालीन बैठक के लिए बुलाया है। फिदान ने कहा कि इजरायल की नीति का उद्देश्य फलस्तीनियों को भुखमरी के जरिये उनकी जमीन से बाहर निकालना है।

साथ ही गाजा पर स्थाई रूप से हमला करना है। फिदान ने कहा कि मुस्लिम देशों के पास इजरायल का समर्थन करने का कोई बहाना नहीं है। वहीं मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती ने कहा कि यह भी बेहद खतरनाक है। यह न केवल फलस्तीनियों के लिए खतरा है बल्कि पड़ोसी देशों के लिए भी खतरनाक है। इजरायल की योजनाएं अस्वीकार्य हैं। गाजा पर तुर्की के साथ पूर्ण समन्वय है।



- इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गाजा पर कब्जे की योजना का राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया समर्थन
- इजरायली योजना का भारी विरोध भी हो रहा, कई सहयोगी देशों ने भी इसकी कड़ी आलोचना की है
- फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी इजरायल के गाजा पर कब्जे के प्लान का विरोध किया

### नेतन्याहू के फैसले का विरोध, इजरायल की सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की इजरायलके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने गाजा शहर पर कंट्रोल करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इजरायलकी इस योजना की दुनिया भर के संगठनों निंदा की है, अब इजरायल में ही इसको लेकर विरोध शुरू हो गया है। तेल अवीव और इजरायल के विभिन्न शहरों में हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारी एकत्रित हुए और उन्होंने गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए इजरायलकी ओर से नियोजित अभियान शुरू करने से पहले बंधक समझौते और युद्ध विराम समझौते की मांग की। बंधकों के परिवारों ने इस योजना के विरोध में आम हड़ताल का आह्वान किया है और चेतावनी दी कि यह उनके प्रियजनों के लिए मौत की घंटी होगी। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि पूर्ण सैन्य कब्जे से गाजा में बंदी बनाए गए फलस्तीनी नागरिकों और इजराइली बंधकों के लिए 'विनाशकारी परिणाम' हो सकते हैं। इजरायलमें ब्रिटेन के राजदूत ने कहा है कि यह 'एक बहुत बड़ी भूल' होगी।

उन्होंने ओआईसी मंत्रिस्तरीय समिति के इजरायल की योजना की निंदा के बारे में जानकारी दी। ओआईसी समिति ने कहा कि इजरायल की योजना एक खतरनाक और अस्वीकार्य वृद्धि, अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और अवैध कब्जे को मजबूत करने का प्रयास है। यह शांति के किसी भी अवसर को नष्ट कर देगा। ओआईसी ने वैश्विक शक्तियों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा है कि वे अपनी कानूनी और मानवीय जिम्मेदारियों को समझें। इजरायल की गाजा पर कब्जे की योजना को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करें। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए तत्काल जवाबदेही सुनिश्चित करें। हाल ही में इजरायली सुरक्षा परिषद ने गाजा पर कब्जे को मंजूरी दी थी। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कैबिनेट ने पांच सिद्धांतों को अपनाया है। इसमें हमास का निरस्त्रीकरण, शेष बचे सभी 50 बंधकों की वापसी, गाजा पट्टी का विसैन्ईकरण, गाजा पट्टी पर इजरायली सुरक्षा नियंत्रण और एक वैकल्पि वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गाजा पर कब्जे की योजना का समर्थन किया है। हालांकि इजरायल की इस योजना की आलोचना भी हो रही है।

यही वजह है कि ट्रम्प ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह इजरायल की योजना है न कि अमेरिका की। अमेरिका के एक मीडिया संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए समर्पित रहने की बात कही, लेकिन इजरायल के गाजा में ऑपरेशन की आलोचना भी नहीं की। हाल ही में अपने एक बयान में ट्रम्प ने इजरायल के गाजा प्लान पर कहा कि मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कह सकता, ये इजरायल पर निर्भर करता है। गौरतलब है कि गाजा पर कब्जे की इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की योजना को इजरायल सरकार की सुरक्षा परिषद भी मंजूरी दे चुकी है। हालांकि इजरायल की इस योजना का भारी विरोध भी हो रहा है। इजरायल के कई सहयोगी देशों ने भी इसकी आलोचना की है।



अहमदाबाद। स्वतंत्रता दिवस से पहले हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते लोग।

# अमेरिका ने अफगान के विदेश मंत्री का इस्लामाबाद दौरा रोका

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी हैसियत का अहसास कराया है और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा रोक दी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा तालिबान के नेताओं पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध में छूट को मंजूरी देने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को अपनी पाकिस्तान यात्रा टालनी पड़ी। इसके साथ ही अमेरिका ने दिखा दिया है कि भले ही वह दुनिया की दिखाए कि पाकिस्तान उसका सहयोगी देश है, लेकिन असल में अमेरिका, पाकिस्तान पर अपनी दादागिरी चलाता है और उसकी विदेश नीति को नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था। यह दौरा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत हो रहा था। इससे पहले पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार काबुल दौरे पर गए थे। इशाक डार के पाकिस्तान दौरे की व्यवस्था चीन ने की थी, उस दौरे पर ही अफगानिस्तानी विदेश मंत्री के पाकिस्तान दौरे पर सहमति बनी थी, लेकिन पाकिस्तान और चीन की इस पूरी कवायद पर अमेरिका ने पानी फेर दिया।

- अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था

# यूक्रेन का बंटवारा नहीं होने देंगे: जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जाएगा। एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि रूस के जमीन देकर नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण तरीके से जंग खत्म करके ही शांति आ सकती है।

जेलेंस्की ने कहा हम इस दूसरे बंटवारे की कोशिश को नाकाम करेंगे। हम रूस को जानते हैं। जहां दूसरा बंटवारा होगा, वहां तीसरा भी होगा। इसलिए हम अपनी पोजिशन पर डटे हैं। युद्ध का अंत शांति और मजबूत सुरक्षा ढांचे के साथ होना चाहिए। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसमें जंग खत्म करन पर बात होनी है। ट्रम्प पहले कह चुके हैं कि जंग खत्म करने के लिए कुछ इलाकों की अदला-बदली करनी होगी। ट्रम्प और जेलेंस्की ने 26 अप्रैल को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में वेटिकन मुलाकात की थी। रायटर्स के मुताबिक ट्रम्प इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय बातचीत भी करना चाहते हैं। वे इस बातचीत में पुतिन को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति के बीच आखिरी मुलाकात जून 2021 में हुई थी। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी। 4 साल बाद होने जा रही इस मुलाकात को लेकर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को बताया था, रूस ने ट्रम्प से मुलाकात की इच्छा जताई है। ट्रम्प पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मिलने को तैयार हैं।



- कहा: जंग खत्म करने के बदले जमीन नहीं देंगे
ट्रम्प ने कहा था: अदला-बदली करनी होगी

# काकेशस में प्रस्तावित कॉरिडोर को रोकेगा ईरान

## कहा: तेहरान 'रूस के साथ या उसके बिना' इस पहल को रोक देगा

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि वह अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में हुए शांति समझौते के तहत काकेशस में प्रस्तावित कॉरिडोर को रोकेगा।

इस समझौते को क्षेत्र के अन्य देशों ने स्थाई शांति लाने वाला बताया है, लेकिन ये ईरान के लिए एक बड़ी चिंता है। ईरान के सर्वोच्च नेता के एक शीर्ष सलाहकार अली अकबर वेलयाती ने कहा कि तेहरान 'रूस के साथ या उसके बिना' इस पहल को रोक देगा। इस पहल में शामिल आर्मेनिया का ईरान के साथ एक रणनीतिक गठबंधन भी है, लेकिन ट्रम्प की ओर से कराए गए सीजफायर के बाद इस दूरी आ सकती है। अमेरिका और तुर्की काकेशस क्षेत्र में लंबे समय से एक ट्रेड कॉरिडोर बनाना चाहते हैं। जिसके जरिए वह ईरान को बाइपास कर सकते हैं। वेलायती ने शांति समझौते में शामिल परिवहन गलियारे का जिक्र करते हुए कहा कि यह मार्ग ट्रम्प के भाड़े के सैनिकों के लिए प्रवेश द्वार नहीं बनेगा, यह उनका कब्रिस्तान बन जाएगा।

- अजरबैजान और आर्मेनिया समझौते के पीछे ट्रम्प कर रहे थे खेला

उन्होंने इस योजना को आर्मेनिया की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने के मकसद से एक 'राजनीतिक विश्वासघात' बताया है। व्हाइट हाउस में हुए अजरबैजान और आर्मेनिया समझौते की शर्तों में आर्मेनिया से होकर गुजरने वाले एक मार्ग के लिए खास अमेरिकी विकास अधिकार शामिल हैं जो अजरबैजान को नखचिवन से जोड़ेगा, जो एक अजरबैजानी परिक्षेत्र है और बाकू के सहयोगी तुर्की की सीमा से लगा हुआ है। यह स्वायत्त गणराज्य ट्रांस-काकेशियन पठार पर स्थित है। नखचिवन चारों तरफ से अर्मेनिया, ईरान और तुर्की के बीच फंसा है। ईरान ट्रांस-काकेशियन में प्रस्तावित ज़ंगेज़ुर कॉरिडोर के खिलाफ इसलिए हैं, क्योंकि यह उसकी भू-राजनीतिक, रणनीतिक, और आर्थिक हितों के लिए खतरा पैदा करता है। इसके बनने से उसका सीध आर्मेनिया से संपर्क टूट सकता है, जो उसका महत्वपूर्ण सहयोगी है। यह ईरान की क्षेत्रीय पहुंच को कमजोर करेगा। साथ ही हाल के समय में अजरबैजान और नखचिवान के बीच व्यापार और आवागमन के लिए ईरान का क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मार्ग है। कॉरिडोर बनने से यह रास्ता बाइपास हो जाएगा, जिससे ईरान का दक्षिणी काकेशस में रणनीतिक और आर्थिक प्रभाव कम हो जाएगा। ईरान को डर ये भी है कि यह कॉरिडोर अमेरिका और नाटो की सैन्य मौजूदगी को उसकी उत्तरी सीमाओं तक बढ़ा सकता है, जिसे वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता है।

## चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को 20 साल की कैद


**एन दजामेना।** चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को शनिवार को राजधानी एन' दजामेना की एक आपराधिक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई। चाड की आपराधिक अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के अनुसार मसरा को जनता को घृणा और शत्रुता के लिए उकसाने का दोषी पाया गया। उनके के वकीलों ने इस फैसले को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि वे इसके खिलाफ अपील करेंगे। मसरा को मई में सरकारी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने लोगों को हिंसा के लिए उकसाया था, जिसके कारण दक्षिण-पश्चिमी प्रांत लोगोन ऑक्सिडेंटल के मंडाकाओ गांव में हुई झड़पों में 42 लोग मारे गए थे।

# बलूचिस्तान में 47 उग्रवादी किए ढेर

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों में किया उग्रवादियों का सफाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान सीमा के पास बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिनों में कम से कम 47 उग्रवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना के जनसंपर्क विभाग (आईएसपीआर) ने शनिवार (9 अगस्त) को यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों ने 7-8 अगस्त की दरमियानी रात झोब जिले के संबाजा क्षेत्र में अभियान चलाकर 33 उग्रवादियों को मार गिराया।

इसके अलावा आईएसपीआर ने बयान में कहा कि 8-9 अगस्त की रात अफगानिस्तान सीमा से लगे संबाजा के आसपास के क्षेत्रों में एक अन्य अभियान में 14 उग्रवादी मारे गए। इस दौरान आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात सुरक्षा कारणों से मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं आगामी 31 अगस्त तक निलंबित कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि बलूचिस्तान सरकार के अनुरोध पर मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। बलूचिस्तान के गृह विभाग ने बीते 6 अगस्त को जारी एक अधिसूचना में कहा था कि प्रांत में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। सरकार के प्रवक्ता शाहिंद रिंद ने इसकी पुष्टि की थी। दरअसल पाकिस्तान 14 अगस्त को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है।



- 31 अगस्त तक मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गईं

ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि आतंकवादी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देकर आजादी के जश्न को बाधित करने की कोशिश कर सकते हैं। जिसकी वजह से प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। बीते गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए बम विस्फोट में करीब तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 13 अन्य घायल हो गए थे, जिसमें तीन पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जिला पुलिस अधिकारी ताहिर शाह के मुताबिक कि दक्षिण वजीरिस्तान जिले की वाना तहसील में एक टैक्सी स्टैंड के पास पुलिस गश्ती वाहन के पास विस्फोट हुआ।

# पाक को दो महीने में 127 करोड़ का नुकसान

- सिंधु समझौता रद्द करने के भारत के फैसले पर भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद किया गया था, रोजाना 150 फ्लाइट प्रभावित
- भारतीय एयरलाइनों को हर महीने 306 करोड़ का नुकसान, एक साल तक एयर स्पेस बंद रहा, तो एयर इंडिया को 600 मिलियन डॉलर नुकसान होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद करने से दो महीनों में 127 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि निलंबित करने के भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने संसद में बताया कि इस दौरान रोजाना लगभग 100 से 150 भारतीय उड़ानें प्रभावित हुईं। इससे पाकिस्तान को 24 अप्रैल से 30 जून के बीच 4.10 अरब पाकिस्तानी रुपये (लगभग 127 करोड़ भारतीय रुपये) का नुकसान हुआ। एयरस्पेस बंद करने का यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद लिया गया था। इस हमले में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाक रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घाटा होने के बाद भी भारतीय विमानों पर लगे प्रतिबंध हटाए नहीं जाएंगे और एयरस्पेस को अगस्त के आखिरी हफ्ते तक बंद रखा जाएगा। इसके बाद स्थिति को देखकर निर्णय लिया जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को पीएम आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की मीटिंग हुई थी। पाकिस्तान को 2019 में भी इसी तरह का प्रतिबंध लगाने से लगभग 451 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। वहीं, पाकिस्तान के प्रतिबंध के जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों के भारतीय एयरस्पेस में घुसने पर रोक लगाई हुई है। पाकिस्तानी मंत्रालय के मुताबिक, नुकसान होने के बावजूद पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी की कुल कमाई में बढ़ोतरी हुई है। 2019 में रोजाना औसत ओवरफ्लाइट (ऊपर से गुजरने वाले विमानों) से होने वाली कमाई 4.24 करोड़ रुपये थी, जो 2025 में बढ़कर 6.35 करोड़ हो गई। पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने के बाद 30 अप्रैल को एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय एयरलाइनों को हर महीने करीब 306 करोड़ रुपये से ज्यादा एक्स्ट्रा खर्च करने पड़ सकता है। एअर इंडिया ने अनुमान लगाया था कि अगर एक साल तक एयर स्पेस बंद रहता है, तो उसे 600 मिलियन डॉलर यानी करीब 5081 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख चार दिवसीय भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बातचीत के लिए 10 से 14 अगस्त तक भारत यात्रा पर हैं।

इस यात्रा का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना है। भारतीय सेना ने इस यात्रा को 'रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण' बताया और भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने और दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने में इसका उल्लेख किया। दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक स्थिर और नियम-आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट की भारत यात्रा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारतीय सेना की बढ़ती प्रतिष्ठा और सार्थक सहयोग के माध्यम से सामूहिक तैयारियों को आकार देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस यात्रा से परिचालन और रणनीतिक तालमेल को मज़बूत करने और क्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग के अगले चरण की नींव रखने की उम्मीद है।


- यात्रा का उद्देश्य हिंद प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना

# रूस के लिए जंग लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को मेडल

## पिछले साल यूक्रेन में मारा गया, मां अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर

**मास्को/वाशिंगटन।** यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस के लिए लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को राष्ट्रपति पुतिन ने मरणोपरांत आर्डर ऑफ लेनिन मेडल से सम्मानित किया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी युवक का नाम माइकल ग्लास (21) था। वह पिछले साल यूक्रेन में रूस की तरफ से लड़ते हुए मारा गया था। माइकल अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए की सीनियर अधिकारी जूलियन गलीना का बेटा था। गलीना सीआईए में डिजिटल इनोवेशन की डिप्टी डायरेक्टर हैं।



- माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था
- पुतिन ने 6 अगस्त को यह मेडल ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ को सौंपा

माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था। माइकल ने मास्को के रेड स्क्वायर से सेल्फी पोस्ट की थी और सोशल मीडिया पर यूक्रेन युद्ध को प्राक्सी वार बताते हुए पश्चिमी मीडिया को प्रोपगेंडा कहा था। रूसी मीडिया ने अप्रैल 2024 में उसकी मौत की खबर दी। पुतिन ने 6 अगस्त को यह मेडल ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ को सौंपा। सीआईए ने बयान कर जारी बताया कि माइकल मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा था। एजेंसी ने उसकी मौत राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं माना है। माइकल के पिता लैरी ग्लास अमेरिका के लिए इराक वार में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि, हमें डर था कि रूस में कोई उसकी मां की पहचान न जान ले और उसे राजनीतिक मकसद से इस्तेमाल करे। क्रेमलिन ने 'आर्डर ऑफ लेनिन' मेडल देने की बात आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं की है। यह सोवियत दौर का एक बड़ा नागरिक सम्मान है। अभी यह साफ नहीं है कि मेडल आखिर कहां गया। व्हाइट हाउस, सीआईए और विटकाफ ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर जूलियान जे. गालिना डिजिटल इनोवेशन की चीफ हैं। उन्हें इस पद पर जनवरी 2024 में नियुक्त गया है। गालिना ने अपने करियर की शुरुआत यूएस नेवल एकेडमी से की थी। यहां 1992 में वे ब्रिगेड ऑफ मिडशिपमेन की पहली महिला लीडर बनीं। 1846 में एकेडमी की स्थापना के बाद ऐसा पहली बार हुआ था। गालिना को क्रिप्टोलाजिक आफिसर के रूप में कमीशन किया गया और उन्होंने एक्टिव डयूटी तथा नेवी रिजर्व में सेवा दी।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108